हर खबर पर हमारी पकड़

# नजफगढ़ मैट्रो

नई दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र

वर्ष : 12, अंक : 80 , पृष्ठ : 12 | नई दिल्ली 16 मार्च से 30 मार्च 2024 | RNI NO. DELHIN/ 2009 28409 | मूल्य :- ₹5/



पुरुष टीम के साथ जो हुआ, उससे कोई संबंध नहीं है : मंधाना... 11



मुंबई मेट्रो के अंदर डांस करने को लेकर ट्रोल हुईं नोरा फतेही 12

## ख़ास ख़बर

### पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही शनिवार को देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कुमार ने चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए राजनीतिक दलों से प्रचार के दौरान मर्यादा बनाकर रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, मैं पार्टियों से व्यक्तिगत हमलों और अभद्र भाषा से परहेज करने का आग्रह करता हूं। भाषणों में किन सीमाओं का ध्यान रखना है यह परिभाषित है। आइए हम अपनी प्रतिद्वंद्विता में सीमाएं न लांघें। हमने राजनीतिक दलों के लिए एक परामर्श जारी किया है, उन्हें ऐसे राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो विभाजन करने के बजाय प्रेरित करता हो। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, किसी के भी खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का यदि कोई मामला होगा, भले ही कोई प्रख्यात राजनेता हो, हम चुप नही बैठेंगे। हम कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, पहले हम निंदा करते थे लेकिन अब हम कार्रवाई करेंगे।

### मतदाता सूची में कुल 88.4 लाख दिव्यांग मतदाता : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि मतदाता सूची में कुल 88.4 लाख दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव 2024 पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा, 40 प्रतिशत मानक विकलांगता वाले मतदाता घर से मतदान कर सकते हैं। साथ ही दिव्यांगों को मतदान के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में 88.4 लाख दिव्यांग लोग पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि देश में 97.8 करोड़ योग्य मतदाता हैं, जिनमें से 49.72 करोड़ पुरुष और 47.1 करोड़ महिलाएं हैं। कुल 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। मतों की गिनती 4 जून को होगी। साल 2019 में, 91 करोड़ मतदाताओं में कुल 62.63 लाख दिव्यांग पंजीकृत थे।

### चुनाव के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में राज्य पुलिस बलों के साथ-साथ 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मियों की तैनाती कर सकता है। पश्चिम बंगाल में सीएपीएफ के अधिकतम 92,000 कर्मियों को तैनात किए जाने की संभावना है, जहां सात चरणों में चुनाव होंगे। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर में 63,500 कर्मियों को तैनात किया जाएगा, जहां पांच चरणों में मतदान होगा। नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में 36,000 जवान तैनात किए जाएंगे, जहां तीन चरणों में मतदान होगा।

### महाराष्ट्र में निकाय चुनाव तत्काल कराए जाएं : अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने शुक्रवार को लंबे समय से राज्य में लंबित निकाय चुनावों को तत्काल कराने की मांग की। उल्लेखनीय है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी), राज्य के अन्य नगर निगमों और स्थानीय निकाय के चुनाव गत कई महीनों से लंबित हैं। शहरी विकास, आवास, जन स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए।

## मोदी ने कर्नाटक सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप



**एजेंसी / कलबुर्गी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह लूट में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजई बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं।

### वापसी का पूरा भरोसाः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा व्यक्त किया। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस गहरी खाई को भरने में बीते है।

## अधूरी हसरतों का इल्जाम हम पर लगाना ठीक नहीं : मुख्य चुनाव आयुक्त

**एजेंसी / नई दिल्ली**




मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़े तमाम सवालों एवं दावों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि वोटिंग मशीनें शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है और अब तो अदालतें जुर्माना भी लगाने लगी हैं। सीईसी के अनुसार, 40 बार इस देश की संवैधानिक अदालतों ने ईपीएम से जुड़ी चुनौतियों को देखा है...कहा गया था कि ईवीएम हैक हो सकती है, चोरी हो जाती है, खराब हो सकती हैं, नतीजे बदल सकते हैं...हर बार संवैधानिक अदालतों ने इसे खारिज कर दिया। अन्होंने कहा, अदालतों ने कहा कि इसमें वायरस नहीं हो सकता, छेड़छाड़ नहीं हो सकती...अब तो अदालत ने जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कुमार ने एक किताब दिखाते हुए कहा, थोड़ा पढ़ने की कोशिश करिए। हमारी वेबसाइट पर है...कोई भी विशेषज्ञ बन जाता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम के युग में कई छोटे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए, जबकि मतपत्रों के दौर में ऐसा नहीं था।

# लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक

## सात चरणों में संपन्न होगा चुनाव, चार जून को आएंगे परिणाम, उपचुनाव भी साथ ही होंगे

**एजेंसी / नई दिल्ली**




- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।
- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे।
- ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे।

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का प्रयास करेंगे, वहीं विपक्षी दल उनका विजय रथ रोकने के लिए पूरा दमखम लगाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके साथ ही आयोग ने घोषणा की कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। कुमार ने दो नए चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव भी होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर मतदान होगा। कुमार ने बताया कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीट पर मतदान होगा। सात मई को तीसरे चरण में, 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीट पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा। सातवें और अंतिम चरण में एक जून को आठ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा। कुमार ने बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके। कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाताओं की संख्या 1.8 करोड़ है, जो पहली बार मतदान करेंगे और मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और सौ साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं। कुमार ने बताया कि देशभर में मतदाता लिंगानुपात 948 है और 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्र होंगे और 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि आयोग हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा, हम पूरी तरह तैयार हैं और मैं मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि वे स्याही (मतदान वाली) लगवाएं। उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय चुनाव इस तरह से कराने का वादा करता है कि वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़े।

### बेहिसाब चंदे की जांच के लिए तंत्र बनाए जाने की जरूरतः राजीव

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बेहिसाब चंदे की जांच के लिए एक तंत्र बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि चंदा देने वालों की गोपनीयता को संरक्षण मिले और उन्हें परेशान न किया जाए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनावी बॉण्ड पर एक सवाल का जवाब देते हुए कुमार ने कहा, जहां तक चुनावी बॉण्ड का सवाल है, आयोग हमेशा पारदर्शिता के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में चीजों को छुपाने की कोई गुंजाइश नहीं है, इनकी जानकारी होनी चाहिए, हम सब पारदर्शिता के पक्षधर हैं। यह क्वायद का पहला भाग है..., देश को अब एक संस्थागत प्रणाली के माध्यम से समाधान ढूंढना होगा।

## कांग्रेस अपनी असफलता के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रही: अनुराग

**एजेंसी / हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनकी सरकार को अस्थिर करने के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पलटवार किया। ठाकुर ने कहा, कांग्रेस अपने परिवार को नहीं संभाल सकती और अपनी विफलताओं के लिए भाजपा को दोषी ठहरा रही है। हमीरपुर जिले के नादौन कस्वा में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य की जनता सुक्खू सरकार के जनविरोधी रुख से तंग आ चुकी है जबकि कांग्रेस विधायक सरकार की कार्य प्रणाली से तंग आ चुके हैं। इससे पहले, ठाकुर ने नशा मुक्ति अभियान के तहत नादौन विधानसभा क्षेत्र में एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## के. कविता को 23 मार्च तक ईडी की हिरासत

**एजेंसी / नई दिल्ली**




दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। ईडी ने दावा किया था कि कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं, जो 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति में एक बड़ी भूमिका निभाने की कोशिश कर रही थी। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है। ईडी ने आरोप लगाया है कि मामले के एक आरोपी विजय नायर को शरत रेड्डी, कविता और एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी द्वारा नियंत्रित साउथ ग्रुप से कम से कम 100 करोड़ रुपए की रिश्वत मिली और ए राशि आप नेताओं को देने के लिए नायर को दी गई। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा, हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे। केंद्रीय एजेंसी कविता (46) को कल शाम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार करके दिल्ली ले आई थी। सुनवाई के दौरान, वकील नितेश राणा के साथ कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी। वकील ने संघीय धनशोधन रोधी एजेंसी पर कविता को गिरफ्तार करते समय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने एजेंसी की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर कविता की याचिका पर 19 मार्च को होने वाली सुनवाई से पहले कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करने का निर्देश दिया था। हालांकि, ईडी ने कहा कि उसने उच्चतम न्यायालय सहित किसी भी अदालत के समक्ष ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

## गरीबों, पिछड़ों और किसानों के मसीहा थे स्व. वर्मा जीः प्रवेश वर्मा

- 81वी जंयती पर स्वाभिमान स्थल पर हवन व भजन कीर्तन का किया गया आयोजन

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ शिव कुमार यादव**



**घेवरा मोड़/नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा की 81वीं जयंती पर हजारों की संख्या में घेवरा मोड़ पर स्वाभिमान स्थल पंहुचे प्रशंसकों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि साहिब सिंह वर्मा जी दिल्ली देहात के गरीबों, पिछड़ों और किसानों के मसीहा थे। उन्होने अपना पूरा जीवन उनके हकों व उन्नति के लिए लगा दिया। इस अवसर पर हवन व भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। वहीं सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने अपने पूरे परिवार के साथ स्वाभिमान स्थल पर पंहुचकर अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। हवन के उपरान्त प्रवेश वर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा किसी एक वर्ग के नेता नही थे। उनके दिल में सदा दिल्ली देहात के लिए विशेष लगाव रहा है और वो हर स्तर पर ग्रामीणों व किसानों का जीवन सुधारने के लिए कार्य करते रहे। गांवों में फिर चाहे शिक्षा का मामला हो या फिर स्वास्थ्य का या फिर परिवहन और किसानों की समस्याओं पर वर्मा जी ने ग्रामीणों के लिए काम किया। उन्होने कहा कि हमने परे 10 साल वर्मा जी के सपनों को पूरा करने का प्रयास किया और आगे भी इसी तरह काम करते रहेंगे। वहीं कैप्टन अभिमन्यू ने कहा कि स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा दिल्ली देहात के एकमात्र ऐसे नेता थे जो दिल्लीवासियों को अपने परिवार की तरह मानते थे और सदा सभी के दुःख-सुख में खड़े रहते थे। उन्होने पिछली सरकारों में हुई देहात व किसानों की उपेक्षा को महसूस किया और फिर उनकी उन्नति के लिए काम किया। आज जो भी विकास गांवों में दिखाई देता है उसकी शुरूआत साहिब सिंह वर्मा जी ने ही की थी। हम सभी सदा उनके ऋृणी रहेंगे। इस अवसर पर दिल्ली देहात से नजफगढ़ निगम जोन के पूर्व चेयरमैन सत्यपाल मलिक, कुलदीप डागर, पार्षद बांके पहलवान, भाजपा युवा नेता संदीप शौकीन, संदीप सहरावत, रमेश शोखन्दा, भाजपा नेत्री वेदवती यादव, शालु सिंघल, जगबीर शौकीन दिचाउं, सुशील यादव, प्रीत घुम्मनहेड़ा, औमप्रकाश लाकड़ा, अनिल डागर व सुरेन्द्र सोलंकी के साथ-साथ दिल्ली के दूसरे हिस्सों से भी काफी संख्या में लोगों ने स्वाभिमान स्थल पंहुच कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी।

## कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लिए अस्तित्व की लड़ाई है यह चुनाव

**एजेंसी / नई दिल्ली**



देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पिछले दो लोकसभा चुनाव में हार के बाद वह एक बार फिर बेहद मुश्किल माने जा रहे चुनाव में उतर रही है। इस चुनाव में उसके सामने अस्तित्व बचाने की कड़ी चुनौती है क्योंकि एक बार उसका मुकाबला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली भाजपा से है। कुछ ऐसी ही चुनौती आम आदमी पार्टी, वाम दलों और कई अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए भी है। कांग्रेस का आजादी से पहले से लेकर पिछले दशक तक राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा दबदबा था, लेकिन कुछ वर्षों से वह लगातार सिमटती जा रही है। अब वह केवल तीन राज्यों - कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में अपने दम पर सत्ता में है। इस पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है कि क्या वह इंडिया गठबंधन की अगुवाई का दावा भी कर सकती है। केंद्र में मोदी के रहते पिछला दशक 138 साल पुरानी पार्टी के लिए बहुत मुश्किल भरा रहा। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए आवश्यक सीटें भी हासिल करने में विफल रही। कांग्रेस नेता पार्टी की गौरवशाली विरासत पर भरोसा करते हुए पतन के रुकने और फिर से खड़े होने की उम्मीद कर रहे हैं, हालांकि कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। पार्टी ने पिछले चुनाव में लड़ी गई 421 सीटों में से केवल 52 सीटें हासिल कीं, जिससे 2014 की तुलना में उसकी संख्या में थोड़ा सुधार हुआ जब उसने लड़ी गई 464 सीटों में से 44 सीटें हासिल की थी।

## चुनाव से अराजकता फैलाने की कोशिशें फिर से शुरू : आरएसएस

**एजेंसी / नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले, ‘किसान आंदोलन के बहाने अराजकता फैलाने की कोशिशें फिर से शुरू हो गई हैं। आरएसएस ने साथ ही कहा कि ‘अलगाववादी आतंकवादी’ ने इस आंदोलन के माध्यम से पंजाब में फिर से अपना बदसूरत सिर उठाया है। आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में ‘सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचार’ ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। संघ ने मणिपुर में जातीय संघर्ष पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे समाज के दो वर्गों- मेइती और कुकी के बीच ‘अविश्वास’ पैदा हुआ जो गहरे जख्मों का कारण बना।

खास ख़बर

## गौतम के बाद BJP के जयंत सिन्हा ने राजनीति को कहा अलविदा



**मानसी शर्मा।** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव जिम्मेदारियों से मुक्ति की मांग की है. शनिवार को एक ट्वीट में उन्होंने कहा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे अपने प्रत्यक्ष चुनाव कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।

आपको बता दें कि इससे पहले सांसद गौतम गंभीर ने भी ऐसा ही ट्वीट किया था और जेपी नड्डा से खुद को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की थी. उनके अनुरोध के कुछ ही घंटों बाद जयंत सिन्हा ने भी ट्वीट कर ऐसी ही मांग की है.

**जलवायु परिवर्तनमुद्दों पर करना चाहते है काम**

पर की गई अपनी पोस्ट में जयंत सिन्हा ने लिखा कि, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे अपने प्रत्यक्ष चुनाव कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने के अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा. मुझे पिछले दस वर्षों से भारत और हज़ारीबाग़ के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने लिखा, इसके अलावा, मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व द्वारा प्रदान किए गए कई अवसरों का आशीर्वाद मिला है। उन सभी को मेरा हृदय से आभार...जय हिन्द।

## भारत का एक और दुशमन खत्म, मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड



मानसी शर्मा। भारत के दुश्मनों का एक-एक कर नाश हो रहा है। हाल के दिनों में पाकिस्तान में छिपे बैठे कई आतंकियों का अंत हो चुका है। वहीं, अब पाकिस्तान के फैसलाबाद में लश्कर-ए-तैयबा के खुफिया प्रमुख आजम चीमा की दिल का दौरा पड़ने से मौत की खबर है। आजम चीमा 26/11 के आतंकी हमलों और जुलाई 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोटों के अलावा भारत में कई अन्य आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था।

आजम चीमा की मौत उस दौरान हुई है जब पाकिस्तान में पिछले कुछ महिनों से लश्कर-ए-तैयबा के कई गुर्गों की रहस्यमयी तरीके से मौत हुई है। कई लश्कर-ए-तैयबा के गुर्गों की हत्याओं के पीछे पाकिस्तान ने भारतीय एजेंसियों का होने का आरोप लगाया है। लेकिन भारत देश ने आरोप सिरे से खारिज किए हैं। आजम चीमा पाकिस्तान के बहावलपुर में 2000 के दशक की शुरुआत से पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। आजम चीमा को कई बार छह अंगरक्षकों के साथ एक लैंड क्रूजर में घूमते देखा जाता था। साल 2008 से चीमा पाकिस्तान के बहावलपुर में लश्कर कमांडर के तौर पर काम कर रहा था। आजम चीमा को लश्कर के वरिष्ठ पदाधिकारी जकी-उर-रहमान लखवी के संचालन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। बता दें, 26/11 के मुंबई हमलों में भर्ती के प्रशिक्षण के अलावा पूरे प्लान को पूरा करने का जिम्मा चीमा ने उठाया था।

# लोकसभा चुनाव-2024: भाजपा की पहली सूची जारी

**● पीएम मोदी, राजनाथ व स्मृति ईरानी समेत 34 मंत्रियों के साथ 195 उम्मीदवारों के नाम घोषित**



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर शनिवार को भाजपा की पहली लिस्ट जारी की गई। इनमें 195 प्रत्याशियों के नाम हैं। इनमें 28 महिलाएं, 47 युवा, 27 एससी, 18 एसटी और 57 ओबीसी प्रत्याशी हैं। पीएम मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेगें। ज्योतिरादित्य सिंधिया को एमपी के गुना से और शिवराज सिंह को विदिशा से टिकट दिया गया है। इस लिस्ट में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, दिल्ली की 5, जम्मू-कश्मीर की 2, उत्तराखंड की 3, अरुणाचल की 2, गोवा की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान की 1, दमन और दीव की 1 सीट शामिल हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है।

**भाजपा की पहली सूची में क्या खास?**

195 नामों का एलान
34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में
28 महिलाओं को मौका
47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है
27 नाम अनुसूचित जाति से
18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से
57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से

**किस राज्य से कितनी सीटों पर प्रत्याशियों का एलान?**

विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।

**किसे-कहां से टिकट देखे पूरी लिस्ट:-**

वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
अंडमान-निकोबार से विष्णुपदा रे
अरुणाचल वेस्ट से किरण रिजिजू
अरुणाचल ईस्ट से तापिर गाव

**असम**

करीमगंज से कृपानाथ मल्ला
सिलवर से परीमल शुक्ला वैद्य
आटोनोमस से अमर सिंह
गुवाहाटी से बिजुली कलिता मेदी
मंगलदोई से दिलीप सहकिया
तेजपुर से रणजीत दत्ता
नौगांव से सुरेश बोरा
कलियाबौर से कामाख्य प्रसाद तासा
जोरहाट से तपन कुमार गोगोई
ड्रिबूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल
लखीमपुर से प्रधान बरोआ

**छत्तीसगढ़**

सरगुजा से चिंतामणि महाराज
रायगढ़ से राधेश्याम राठिया
जाजगीर चंपा से कमलेश जांगड़े
कोरबा से सरोज पांडे
बिलासपुर से तोखन साहू
राजनंदगांव संतोष पांडे
दुर्ग से विजय बघेल
रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल
महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी
बस्तर से महेश कश्यप
कांकेर से भजराज नांद

## प्रज्ञा ठाकुर, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश साहिब को क्यों नहीं मिला टिकट



**मानसी शर्मा।** भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर चुकी है। इस लिस्ट में 195 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। लेकिन, इस लिस्ट में शामिल लोगों से (BJP First Candidate) ज्यादा चर्चा ऐसे नेताओं की है जिन्हें इसमें जगह ही नहीं मिली है। ऐसे नेताओं में भाजपा की फायरब्रांड नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा हैं। ये तीनों नेता ही वर्तमान में सांसद हैं, मगर भाजपा ने इनकी सीटों पर दूसरे नेताओं को टिकट दिया है। इस रिपोर्ट में जानिए भाजपा ने इन तीन नेताओं को फिर से मौका क्यों नहीं दिया और ऐसा करके वह देश की जनता को क्या संदेश देना चाहती है? अगर इन तीनों नेताओं के इतिहास को देखा जाए तो एक बात तीनों में (BJP First Candidate) कॉमन नजर आती है। तीनों ही नेता संसद के अंदर और बाहर अपने विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में रहे हैं। इन्हें टिकट न देने का फैसला भाजपा ने यह संदेश देने के लिए किया है कि पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करना चाहती है। इसके अलावा भगवा दल ने इस कदम से यह भी बताने की कोशिश की है कि किसी नेता या सांसद का कद कितना भी बड़ा हो चुनाव के दौरान वह उसी चेहरे पर भरोसा जताएगी जो पार्टी को जीत दिलाने का माद्दा रखता हो। कम से कम उसके उम्मीदवारों की पहली लिस्ट तो कुछ इसी तरह का संकेत दे रही है।

**क्यों कटा प्रज्ञा ठाकुर का टिकट?**

प्रज्ञा ठाकुर मध्य प्रदेश की भोपाल लोकसभा सीट से सांसद हैं। उनकी जगह भाजपा ने आलोक शर्मा को टिकट दिया है। प्रज्ञा ठाकुर मालेगांव बम विस्फोट मामले में एक आरोपी हैं। पिछले चुनाव में जब उन्हें टिकट दिया गया था तो इस पर खूब विवाद हुआ था। सांसद के तौर पर पांच साल के कार्यकाल के दौरान भी उनका नाम कई विवादों में आया। एक बार तो उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को देशभक्त कह दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि प्रज्ञा ठाकुर ने इसे लेकर माफी मांगी है लेकिन मैं पूरी तरह से उन्हें कभी माफ नहीं कर पाऊंगा। माना जा रहा है कि इन्हीं सब कारणों के चलते भाजपा ने इस बार उन्हें मौका नहीं दिया है। दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद रमेश बिधूड़ी पर भी भाजपा ने इस बार भरोसा नहीं जताया है। बिधूड़ी भी अपने विवादित बयानों के चलते चर्चा में रहे हैं। पिछले साल सितंबर में लोकसभा में चर्चा के दौरान उन्होंने अमरोहा से सांसद दानिश अली के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। इसे लेकर खूब विवाद हुआ था। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने भी इसे लेकर बिधूड़ी को सख्त लहजे में चेतावनी दी थी। हालांकि, बाद में उन्होंने माफी मांग ली थी लेकिन भाजपा की इस लिस्ट में उनका नाम न होना बताता है कि पार्टी उनके रुख और आचरण से संतुष्ट नहीं है। इसीलिए उनके स्थान पर इस बार दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने रामवीर सिंह बिधूड़ी को टिकट दिया है।

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। दो बार सांसद रहे प्रवेश वर्मा का सपोर्टर बेस काफी मजबूत माना जाता है। लेकिन विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में आने वाले प्रवेश वर्मा को इस बार टिकट नहीं दिया गया है। उनकी सीट से भाजपा ने कमलजीत सेहरावत को प्रत्याशी बनाया है। 2020 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शाहीन बाग में हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर वर्मा ने आपत्तिजनक बयान दिया था।

## उनके पास लोगों के लिए काम करने का समय नहीं था... आतिशी



मानसी शर्मा / - टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर सियासत की पिच से आउट हो गए हैं। गौतम गंभीर ने लोकसभा चुनाव के लिए टिकट कटने की अटकलों के बीच अपने अकाउंट पर पोस्ट किया है। पोस्ट करते हुए उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया। गौतम गंभीर ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सियासी दायित्व से खुद को मुक्त करने का आग्रह किया। इस पोस्ट के बाद गौतम गंभीर पर आम आदमी पार्टी हमलावर हो गई है।

## विश्व में आज मनाया जा रहा वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे, प्रधानमंत्री मोदी ने वन्यजीव प्रेमियों को दी बधाई

**मानसी शर्मा ।** हर साल 3 मार्च को विश्व भर में वाइल्डलाइफ डे मनाया जाता है. इसी क्रम में इस साल भी विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने वालों की सराहना की. हर साल वाइल्डलाइफ डे पर लोगों के जीवन और ग्रह पर वन्यजीवों की अनूठी भूमिकाओं और योगदान को मान्यता दी जाती है. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग (एक्स) पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'विश्व वन्यजीव दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों को शुभकामनाएं. यह हमारे ग्रह पर जीवन की अविश्वसनीय विविधता का जश्न मनाने और इसकी रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है. मैं उन सभी की भी सराहना करता हूं जो टिकाऊ प्रथाओं में सबसे आगे हैं और वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं.

इस वर्ष पहली बार मनाया गया वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे

बता दें कि साल 2014 में पहली बार वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाया गया था. वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व भर के जीव-जन्तुओं का संरक्षण है. वहीं इस वर्ष वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे का थीम 'लोगों और ग्रह को जोड़ना- वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज' है.

## पीएम मोदी ने बिहार को करोड़ों रुपये की सौगात



**मानसी शर्मा।** बिहार के औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यही हृष्ठ की पहचान है। हम काम की शुरुआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि बिहार ने एक बार फिर डबल इंजन की रफ्तार भी पकड़ ली है। इसलिए बिहार इस समय पूरे उत्साह में भी है और आत्मविश्वास से भी भरा हुआ है। आपके चेहरों की ये चमक बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरों पर हवाईयां उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज यहां करीब 21.5 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है। इन परियोजनाओं में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाएं हैं, इनमें रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम भी हैं और इनमें आधुनिक बिहार की मजबूत झलक भी है। पीएम मोदी ने कहा कि यही हृष्ठ की पहचान है। हम काम की शुरुआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंन कहा कि आज बिहार की धरती पर मेरा आना कई मायनों में खास है। अभी कुछ दिन पहले ही बिहार के गौरव कर्पूरी ठाकुर जी को देश ने भारत रत्न दिया है। ये सम्मान पूरे बिहार का सम्मान है।अभी कुछ ही दिन पहले अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा भी हुई है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं, तो स्वाभाविक है, सबसे ज्यादा खुशी माता सीता की धरती पर ही मनाई जाएगी।

## आज चुना जाएगा पाकिस्तान का नया PM



**मानसी शर्मा।** आज पाकिस्तान की संसद प्रधानमंत्री का चुनाव करेगी। National Assembly का सत्र भारतीय समयानुसार सुबह 11-30 बजे शुरू होगा। नवाज शरीफ की PML-N पार्टी और बिलावल भुट् टो की PPP पार्टी ने बहुमत हासिल करने के लिए मिलकर काम किया है। नवाज के छोटे भाई और पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को इस गठबंधन ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। साथ ही, इमरान खान के समर्थन वाले सांसद अब सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल पार्टी में शामिल हो गए हैं। इमरान खान की अस्वीकृति के बाद उन्होंने उमर अयूब को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है। ये पूर्व राष्ट्रपति और PTI के जनरल सेक्रेटरी अयूब खान के पोते हैं। 1965 में भारत-पाकिस्तान की जंग, राष्ट्रपति अयूब खान के कार्यकाल के दौरान हुई थी।

**इमरान समर्थक बोले- शाहबाज चुनाव में धांधली करके जीते**

जियो न्यूज ने बताया कि क्कक्र ह और PPP के अलावा इश्तेखाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और मुताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (MQM-P) भी शाहबाज शरीफ को समर्थन दे रहे हैं। इसके बाद, उनकी जीत लगभग निश्चित है। साथ ही, मौलाना फजल-उर-रहमान की पार्टी JUI-F चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री चुनाव को छोड़ देती है। उमर अयूब ने शाहबाज की उम्मीदवारी को लेकर संसद के नवनिर्वाचित स्पीकर अयाज सादिक पर सवाल उठाया। उनका आरोप था कि शाहबाज ने चुनाव में धांधली की वजह से जीत हासिल की है। यही कारण है कि वह प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं।

**पीएम पद की रेस में कौन?**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 72 साल के शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है।

उमर अयूब खान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उम्मीदवार हैं।

## Taj Hotel में स्टाफ की घिनौनी करतूत, बाथरूम में नहा रही महिला का बनाया वीडियो

**मानसी शर्मा।** सेक्टर-17 स्थित 5 स्टार होटल में ठहरी जम्मू-कश्मीर की महिला का नहाते हुए वीडियो बनाने का मामला सामने आया है. महिला की शिकायत पर पुलिस ने होटल के एक कर्मचारी के खिलाफ केस कर उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर पुलिस उसे जांच के लिए सीएफएसएल भेज रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि मोबाइल से वीडियो बनाया गया है या नहीं. आरोपी की पहचान होटलकर्मी अंशुल के रूप में हुई है. रविवार को आरोपी कर्मचारी को जमानत मिल गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने पकड़े जाने के डर से महिला का वीडियो डिलीट कर दिया. मोबाइल की फोरेंसिक एक्सपर्ट से जांच कराने के बाद साफ होगा की आरोपी ने वीडियो बनाया है या नहीं. सेक्टर-17 थाना पुलिस ने होटल के कमरे की ओर जाने वाले रास्ते और गैलरी में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की है ताकि यह पता लग सके कि शिकायतकर्ता महिला के कमरे में जाने वाला कोई और नहीं बल्कि पकड़ा गया आरोपी ही था. पुलिस ने हाउसकीपिंग में तैनात स्टाफ के बारे में पूछताछ की है कि घटना के वक्त किस कर्मचारी की ड्यूटी कहां थी. वहीं, सेक्टर-17 थाना पुलिस का कहना है कि उनके पास इस केस में पर्याप्त सबूत हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## लोकसभा चुनाव में आमने-सामने होंगे पवन सिंह और शत्रुघ्न सिन्हा



**मानसी शर्मा ।** शनिवार को बीजेपी ने लोकसभा चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी। और यह लिस्ट काफी चर्चाओं में बना हुआ है। क्योंकि इस लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट पर भोजपुरी स्टार पवन सिंह को टिकट दिया है। गौरतलब है कि आसनसोल सीट से ही ञ्जरूष्ट ने बिहारी बाबू कहे जाने वाले नेता शत्रुघ्न सिन्हा को टिकट दिया हुआ है। और अब ऐसे में इस सीट पर पूरी लड़ाई स्टार वार की देखी जा रही है। वहीं इस पर शत्रुघ्न सिन्हा की पहली प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है आपकी जानकारी के लिए अभिनेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि अगर ये सत्य है और इसकी ऑफिशियल घोषणा हो चुकी है तो ये तो उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है, इस बारे में वही लोग ज्यादा जानकारी दे पाएंगे। हमें तो अभी-अभी आप लोगों ने खबर दी है तो हमारे दिल में तो सबके लिए शुभकामना और शुभाशीष है। वहीं दूसरी तरफ आसनसोल में कई लोगों का ये भी मानना है कि उन लोगों ने जिस तरह से नामों की घोषणा की है, उनमें कई सारे नाम ऐसे हैं जिनको देखकर ऐसा लगता है कि वो अपना ही हित नहीं सोच रहे हैं। एक तरफ जहां पवन सिंह को पहली बार लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया है तो वहीं शुत्रुघ्न सिन्हा पहले से ही सांसद हैं। ऐसे में आसनसोल लोकसभा सीट पर भाजपा के लिए ञ्जरूष्ट के खिलाफ चुनाव जीत पाना आसान नहीं होगा। पवन सिंह के अलावा भारतीय जनता पार्टी ने भोजपुरी के कई अन्य सितारों को भी लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। जिसमें उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव और गोरखपुर से रवि किशन का नाम शामिल है।

**महागठबंधन** लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी को घेरने की व्यापक योजना है।

## गांधी मैदान में आज महागठबंधन की रैली



**मानसी शर्मा / -** आज महागठबंधन पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास रैली करेगा। इससे लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की ताकत दिखाई देगी। महागठबंधन की इस रैली में कांग्रेस, लेफ्ट और आरजेडी अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। रैली सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी राजा और आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी को घेरने की व्यापक योजना है। लालू यादव और तेजस्वी यादव बिहार में 17 महीने के मुकाबले 17 साल में किए गए कामों को गिनाएंगे। पटना जन विश्वास रैली के कारण यातायात व्यवस्था बदल गई है। सुबह छह बजे से गाड़ी डाकबंगला से गांधी मैदान नहीं जाएगी। सुबह छह बजे से रैली समाप्त होने तक यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। जानिए किस रूट पर जा सकते हैं और किस पर नहीं जा सकते। पासधारक और प्रशासनिक वाहनों के लिए डाकबंगला चौराहे से गांधी मैदान तक का रास्ता सुरक्षित रहेगा। डाकबंगला चौराहे से पूरब न्यू डाकबंगला, भट्टाचार्या मोड़ से राजेंद्र पथ की ओर सामान्य वाहनों को जाना होगा। पासधारक या प्रशासनिक वाहन ही न्यू डाकबंगला से एसपी वर्मा रोड और भट्टाचार्या चौराहा से उत्तर गांधी मैदान जा सकेंगे। गोविंद मित्रा रोड पर आम वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। पश्चिम गांधी मैदान की ओर भी आम गाड़ी ठाकुरबाड़ी मोड़ से नहीं जाएगी। आयुक्त कार्यालय के सामने से गांधी मैदान की ओर जाने वाले वाहनों को JP Ganga Road पर रखा जाएगा। पुराने बाइपास का उपयोग नहीं होगा। न्यू बाइपास से मीठापुर पहुंचते ही गाड़ी उचित पार्किंग स्थल पर लगेगी। चिरैयाटांड़ पुल से गाड़ी गांधी मैदान की ओर नहीं जाएगी। यहां से मीठापुर जाना होगा। तक्क्ष गोलंबर से कोतवाली थाना की ओर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यहां से गर्दनीबाग स्थित पार्किंग स्थल में जाकर पार्क किए जाएंगी गाड़ियां.

खास खबर

## वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी ने जीता 'झलक दिखला जा 11' शो का ताज



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** पॉपुलर रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी ने शो का ताज जीत लिया है। मनीषा ने शोएब इब्राहिम, सहित चार अन्य प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर ट्रॉफी पर कब्जा किया है। मनीषा को ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये नकद का भी पुरस्कार मिला है। मनीषा के कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को भी 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इतना ही नहीं, मनीषा और उनके कोरियोग्राफर को अबू धाबी के यस आइलैंड की मुफ्त यात्रा भी मिलेगी।

मनीषा ने शो के ग्रैंड फिनाले में ट्रॉफी थामे हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। मनीषा ने फोटो को कैप्शन के साथ लिखा कि ''सपने सच होते हैं। आज आपकी सराहना करना काफी नहीं है...बिहार के एक छोटे से गांव की एक लड़की ने एक बड़ा सपना देखा और पूरा भारत उस सपने को पूरा करने के लिए एकजुट हो गया। उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे झलक के सफर में इतना प्यार दिया और ट्रॉफी दी। मैं बस इतना ही कह सकती हूं, आपकी तारीफ में क्या कहें, आप हमारी जान बन गईं। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने अनोखे अंदाज में अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया।

## मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की 7 मार्च तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को कोई राहत नही मिली है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने दोनो की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने 17 फरवरी को दोनों की न्यायिक हिरासत आज तक के लिए बढ़ाई थी। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 17 फरवरी को कोर्ट ने आरोपितों के वकील से नाराजगी जताई थी और कहा था कि दस्तावेजों के मिलान के लिए 1 साल दिया था, वो अभी तक नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वेश मिश्रा के वकील ने कहा था कि ईडी ने सर्वेश मिश्रा को मामले में सरकारी गवाह बनने का ऑफर दिया था। आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि संजय सिंह के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। उसके बाद ईडी ने नए दस्तावेज जोड़ दिया। उन्होंने कहा था कि ईडी के हिसाब से कानून नहीं चलेगा। 3 फरवरी को ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को इस मामले के आरोपित सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

# 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

### आम जन के लिए जल्द खुल रहा द्वारका एक्सप्रेस वे, लोकसभा चुनाव का फूंकेंगे बिगुल

**नई दिल्ली/गुरूग्राम**



**शिव कुमार यादव/-** पिछले काफी समय से प्रतिक्षारत द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की तारीख अब सामने आ गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 11 मार्च को इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने जा रहे हैं। जिसे लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री शनिवार को गुरुग्राम भाजपा कार्यालय गुरुकमल में लोकसभा चुनाव के लिए गुरुग्राम विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों की घोषणा आगामी 11 मार्च के बाद होने की सम्भावना है। इससे पहले कई बड़े प्रोजेक्ट जनता को समर्पित किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेसवे है। कार्यालय के उद्घाटन के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन का मतलब यही है कि आज से पार्टी 100 फीसदी चुनावी मोड में आ गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश पैदा करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी को जीतनी हैं। हर कार्यकर्ता को अब चुनाव के कार्य में सक्रिय कर दिया गया है।

उपायुक्त निशांत यादव और शहर के पुलिस प्रमुख विकास अरोड़ा के नेतृत्व में टीमों ने 29 फरवरी को एक्सप्रेसवे का दौरा किया था। उद्घाटन से पहले, गुड़गांव प्रशासन और पुलिस की टीमों ने गुरुवार को द्वारका एक्सप्रेसवे का दौरा किया ताकि कार्यक्रम के लिए लॉजिस्टिक तैयारियां शुरू की जा सकें और सुरक्षा आवश्यकताओं का आकलन किया जा सके। गुड़गांव पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रशासन, पुलिस और एनएचएआई की टीमों ने उद्घाटन के लिए संभावित स्थलों, अस्थायी हेलीपैड के निर्माण और रैली के लिए पार्किंग स्थल की पहचान करने के लिए एक्सप्रेसवे का दौरा किया। हालांकि अभी यह तय नही है कि पीएम कहां से कहां तक के एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। द्वारका एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के लिए शनिवार को तारीख का ऐलान हो गया। पीएम मोदी 11 मार्च को द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि उन्होंने एक्सप्रेसवे को साफ करने, खंभों पर तिरंगा लगाने, फुटपाथों को रंगने और साइन लगाने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम सेक्शन वाहनों के लिए खुल जाएगा, लेकिन मुझे दिल्ली से संभावित कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी नहीं है क्योंकि चौमा गांव के पास टोल प्लाजा अभी तैयार नहीं है। दिल्ली सेक्शन को खोलने के फैसले के बारे में हमें अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है क्योंकि यह अभी भी निर्माणाधीन है।

**द्वारका एक्सप्रेस वे के बारे में**

लगभग 9000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा द्वारका एक्सप्रेसवे चार चरणों में बनाया जा रहा है। इनमें से चरण तीन दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर से बसई रोब तक और चार बसई रोब से एनएच-48 तक गुरुग्राम में हैं और इनकी लंबाई 19 किलोमीटर है। चरण एक (महिंपालपुर से द्वारका सेक्टर 21 तक) और दो (द्वारका सेक्टर 21 से दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर तक) दिल्ली में हैं और इनकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है। द्वारका एक्सप्रेसवे दिल्ली और गुड़गांव को जोड़ने वाला तीसरा सीधा रास्ता है, जो पहले से मौजूद एनएच-8 और मेहरौली-गुड़गांव रोड के बाद बनाया जा रहा है। यह एक 16 लेन का हाईवे होगा, जिसे हाई-स्पीड गाड़ियों के लिए बनाया जा रहा है और रास्ते में किसी भी तरह का ट्रैफिक सिग्नल नहीं होगा।

यह दिल्ली में शिव मूर्ति से शुरू होकर गुड़गांव में खेड़की दौला तक जाएगा। इस एक्सप्रेसवे का 18.9 किलोमीटर का हिस्सा गुड़गांव में और शेष 10.1 किलोमीटर दिल्ली में होगा। यह आधुनिक इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण होगा। इसमें 8 लेन की हाई-स्पीड सड़क, दोनों तरफ तीन-तीन लेन की सर्विस लेन, प्रमुख चौराहों पर कई अंडरपास और ऊपर से निकलने वाले रास्ते होंगे। साथ ही, द्वारका एक्सप्रेसवे नया गुड़गांव, द्वारका के सेक्टर 25 में बन रहे इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। यह 8 लेन की छोटी सुरंग के माध्यम से आईजीआई हवाई अड्डे के लिए एक वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगा। एक्सप्रेसवे की रणनीतिक स्थिति यह सुनिश्चित करती है

## पूर्व विधायक नफे सिंह राठी के दो हत्यारे गोवा से गिरफ्तार



**गोवा/चंडीगढ़/शिव कुमार यादव/-** हरियाणा के नफे सिंह राठी हत्याकांड केस में पुलिस को 8 दिन बाद बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। हरियाणा पुलिस ने दो हत्यारों को गोवा से गिरफ्तार किया है। फिलहाल, झज्जर पुलिस पूरे मामले में आज खुलासा करेगी। झज्जर के एसपी ने दोनो आरोपी शूटर सौरव व आशीष की गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी है। जानकारी के अनुसार, झज्जर पुलिस, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, हरियाणा एसटीएफ के जॉइंट ऑपरेशन में आरोपियों को गोवा के पकड़ा गया है। दोनो आरोपी कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सौरव और आशीष नांगलोई के रहने वाले हैं। आज सभी पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाना था। पुलिस ने इससे पहले, तीन आरोपी शूटर की तस्वीरें और एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। वहीं, हरियाणा पुलिस की एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल ने हरियाणा-पंजाब समेत गुवाहाटी गोरखपुर और नेपाल बॉर्डर के साथ लगते सभी एरिया में अपनी टीमें लगाई हुई थी। टेक्निकल और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गोवा में मौजूद है और वहां से दूसरी जगह निकलने की तैयारी में है। पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपी नेपाल के जरिए बाहर जाने की फिराक में थे। उधर, दो अन्य शूटर अतुल और नकुल के पीछे पुलिस लगी है। दोनों की भी जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है। इसके साथ ही ये भी खुलासा हुआ है कि दोनों शूटरों की गिरफ्तारी के बाद सुबह की फ्लाइट से पुलिस उन्हें लेकर बहादुरगढ़ आएगी। सोमवार दोपहर बाद ही दोनों आरोपियों को बहादुरगढ़ कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि लंदन में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान ने इस हत्याकांड की सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी ली थी। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पोस्ट में दाव किया गया है कि राठी की सांगवान के प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर से गहरी दोस्ती थी जिसकारण उसकी हत्या की गई। पुलिस ने अब तक 15 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

**कब हुआ था हत्याकांड**

हरियाणा के बहादुरगढ़ में 25 फरवरी 2024 को इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या कर दी गई थी। नफे सिंह राठी अपने काफिले के साथ जब जा रहे थे तो आरोपी चारों शूटर्स ने रेलवे फाटक पर घेरकर नफे सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां मारी थी। उनकी और उनके एक समर्थक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गए थे। तब से पुलिस को आरोपियों की तलाश थी।

## केजरीवाल की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की शर्त को ईडी ने ठुकराया






**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अब वह ईडी के सवालों के जवाब देने को तैयार हो गए हैं। इसके लिए केजरीवाल ने आज ईडी को अपना जवाब भेजकर बताया कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी के लिए तैयार हैं। लेकिन ने ईडी ने केजरीवाल की इस शर्त को ठुकरा दिया है। ईडी ने आबाकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में घिरे केजरीवाल को 27 फरवरी को 8वां समन भेजकर 4 मार्च को पेश होने के लिए कहा था। यह आठवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल अब तक एक भी समन पर ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने हर बार इन समन को 'अवैध' करार दिया है। इससे पहले उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय को भी पत्र लिखकर ये समन वापस लेने की मांग की थी। ईडी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का कोई नियम नहीं है।

**केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में होंगे शामिल**

आम आदमी पार्टी (आप) के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय को जवाब भेजा है। उन्होंने कहा कि समन गैरकानूनी है, लेकिन फिर भी वह जवाब देने को तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल ने ईडी से 12 मार्च के बाद की तारीख मांगी है। उसके बाद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल होंगे।

## शर्मनाक: स्पेनिश महिला से रेप करने वाले 3 दरिंदे गिरफ्तार, बाकि की तलाश जारी

### महिला की आपबीती सुन एनडब्ल्यूसी ने लिया संज्ञान, बताया शर्मनाक हरकत



**दुमका/झारखंड/शिव कुमार यादव/-** झारखंड के दुमका में भारत भ्रमण पर अपने पति के साथ आई स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से हड़कंप मच गया है। एक तरफ जहां खुद पीड़िता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घटना की जानकारी दी है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने भी जांच तेज करते हुए कुल सात आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है और बाकि आरोपियों की तलाश जारी है। इसकी जानकारी दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने देते हुए कहा कि अन्य चार लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी पुलिस की जा रही है। वही एनडब्ल्यूसी ने संज्ञान लेते हुए प्रशासन जल्द आरोपियों को पकड़ने व महिला व उसके पति को सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं। रविवार को तीनों आरोपियों को दुमका कोर्ट में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उन्हे पुलिस कस्टडी में भेज दिया। विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर रांची से एफएसएल की टीम दुमका पहुंची है। दुमका जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के उस घटनास्थल पर एफएसएल के टीम पहुंची जहां घटना को अंजाम दिया गया था। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यों को एकत्रित किया। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो को जारी कर पीड़िता को न्याय दिलाने की बात की जा रही है। दुमका दुष्कर्म की पीड़िता स्पेनिश महिला व उसके पति को प्रारंभिक उपचार के बाद फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल से देर शाम लगभग 6.30 बजे दुमका परिसदन में शिफ्ट कर दिया गया है। यहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्हें लाया गया है ताकि वो आराम से रह सकें। यहां महिला व पुरुष पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया है, ताकि अनावश्यक लोग उन तक न पहुंचें और उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। विदेशी महिला से गैंगरेप के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य कुरमाहाट पहुंची। घटनास्थल का मुआयना किया। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद महिला आयोग की सदस्य ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मामले की जानकारी लेकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार और पीड़ित महिला को सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए। महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने बताया कि घटना को लेकर जिले के डीसी और एसपी से मामले की जानकारी ली गई है. महिला आयोग अपने स्तर से मामले की हर एंगल से जांच कर रही है. आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा. इस बीच स्पेनिश दंपत्ति को हॉस्पिटल से परिसदन में शिफ्ट किया गया है, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है.

## पीएम मोदी ने शुरू की चुनावी पारी, 10 दिनों में करेंगे 12 राज्यों व यूटी का दौरा




**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर पीएम मोदी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गए है। जिसके लिए वह सोमवार से अपनी चुनावी पारी शुरू करते हुए 12 राज्यों व यूटी का दौरा आरंभ कर दिया है। इस दौरान पीएम मोदी अपने 10 दिवसीय दौरे में 29 कार्यक्रमों में भाग लेकर जनता को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज तेलंगाना का दौरा करेंगे, जहां वह आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह तमिलनाडु के कलपक्कम जाएंगे, जहां वह भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे और चेन्नई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। वहां से प्रधानमंत्री हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

**5 मार्च को यहां के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

दूसरे दिन प्रधानमंत्री कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उसके बाद एक सार्वजनिक संबोधन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा जाएंगे जहां वह चंडीखोल में एक सार्वजनिक संबोधन के बाद जाजपुर के चंडीखोल में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वहां से पश्चिम बंगाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**6 मार्च को यहां के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी 6 मार्च ममता बनर्जी के गढ़ पश्चिम बंगाल में होंगे। जहां करोड़ों रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड मेट्रो खंड सहित 15,400 करोड़ रुपये और बारासात में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री बिहार की ओर रवाना होंगे और बेतिया में 12,800 करोड़ परियोजनाओं की लोगों को सौगात देंगे।

**7 मार्च को यहां के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

7 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी पूर्ववर्ती राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर रहेंगे। जहां उनका श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा होगी। हालांकि, उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए पिछले महीने जम्मू का दौरा किया था। बाद में वह नई दिल्ली में एक मीडिया कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**8 मार्च को यहां के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री 8 मार्च को दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में भाग लेंगे। जिसकी घोषणा उन्होंने लोगों के लिए अपने मासिक रेडियो संबोधन मन की बात के नवीनतम एपिसोड में की थी।

## पीएम मोदी ने शहबाज शरीफ को दी बधाई

**मानसी शर्मा।** तकरीबन 22 महीने बाद PMLA-N के नेता शहबाज शरीफ ने एक बार फिर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। हालांकि अब देखना है कि क्या भारत के साथ पाकिस्तान का रिश्ता पहले से बेहतर होगा या नहीं। वहीं आपको बता दें, कि पीएम मोदी ने शहबाज शरीफ पाकिस्तान के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई दी है।

दरअसल, बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के पीएम पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। वहीं इससे पहले भी अप्रैल, 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब पीएम मोदी ने इंटरनेट मीडिया साइट एक्स पर उन्हें बधाई दी थी। तब मोदी ने कहा था कि भारत इस पूरे क्षेत्र में शांति व आतंकवाद मुक्त स्थिरता चाहता है।

**विदेश मंत्रालय की ओर से कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं हुआ है**

बताया जा रहा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने देर शाम खबर लिखे जाने तक पाकिस्तान की नई सरकार को लेकर प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। साथ ही पड़ोसी देश में नई सरकार के गठन पर तुरंत इंटरनेट मीडिया पर बधाई देने वाले पीएम नरेन्द्र मोदी की तरफ से भी कोई संदेश जारी नहीं किया गया है।

**घोषणा** बागपत सीट से चारू चौधरी लड़ेंगी चुनाव!, बिजनौर में गुर्जर पर आरएलडी खेल सकती है दांव

## लोकसभा चुनाव को लेकर आरएलडी में मंथन, जयंत चौधरी का पुख्ता प्लॉन



**बागपत/यूपी/शिव कुमार यादव/-** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा के साथ हुए गठबंधन की औपचारिक घोषणा के बाद आरएलडी ने बिजनौर व बागपत सीट पर उम्मीदवारों को लेकर मंथन शुरू का दिया है। यह बात और है कि गठबंधन से पहले बागपत सीट पर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी स्वयं खुद चुनाव लड़ना चाह रहे थे लेकिन अब उन्होने अपने पिता व दादा की कर्मभूमि से अपनी पत्नी चारू चौधरी को चुनाव मैदान में उतार सकते हैं जिसकी सबसे ज्यादा उम्मीद भी जताई जा रही है। लेकिन अब वह खुद राज्यसभा सदस्य बने रहना चाहते हैं। बागपत लोकसभा सीट पर वर्ष 1998 को छोड़कर 2014 तक लगातार चौधरी चरण सिंह परिवार का कब्जा रहा है। वर्ष 1977 में चौधरी चरण सिंह पहली बार यहां से लोकसभा चुनाव लड़कर जीत दर्ज करते रहे। उनके बाद वर्ष 1989 में उनके बेटे चौधरी अजित सिंह ने यहां से जीत दर्ज की तो वह 1997 तक सांसद रहे। वर्ष 1998 में जरूर उलटफेर हुआ और सोमपाल शास्त्री ने उनको हरा दिया। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए चुनाव में चौधरी अजित सिंह ने फिर जीत दर्ज करते हुए वर्ष 2014 तक लगातार कब्जा जमाए रखा। उसके बाद भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह ने उनको हराया और यह सीट दो बार से लगातार भाजपा के पास है।

इस तरह ज्यादातर इस सीट पर जयंत के परिवार का कब्जा रहा और इसलिए ही बागपत को उनकी पैतृक सीट माना जाता है। इसको देखते हुए यहां से जयंत अपनी पत्नी चारू चौधरी को चुनाव में उतार सकते हैं। रालोद नेताओं के अनुसार अगर चारू चुनाव नहीं लड़ती हैं तो यहां से किसी पुराने जाट नेता को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। रालोद में फिलहाल इस पर ही मंथन शुरू हो गया है।

**बिजनौर से गुर्जर पर खेल सकते हैं दांव**

रालोद के खाते में दूसरी सीट बिजनौर लोकसभा है। वहां के प्रत्याशी को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है। यह माना जा रहा है कि बागपत सीट पर गुर्जर वोटर काफी है तो बिजनौर सीट पर भी काफी गुर्जर वोटर हैं। ऐसे में बागपत से जाट प्रत्याशी को उतारने के साथ ही बिजनौर से गुर्जर पर दांव खेला जाएगा। जिससे दोनों सीटों पर गुर्जरों को साधा जा सके।

खास ख़बर

## ‘तेलंगाना को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहा जा सकता है’ तेलंगाना में बोले पीएम मोदी



**मानसी शर्मा/ तेलंगाना।** तेलंगाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटकेसर और लिंगमपल्ली के बीच एमएमटीएस सुविधा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज 140करोड़ देशवासी विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं और विकसित भारत के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का होना उतना ही जरूरी है इसलिए इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11लाख करोड़ रुपए दिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। तेलंगाना को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहा जा सकता है। रेलवे के विद्युतीकरण पर काम किया जा रहा है। 6नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन विकासों का तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि घटकेसर और लिंगमपल्ली के बीच एमएमटीएस ट्रेन सर्विस को हरी झंडी दिखाई गई। इससे हैदराबाद और सिंकदराबाद के कई और इलाके आपस में जुड़ जाएंगे। इससे दोनों शहर के बीच ट्रेन यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।

## पीएम मोदी को मिली जान से मारने की धमकी

**मानसी शर्मा / –** लोकसभा चुनाव काफी करीब हैं। पीएम मोदी हर दिन रैलियां कर रहे हैं। इसी बीच पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें ये धमकी कर्नाटक के एक शख्स ने दी है उस शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दरअसल, मोहम्मद रसूल नाम के शख्स ने ये धमकी सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड की है। वीडियो में वह तलवार लहराते नजर आ रहा है और कह रहा है कि अगर कांग्रेस की सरकार केंद्र में आई तो वो पीएम मोदी को मौत के घाट उतार देगा।

एएनआई ने कर्नाटक में यदगिरी पुलिस के बयान के हवाले से बताया कि इस मामले में सुरपुर पुलिस थाने में मोहम्मद रसूल कद्दरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, शख्स ने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो अपलोड किया जिसमें उसने पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी दी थी। IPC के सेक्शन 505 (1)(बी) और आर्म्स एक्ट के तहत FIR दर्ज की गई है। सुरपुर पुलिस इसके अलावा अलावा आरोपी की तलाश में जुटी है और इसी सिलसिले में हैदराबाद सहित कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है।

बीजेपी के नेता ने कही ये बात

वहीं इस मामले में बीजेपी के नेता और सीनियर एडवोकेट नलिन कोहली ने एएनआई से बताया कि, पीएम मोदी को दी गई इस धमकी से यह दिखता है कि कर्नाटक में ऐसे तत्व उजागर होने लगे हैं जो पाकिस्तान जिंदाबाद कहना चाहते हैं, जो पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी देते हैं और जो वहां के रेस्टोरेंट में बम डालकर भाग जाते हैं।

# कुंवारी कन्याओं के लिए महाशिवरात्रि का पर्व महत्वपूर्ण?

● इस दिन मां पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था।



**नई दिल्ली/सिमरन मोरया।** शिवरात्रि का त्यौहार हर शिव भक्तों के लिए बेहद ही प्रिय होता है। प्रत्येक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि होती है। लेकिन फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि महाशिवरात्रि के रूप में मनाई जाती है। इस दिन मां पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ था। 2024 में महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जाएगी।

हिंदू धर्म में यह पर्व बहुत ही महत्व रखता है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन किए गए व्रत और शुभ कार्य सफल होते हैं। यदि किसी भक्त की इच्छा पूर्ण नहीं हो रही है तो वह महाशिवरात्रि के दिन पूरी श्रद्धा से व्रत करता है या करती है तो उसकी इच्छा अवश्य पूर्ण होती हैं। कथाओं में महाशिवरात्रि का दिन मां पार्वती और भगवान शिव के विवाह का दिन है। आगे जाने महाशिवरात्रि का पर्व कुंवारी कन्याओं के लिए कैसे खास बन सकता है। कुंवारी कन्याओं के लिए- जो कन्या अविवाहित होती हैं, उनके लिए महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही प्रिय और पवित्र होता है। इस दिन कुंवारी कन्याओं को पूरी श्रद्धा से शिव की आराधना करनी चाहिए। माना जाता है कि अगर किसी कन्या के विवाह में अड़चन आ रही है यह संपूर्ण नहीं हो रहा है तो उसे महाशिवरात्रि का पर्व करना चाहिए। भगवान शिव हर उस कन्या की इच्छा पूर्ण करते हैं जो अविवाहित होती है और उनकी आराधना सच्चे मन से करती हैं। इस दिन कन्या को भगवान शिव पर बेलपत्र,धतूरा, चंदन,पुष्प, फल, शहद, दूध, और मिठाई आदि चीज़े अर्पित करके पूजा करनी चाहिए। कन्याओं को पूजा के दौरान मंत्र का भी उच्चारण करना चाहिए। शिवरात्रि के दिन ÷? ऐं ह्रीं शिव गौरीमव ह्रीं ऐं ?÷ कन्याओं को इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिए। कहा जाता है कि भगवान शिव इस मंत्र के उच्चारण से आपके मन की हर एक इच्छा पूर्ण करते हैं।

## द्वारका जिला पुलिस ने भगोड़े अपराधी को पहुंचाया सलाखों के पीछे




**द्वारका/नई दिल्ली/सिमरन मोर्या/ –** द्वारका जिला पुलिस की एटीएस टीम द्वारा कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी व्यक्ति अपनी वारदातों को अंजाम देने के बाद स्थान बदलकर रहता था। द्वारका जिला डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि एटीएस टीम को एक आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जो खुद पर लगे मुकदमों से बचने के लिए स्थान बदलकर रहता था। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सहित एटीएस कमलेश कुमार, एटीएस प्रभारी, एचसी राजेश कुमार और एचसी संदीप की देखरेख में किया गया। टीम ने आरोपी व्यक्ति अमित मकान को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र में गुप्तमुखबिरों को काम पर लगाया और सूचना एकत्रित करने के आदेश दिए। गुप्त सूचना मिलने पर एटीएस टीम ने बताए गए स्थान का दौरा किया और पता लगा कि आरोपी व्यक्ति वर्तमान में सी-01 जनकपुरी में रह रहा है। पुलिस ने घोषित आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर अमित माकन ने खुलासा किया कि वह पीर बाबा रोड, ओम विहार फेस-5, उत्तम नगर निवासी है और उस पर हो रहे मुकदमे से बचने के लिए स्थान बदलकर रहता था, ताकि पुलिस उसे पकड़ ना ले। अमित मकान की गिरफ्तारी के बाद उसे पुलिस रिमांड के लिए भेजा गया और टीम आरोपी व्यक्ति से पूछताछ कर रही है अन्य कई अपराधों का खुलासा होने की संभावना बता रही है।

## होलिका दहन की कहानी, सदियों से क्यों जलती आ रही है होलिका और प्रह्लाद की प्रतीमा?



**नई दिल्ली/सिमरन मोरया।** हिंदू पंचांग के अनुसार होली का त्योहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। भारत वासियों के लिए होली का त्यौहार बाकी कई त्योहारों से प्रमुख है। होली के त्यौहार को सभी बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं इस दिन लोग अपने घरों में नाच गाना करते हैं ढोल बजाते हैं। होली के दिन मां अपने परिवार और बच्चों के लिए निम्न प्रकार के पकवान बनाती है। हिंदुओं के लिए होली का पर्व बेहद ही प्रिय और रंगों से भरा होता है। इस दिन लोग सभी को होली के पर्व की शुभकामनाएं देते हैं और उनके अच्छे भविष्य की कामना करते हैं। होली का त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है जो लोगों में हो रहे मन-मुटाव को खत्म कर देता है और उनके जीवन में खुशियाली भर देता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होली से एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है। **होलिका दहन की कहानी–** राजा हिरण्यकश्यप के घर में एक कोमल से लड़के ने जन्म लिया उसका नाम था प्रहलाद। हिरण्यकश्यप बहुत ही घमंडी और अकड़ू स्वभाव के थे। वह खुद से बढ़कर किसी को भी नहीं मानते थे। वे भगवान में विश्वास नहीं करते थे परंतु उनका पुत्र प्रहलाद भगवान का बहुत बड़ा भक्त और विष्णु भगवान में आस्था रखता था। प्रहलाद की भगवान में भक्ति और आस्था हिरण कश्यप को अच्छी नहीं लगती थी उन्होंने प्रहलाद को बहुत बार समझाया कि वह विष्णु भगवान के पूजा करनी छोड़ दे लेकिन प्रहलाद ने ऐसा नहीं किया, क्योंकि उनके तो रोम-रोम में विष्णु नाम बसा है। अपने पिता के इतना मना करने पर प्रहलाद नहीं माने तो हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को सबक सिखाने का सोचा। उसने अपनी बहन होलिका की मदद ली। होलिका को भगवान शिव से वरदान के रूप में एक चादर मिली थी जो होलिका को अग्नि मैं जलते नहीं देती। इसी वरदान का फायदा उठाने के लिए राजा हिरण्यकश्यप और उनकी बहन होलिका ने सोचा वह प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाएगी जिससे प्रहलाद जलकर भस्म हो जाएगा। परंतु भगवान विष्णु की कृपा से वह चादर उड़कर प्रहलाद के ऊपर आ गई और होलिका जलकर राख हो गई और प्रहलाद बच गया। तब से होलिका पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

## 5 लोगों को क्यों हुई खून की उल्टियां? गुरुग्राम रेस्टोरेंट कांड



**मानसी शर्मा ।** हरियाणा के गुरुग्राम से एक हैरान कर देने वाला मामला आया जहां एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद पांच लोगों की तबीयत खराब हो गई। पांचों लोगों के मुंह से खून की उल्टियां होने लगीं इसके साथ ही उनका गला जलने लगा। आनन-फानन में सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दावा ये किया गया कि खाने के बाद उन लोगों को माउथ फ्रेशनर दी गई थी लेकिन रेस्टोरेंट के मैनेजर का कहना है कि उन गेस्ट को खाने के बाद मिश्री दी गई थी। लेकिन अब जो शिकायत दर्ज की गई है वो कुछ और ही कहानी कह रही है।

पीड़ित परिवार ने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्हें खाने के लिए मिश्री नहीं दी गई लेकिन ड्राई आइस दी गई जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। दरअसल, 2 मार्च को अंकित, नेहा, मानिक गोइंका , प्रितिका, दीपक और हिमानी गुरुग्राम के सेक्टर 90 के रेस्टोरेंट में खाना खाने आए थे। उनके साथ में एक पांच साल का बच्चा भी था।

**पीड़ित परिवार ने लगाए आरोप**

पीड़ित परिवार का कहना है कि खाना खाने के बाद जो चीज उन्हें बतौर माउथ फ्रेशनर दी गई उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई जब रेस्टोरेंट के कर्मचारियों से उन्होंने पूछा कि क्या खाने को दिया तो उन्होंने एक पॉलीथिन का पैकेट उनके सामने रख दिया गया। उन्होंने कहा, जब लोग उल्टियां कर रहे थे, तो रेस्टोरेंट के कर्मचारी चुप होकर देख रहे थे, किसी ने कोई मदद नहीं की। दूसरी तरफ, गुरुग्राम कैफे के मैनेजर का कहना है कि रात के 10 से 11 के बीच गेस्ट आए थे, सभी ने डिनर किया। जाते समय गेस्ट ने मिश्री मांगी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता अंकित ने बताया कि तीन अब भी अस्पताल में भर्ती हैं।

## APPLE को लगा तगड़ा झटका, यूरोपीय संघ ने कंपनी पर लगाया 1.8 बिलियन यूरो का जुर्माना



**मानसी शर्मा।** दिग्गज टेक कंपनी एप्पल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, यूरोपीय संघ ने एप्पल पर 1.8 बिलियन यूरो यानी की करीब 1.95 बिलियन डॉलर का जुर्माना है। अगर भारतीय रुपयों में देखा जाए तो ये रकम 16,168करोड़ रुपये से ज्यादा होती है। कंपनी पर ये जुर्माना इसलिए लगाया गया है क्योंकि एक जांच में ये बात निकल के आई है कि स्पॉटिफाई जैसी म्यूजिक स्ट्रीमिंग सर्विस से उनकी कंप्टीशन काफी सीमित थी। यूरोपियन कंप्टीशन कमिशनर, मार्ग्रेथ वेस्टेगर ने अपने बयान में कहा है कि छोटा जुर्माना पार्किंग जुर्माने के बराबर से ज्यादा कुछ नहीं होगा जबकि 1.8बिलियन यूरो का डिजाइन इसलिए तैयार किया गया है जिससे दोबारा एप्पल या उनकी जैसी कंपनी ऐसी चीजों को ना दोहराए। मार्ग्रेथ वेस्टेगर ने कहा, मुझे लगता है कि यह देखना काफी महत्वपूर्ण है कि अगर कोई प्रभावशाली कंपनी कुछ अवैध करती है, तो उसे दंडित किया जाएगा। हम ऐसे मामलों में अपना संकल्प दिखाना चाहते हैं। मार्ग्रेथ वेस्टेगर ने आगे कहा कि, एप्पल की इन प्रतिस्पर्धा-विरोधी नियमों के कारण आम लोगों को म्यूज़िक स्ट्रीमिंग सर्विस के लिए जरूरत से ज्यादा पैसों का भुगतान करना पड़ा। उन्होंने कहा, के नियमों से ग्राहकों को नुकसान हुआ।

महत्वपूर्ण जानकारी को रोक दिया गया ताकि ग्राहक सभी जानकारियों के साथ उपयोग न कर सकें या सूचित विकल्प न चुन सकें। इसी वजह से कुछ ग्राहकों ने अधिक भुगतान किया होगा क्योंकि उन्हें पता नहीं था कि ऐप के बाहर सदस्यता लेने पर उन्हें कम भुगतान करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जुर्माना एप्पल के वैश्विक कारोबार का 0.5त्न हिस्सा है। दरअसल, एप्पल पर जो जुर्माना लगाया गया है कि वो उम्मीद के अनुसार 4 गुना ज्यादा है, क्योंकि यूरोपिय संघ यह दिखाने का प्रयास करता है

## अपवित्र है अयोध्या का राम मंदिर, हिंदू नहीं करें पूजा- रामेंदु सिन्हा रॉय

**मानसी शर्मा ।** TMC विधायक रामेंदु सिन्हा ने राम मंदिर को लेकर एक विवादित बयान दिया है। बता दें, उन्होंने राम मंदिर को अपवित्र स्थान बताया है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी हिंदू को पूजा के लिए राम मंदिर नहीं जाना चाहिए। जिसके बाद से अब राजनीति के गलयारों में इस बयान पर रामेंदु सिन्हा रॉय बवाल छिड़ गया है। यहा तक की उनकी गिरफ्तारी की मांग भी उठने लगी है।

वहीं बंगाल बीजेपी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रामेंदु सिन्हा पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर किया। जिसमें लिखा, ‘मैं न केवल उनके इस अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा करता हूं।

## जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने का मामला, NIA की बड़ी कार्रवाई, 7 राज्यों में छापेमारी




**मानसी शर्मा / –** बेंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए 7 राज्यों के 17 इलाकों पर तलाशी की कार्रवाई कर रही है. मंगलवार सुबह से ही बेंगलुरु और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों में छापा मारा जा रहा है. द्वारा मारा जा रहा यह छापा आतंकी साजिश में शामिल संदिग्धों से जुड़े हैं. मौजूदा साल में 12 जनवरी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) जेल कट्टरपंथ और ‘फिदायीन’ (आत्मघाती) हमले की साजिश रचने के मामले में एक आजीवन कारावास की सजा पाने वाले और दो भगोड़ों सहित आठ लोगों पर आरोप पत्र दायर किया. सभी 8 आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है. इस मामले में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर आरोपी है. जो कि जेल में सजा काट रहा है. नासिर ने बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में 5 लोगों को कट्टरपंथी बनाया था. जबकि आरोपी जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान के विदेश भाग जाने की आशंका है. वहीं इस मामले में अन्य की पहचान सैयद सुहैल खान उर्फ सुहैल, मोहम्मद उमर उर्फ उमर, जाहिद तबरेज उर्फ जाहिद, सैयद मुदस्सिर पाशा और मोहम्मद फैसल रब्बानी उर्फ सदाथ के रूप में हुई है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बीते साल अक्टूबर में मामले को अपने हाथ में लिया था और तब जुनैद अहमद के घर समेत कई स्थानों पर तलाशी ली थी.

## द्वारका जिला पुलिस ने एक शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार




**द्वारका/नई दिल्ली/सिमरन मोरया/ –** द्वारका जिला पुलिस ने दिन दहाड़े चोरी करने वाले एक जेब कतरे को गिरफ्तार किया। चोर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मौका देखकर लोगों का सामान चुराता था। आपको बता दें कि आजकल क्षेत्र में बढ़ती चोरी की समस्या को रोकने के लिए प्रशासन बहुत ही नियंत्रित कदम उठा रही है। थाना बिंदापुर को एक गुप्त सूचना मिलती है कि क्षेत्र में जेबतराशी के मामले बहुत ही बढ़ रहे हैं। समस्याओं को मध्य नज़र रखते हुए एचसी योगराज, एचसी मोहित और सिटी राहुल की एक समर्पित टीम तैयार की गई। टीम ने बताए गए स्थान का दौरा किया। और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से क्षेत्र का विश्लेषण किया तभी वही घूम रहा एक संदिग्ध व्यक्ति पर पुलिस को संदेह हुआ और उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। जांच लेने पर चोर के पास से टीम ने चोरी के दो मोबाइल फोन और बटन वाला चाकू बरामद किया आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी से पुलिस ने चोरी के दो मामले सुलझाने का भी दावा किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मनसब उर्फ काना और पता वेगाबॉन्ड ईस्ट उत्तम नगर बताया। मंदसौर में खुलासा किया कि उत्तम नगर टर्मिनल में लोगों की जेबतराशी करता और मोबाइल फोन चुराता था। आरोपी व्यक्ति चोरी के मोबाइल फोन राहगीरों को कम दाम में बेजता था। पुलिस द्वारा मामले को बिंदापुर थाने में दर्ज किया गया और उम्मीद है कि मनसब की गिरफ्तारी से कई मामले सुलझ सकते हैं।

## द्वारका जिला पुलिस ने जेब कतरे को किया गिरफ्तार



**द्वारका/नई दिल्ली/सिमरन मोरया/ –** द्वारका जिला पुलिस ने दिन दहाड़े चोरी करने वाले एक जेब कतरे को गिरफ्तार किया। चोर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मौका देखकर लोगों का सामान चुराता था। आपको बता दें कि आजकल क्षेत्र में बढ़ती चोरी की समस्या को रोकने के लिए प्रशासन बहुत ही नियंत्रित कदम उठा रही है। थाना बिंदापुर को एक गुप्त सूचना मिलती है कि क्षेत्र में जेबतराशी के मामले बहुत ही बढ़ रहे हैं। समस्याओं को मध्य नज़र रखते हुए एचसी योगराज, एचसी मोहित और सिटी राहुल की एक समर्पित टीम तैयार की गई। टीम ने बताए गए स्थान का दौरा किया। और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से क्षेत्र का विश्लेषण किया तभी वही घूम रहा एक संदिग्ध व्यक्ति पर पुलिस को संदेह हुआ और उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। जांच लेने पर चोर के पास से टीम ने चोरी के दो मोबाइल फोन और बटन वाला चाकू बरामद किया आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी से पुलिस ने चोरी के दो मामले सुलझाने का भी दावा किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मनसब उर्फ काना और पता वेगाबॉन्ड ईस्ट उत्तम नगर बताया। मंदसौर में खुलासा किया कि उत्तम नगर टर्मिनल में लोगों की जेबतराशी करता और मोबाइल फोन चुराता था।

**लोकसभा** | कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की भी घोषणा कर दी है।

## 14-15 मार्च को हो सकती है लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा




**मानसी शर्मा।** लोकसभा चुनाव करीब है। सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की भी घोषणा कर दी है। हाल ही में भाजपा ने 195 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। सभी को लोकसभा चुनाव की तारीख का इंतजार है। इसी बीच कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग 14-15मार्च को लोकसभा चुनावों की तारीख का ऐलान कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव के तरह इस बार भी 7 चरणों में चुनाव कराए जा सकते हैं। खबरें हैं कि अप्रैल के दूसरे हफ्ते में पहले चरण का मतदान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल चुनाव आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे कर रहा है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग की टीम फिलहाल पश्चिम बंगाल में है। जिसके बाद टीम यूपी और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी।

**चुनाव आयोग लगातार कर रहा बैठकें**

जानकारी के अनुसार, निर्वाचन अधिकारी 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेंगे। चुनाव आयोग सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारों के साथ लगातार बैठक कर रहा है। ये भी कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेरमाल कर सकता है। जिसके लिए आयोग एक विभाग भी बना सकता है, जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करके उन्हें हटाने का काम करेगा।

## पांचवें टेस्ट मैच में इस धमाकेदार क्रिकेटर की हुई एंट्री




**मानसी शर्मा / –** इस समय भारतीय टीम अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। 7 मार्च से धर्मशाला में सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। BCCI ने आखिरी मुकाबले के लिए रिंकू सिंह को भी स्क्वॉड में शामिल किया है। अगर ऐसा होता है तो रिंकू सिंह का यह डेब्यू टेस्ट मुकाबला होगा। बता दें, रिंकू सिंह धर्मशाला भी पहुंच गए हैं।

भारतीय स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने धर्मशाला पहुंचने की खबर खुद सोशल मीडिया पर दी है। धर्मशाला पहुंचते ही रिंकू सिंह ने इंग्लैंड टीम के कोच ब्रैंडन मैक्कुलम के साथ मुलाकत की और सोशल मीडिया पर तस्वीर भी शेयर की है। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि मैक्कुलम हर बार उनके लिए एक प्रेरणा रहे हैं। बता दें, न्यूजीलैंड टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैक्कुलम IPL में भी जलवा दिखा चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के लिए क्रिकेट खेला है। इसके साथ वह चयक्र टीम के कोच भीऐसे में मैक्कुलम का रिंकू सिंह से पुराना वास्ता रहा है।

अगर रिंकू सिंह भारतीय टीम में शामिल होते हैं तो टीम को काफी मजबूती मिलेगी। अब तक सीमित ओवर्स के खेल में रिंकू सिंह ने खुद को बेस्ट फिनिशर के रूप में साबित किया है। आखिरी मैच में अगर रिंकू सिंह खेलते हैं तो अपने बल्ले से इंग्लैंड के बैजबॉल गेम का करारा जवाब दे सकते हैं। रिंकू सिंह को रजत पाटीदार की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

खास ख़बर

## भारत के साथ हमारे रिश्ते मजबूत, सीमा विवाद से इन पर असर नहीं- चीन



**बिजिंग।** हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान पर चीन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के साथ हमारे रिश्ते मजबूत, सीमा विवाद से इन पर असर नही पड़ेगा। साथ ही कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद दोनो देशों के द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नही करता है। बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था- भारत-चीन के संबंध तक तक नॉर्मल नहीं हो सकते जब तक सीमा विवाद हल नहीं हो जाता। इस पर चीन के विदेश मंत्रालय के स्पोक्स पर्सन वांग वेनबिन ने कहा- भारत-चीन सीमा विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

**जयशंकर ने कहा था- चीन लिखित समझौतों को नहीं मानता**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन पर बॉर्डर पर खूनखराबा और लिखित समझौतों का उल्लंघन करने के आरोप लगाए। जापान की राजधानी टोक्यो में हुई रायसीना राउंडटेबल में बोलते हुए जयशंकर ने कहा था- 1975 से 2020 तक बॉर्डर पर शांति थी। 2020 (गलवान झड़प) में सब बदल गया। हम (भारत-चीन) कई मुद्दों पर सहमत नहीं हैं। जब पड़ोसी लिखित समझौतों का उल्लंघन करे तो ये चिंता की बात है। इससे दोनों के रिश्तों की स्थिरता पर सवाल खड़े होते हैं।

## केंद्र सरकार ने दी दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर के प्रस्ताव को मंजूरी



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** केंद्र सरकार ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इन दोनों कॉरिडोर की कुल परियोजना लागत 8,399 करोड़ रुपये है। जबकि इस कॉरिडोर पर 18 नये स्टेशन बनाये जायेंगे। ये कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ होंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी में मेट्रो संपर्क में और सुधार होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने इन नए कॉरिडोर को मंजूरी दी। इन्हें मार्च 2026 तक विभिन्न चरणों में पूरा किया जाना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नए गलियारों के साथ, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वर्तमान 427 किमी के मुकाबले कुल मेट्रो नेटवर्क लगभग 450 किमी का होगा।

**8400 करोड़ रुपये होंगे खर्च**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि दो नए कॉरिडोर के लिए 8,400 करोड़ रुपये के कुल खर्च में से भारत सरकार 1,547 करोड़ रुपये देगी। दिल्ली सरकार 1,987 करोड़ रुपये देगी और 4,309 करोड़ रुपये जेआईसीए से ऋण के रूप में आएंगे।

# चुनावी बॉन्ड खरीदनेवाली 5 में से तीन कंपनियों के खिलाफ आयकर जांच

● 1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक खरीदे गए कुल 22,217 के चुनावी बॉन्ड

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की सारी जानकारी एससी को सौंप दी है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे चुनाव आयोग को सौंप दिया है जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने इन गुरूवार को अपनी वेबसाइट पर चुनावी बॉन्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिये है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ी हैरान करने वाली बात यह है कि चुनावी बॉन्ड खरीदनेवाली पांच सबसे बड़ी कंपनियों में से तीन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर (आईटी) विभाग की जांच चल रही है। इसके बावजूद इन कंपनियों ने बॉन्ड खरीदे हैं। स्टील कारोबारी लक्ष्मी मित्तल से लेकर अरबपति सुनील भारती मित्तल की एयरटेल, अनिल अग्रवाल की वेदांता, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा से लेकर कम प्रसिद्ध फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज अब रद्द किए जा चुके चुनावी बॉन्ड के प्रमुख खरीदारों में शामिल है। इनमें लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म मेघा इंजीनियरिंग और माइनिंग कंपनी वेदांता के खिलाफ ईडी व आईटी की जांच चल रही है। चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में चुनावी बॉन्ड के नंबर एक खरीदार सैंटियागो मार्टिन द्वारा संचालित फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड है। लॉटरी कंपनी ने 2019 से 2024 के बीच 1,300 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। फ्यूचर गेमिंग की मार्च 2022 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच की गई थी। इसने दो अलग-अलग कंपनियों के तहत 1350 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बॉन्ड खरीदे। **फ्यूचर गेमिंग के खिनाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच**



ईडी ने 2019 की शुरुआत में फ्यूचर गेमिंग के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी। उस साल जुलाई तक उसने कंपनी से संबंधित 250 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली थी। 2 अप्रैल 2022 को ईडी ने मामले में 409.92 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की थी। इन संपत्तियों की कुर्की के पांच दिन बाद 7 अप्रैल को फ्यूचर गेमिंग ने चुनावी बांड में 100 करोड़ रुपये खरीदे। ईडी ने 22 जुलाई, 2019 को एक बयान में कहा, मार्टिन और उनके सहयोगियों ने। अप्रैल 2009 से 31 अगस्त 2010 की अवधि के लिए पुरस्कार विजेता टिकटों के दावे को बढ़ाकर 910.3 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया। 2019-2024 के दौरान कंपनी ने 21 अक्टूबर, 2020 को चुनावी बांड की पहली किश्त खरीदी।

राजनीतिक टलों को टसरा सबसे बड़ा डोनर हैदराबाद-बीआरडी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) है जिसने 2019 और 2024 के बीच 1000 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। कृष्णा रेड्डी द्वारा संचालित मेघा इंजीनियरिंग जो तेलंगाना सरकार की प्रमुख परियोजनाओं कालेश्वरम बांध परियोजना में शामिल है। अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने कंपनी के दफ्तरों पर छापेमारी की थी। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी जांच शुरू की गई। संयोग से उसी साल 12 अप्रैल को एमईआईएल ने 50 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे। पिछले साल, सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए चीनी इलेक्ट्रिक कार निर्माता बीवाईडी और उसके हैदराबाद- बीआरडी पार्टनर एमईआईएल के एक अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।

अनिल अग्रवाल का वेदांता समूह पांचवां सबसे बड़ा दानकर्ता है, जिसने 376 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं, जिसकी पहली किश्त अप्रैल 2019 में खरीदी गई थी। 2018 के मध्य में, ईडी ने दावा किया था कि उसके पास वीज़ा के लिए रिश्वत मामले में वेदांता समूह की संलिप्तता से संबंधित सबूत हैं।

## चुनावी बॉन्ड का सबसे बड़ा खरीददार लॉटरी किंग सैटियागो मार्टिन



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आकड़ों के मुताबिक, सैटियागो मार्टिन की कंपनी ने अप्रैल 2019 से जनवरी 2024 के बीच 1368 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे। हालांकि सैटियागो मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ ईडी व आईटी की जांच चल रही है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों में चुनावी बॉन्ड के नंबर एक खरीददार सैंटियागो मार्टिन द्वारा संचालित फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड है। लॉटरी कंपनी ने 2019 से 2024 के बीच 1300 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज के सैंटियागो मार्टिन की कहानी फिल्मी है, म्यांमार का एक मजदूर जो 'लॉटरी किंग' बन गया। मार्टिन ने लॉटरी के माध्यम से आम लोगों को सपने और भाग्य बेचते हुए भारतीय राजनीति के गंदे पानी को पार किया। 59 वर्षीय मार्टिन ने म्यांमार से लौटने पर 1988 में लॉटरी बिजनेस शुरू किया जब उन्होंने कोयंबटूर में मार्टिन लॉटरी एजेंसीज लिमिटेड की स्थापना की। इसने उनके नाम 'लॉटरी मार्टिन' और उनके व्यवसाय को एक घरेलू नाम बना दिया।

## अमिताभ बच्चन की बिगड़ी तबीयत, आनन-फानन में अस्पताल में कराया गया भर्ती



**मानसी शर्मा।** आज सुबह बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद उनकी एंजियोप्लेस्टी की गई है। अस्पताल के हवाले से जानकारी दी गई कि बिग बी को आज सुबह भर्ती कराया गया। कहा जा रहा है कि उनकी ये एंजियोप्लेस्टी किसी दिल के मर्ज के कारण नहीं बल्कि पैर में हुए क्लॉट की वजह से हुई। दरअसल, बीती शाम उन्हें एक इवेंट में जाने के बाद थोड़ी तकलीफ हुई, जिसके बाद उन्हें शुक्रवार की सुबह अस्पताल ले जाने का फैसला किया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद ही उन्हें भर्ती कर लिया गया और एंजियोप्लेस्टी की गई। फिलहाल बिग बी अस्पताल में भर्ती हैं। उनको अभी डिस्चार्ज नहीं किया गया है। फिलहाल इस मामले पर परिवार की तरफ से कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। डॉक्टरों की निगरानी में बॉलीवुड के शहंशाह का उपचार जारी है। इन सब के बीच अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है,हमेशा ग्रेटिट्यूड। कहा जा रहा है कि सर्जरी के बाद अमिताभ बच्चन ने अपने शुभचिंतकों को धन्यवाद कहा है। वो पहले भी ऐसे अपने फैंस को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आभार व्यक्त करते रहे हैं। बता दें, अमिताभ बच्चन से मिलने के लिए उनके घर के बाहर फैंस का जमावड़ा लगा रहता है। बिग बी भी हर संडे को अपने घर जलसा के बाहर फैंस के साथ मुलाकात करते हैं। बीते दिन अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर फैंस से मुलाकात की तस्वीरें शेयर की थी। इसके साथ ही बिग बी ने लिखा था हम्बल्ड बीयोंड। वर्क फ्रंट की बात की जाए तो अमिताभ बच्चन के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं।

## प्राकृतिक खेती विषय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**नजफगढ़/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिनांक 13-14 मार्च, 2024 को कृषि विज्ञान केंद्र, उजवा, दिल्ली के द्वारा ''प्राकृतिक खेती'' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र के परिसर में किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक खेती के बजाये प्राकृतिक खेती करने पर जोर दिया और किसानों को खेती व पशुओं के प्रबंधन व रखरखाव के बारें में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. डी.के. राणा, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार प्राकृतिक कृषि प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही है। वर्तमान समय में खेती में फसल उत्पादन के लिए अधिकतम रसायनों का प्रयोग हो रहा है, जिससे मिट्टी, जल एवं वायु प्रदूषण होने के साथ-साथ फसल उत्पादकता भी कम होने लगी है एवं रसायनों के अधिक प्रयोग से रसायनों का अंश उत्पादों में अधिक मात्रा में आने लगा है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली समय-समय पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवाता है। कार्यक्रम में डॉ. समर पाल सिंह, विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) ने बताया कि प्राकृतिक खेती देसी गौ-आधारित खेती है, जिसमें गोबर, गोमूत्र, घी दूध एवं दही आदि प्राकृतिक उत्पाद बनाने में प्रयोग होता हैं। इसी के साथ प्राकृतिक विधि द्वारा फसल उत्पादन की विभिन्न तकनीकियों के बारे में जानकारी दी एवं प्राकृतिक खेती के प्रमुख अवयवः जीवामृत, पंचगव्य, बीजामृत, धनजीवामृत एवं नीमास्त्र आदि के बनाने की विधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। डॉ. जय प्रकाश, वैज्ञानिक (पशुपालन) ने बताया कि प्राकृतिक खेती के लिए पशुओं का प्रबंधन एवं उपचार भी प्राकृतिक औषधीय के द्वारा होना चाहिए।

# रमज़ान, फुलेरा दूज, दांडी कूच, सावित्री बाई फुले व नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर होगा पॉजिटिव मीडिया डायलॉग

**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ आधुनिक समय में शिक्षा की बदलती प्रणाली पर राम-जानकी संस्थान पॉजिटिव ब्रॉडकास्टिंग हाउस (आरजेएस पीबीएच) दिल्ली स्थित सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल, स्वरूप नगर, जीटी करनाल रोड के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन गुरुवार 14 मार्च को करने जा रहा है। आरजेएस पीबीएच संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक उदय कुमार मन्ना ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन चौधरी इंद्राज सिंह सैनी करेंगे और श्री कबीर आश्रम, जामनगर के साधु प्रेम सागर जगदीश दास जी मुख्य अतिथि होंगे। अतिथियों का स्वागत स्कूल के एमडी राकेश सैनी और धन्यवाद ज्ञापन निर्मला देवी करेंगी। श्री मन्ना ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी नियमों की शुरुआत सत्र 2024-25 से की जाएगी। सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में रमज़ान, फुलेरा दूज, दांडी मार्च और सावित्री बाई फुले पर पॉजिटिव मीडिया डायलॉग भी किया जाएगा। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 12 मार्च को फुलेरा दूज का त्योहार श्री राधा कृष्ण को समर्पित है और ये होली के आगमन का प्रतीक भी है। इस्लाम धर्म में सबसे पाक माह-ए-रमजान इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार नौवां महीना होता है और लोग 12 मार्च से 9 अप्रैल तक लगभग महीने भर रोजा रखा जा रहा है। सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ भी नहीं खाते पीते हैं। ये माह इबादत, आत्मसुधार और परोपकारी बनने का संकल्प दिलाता है। साबरमती आश्रम से महात्मा गांधी ने चौबीस दिवसीय 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक नमक सत्याग्रह के लिएदांडी कूच किया था। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका साबित्रीबाई फुले की 10 मार्च पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। इन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रेरणा से भारत में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल सहित कुल 18 स्कूल खोले। उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा, बाल-विवाह, और विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के विरूद्ध काम किया।

सन् 1897 में पुणे में महामारी आने पर लोगों की सेवा करते-करते 10 मार्च को अंतिम सांस ले ली।




# फार्मा व हेल्थकेयर से जुड़ी 30 कंपनियों ने खरीदे 900 करोड़ से ज्यादा के चुनावी बॉन्ड

चुनाव

● गुरूवार को चुनाव आयोग ने डेटा वेबसाइट पर किया प्रकाशित



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** पांच बड़ी कंपनियों के बाद फार्मा व हेल्थकेयर से जुड़ी 30 कंपनियों ने भी 900 करोड़ रूपये से ज्यादा के चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं। जिनमें टॉप खरीदारों में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (162 करोड रुपये), हैदराबाद की डॉ रेड्डीज प्रयोगशाला (80 करोड़ रुपये), अहमदाबाद मुख्यालय वाली टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स (77.5 करोड़ रुपये), हैदराबाद स्थित नैटको फार्मा (69.25 करोड़ रुपये) और हैदराबाद- हेटेरो फार्मा और इसकी सहायक कंपनिया शामिल है। गुरूवार को चुनाव आयोग ने इन सभी का डेटा अपनी बेवासइट पर प्रकाशित कर दिया। चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बॉन्ड खरीदे, जो लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4 फीसदी है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। टॉप खरीदारों में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (162 करोड़ रुपये हैदराबाद की डॉ रेड्डीज प्रयोगशाला (80 करोड़ रुपये), अहमदाबाद मुख्यालय वाली टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स (77.5 करोड़ रुपये), हैदराबाद स्थित नैटको फार्मा (69.25 करोड़ रुपये) और हैदराबाद-हेटेरो फार्मा और इसकी सहायक कंपनियां शामिल हैं। बायोकॉन लिमिटेड की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ ने भी 6 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे। उद्योग जगत से पोल बांड के अन्य बड़े खरीदार सिप्ला (39.2 करोड़ रुपये) हैं। सबसे बड़े खरीददार यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने अप्रैल 2022 में छह ट्रेंच में 80 बांड खरीदे। जो सबसे अधिक 80 करोड़ रुपये था। प्रकाशन के समय, यह पता नहीं लगाया जा सका कि खरीददार हैदराबाद स्थित अस्पताल था या गाजियाबाद स्थित अस्पताल था। क्योंकि दोनों का नाम एक ही है। आईटी छापे के बाद हेटेरो फार्मा ने अप्रैल 2022 और जुलाई और अक्टूबर 2023 में चुनावी बांड खरीदे, जिसमें कथित तौर पर फर्म से जुड़ी 550 करोड़ रुपये की बेहिसाब आय का पता चला था। हेटेरो फार्मा हृदय रोगों, कैंसर और मधुमेह सहित अन्य बीमारियों के लिए दवाओं के साथ-साथ सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री के निर्माण के लिए जाना जाता है। डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरी जेनेरिक, ब्रांडेड जेनेरिक और बायोलॉजिक्स का काम करती है। हालांकि, यह सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) बनाने वाली बड़ी कंपनियों में से एक हैं। गौरतलब है कि महामारी के दौरान सरकार ने एपीआई के स्वदेशी विनिर्माण पर जोर दिया और अपनी उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के माध्यम से इसका निर्माण करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता दी। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से छठा सबसे बड़ा डोनर, डिविज़ लेबोरेटरी दुनिया के सबसे बड़े एपीआई निर्माताओं में से एक है। इसके अलावा, नैटको और टोरेंट दोनों फार्मास्यूटिकल्स अपनी हृदय और मधुमेह दवाओं के लिए जाने जाते हैं। हैदराबाद स्थित वैक्सीन निर्माता भारत बायोटेक (10 करोड़ रुपये) और बायोलॉजिकल ई (5 करोड़ रुपये), जिन्हें कोविड-19 टीकों के लिए सरकारी मंजूरी मिली थी। वो भी इस सूची में शामिल हैं।

निर्माण

15 मार्च विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर सुरेश सिंह बैस शाश्वत का विशेष लेख

# उपभोक्ता समुचित सतर्कता से कर सकते है अपने अधिकारों की रक्षा- शाश्वत



कोई भी राष्ट उस देश के कानूनों तथा संविधान से महान् नहीं बनता, जन आंकाक्षा ऊर्जा और सतत् प्रयास राष्ट को महान बनाते हैं। उक्त उद्गार बहुत पहले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु ने प्रगट किया था। शासन प्रशासन भी अब उपभोक्ता हितों की ओर सजग हो रही है। भारतीय संसद ने भारतीय संविधान की मर्यादा में अनेकों अधिनियमों को निर्माण किया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 भारतीय संसद की एक महत्वपूर्ण देन है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पूर्व प्रचलित कानूनों से अधिक क्रांतिकारी तथा प्रगतिशील हैं। वैसे इस कानून के हमारे देश में प्रभावी होने के पूर्व, विश्व के अनेक देशों जैसे अमेरिका, इंग्लैड, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड में इस प्रकार के कानून प्रभावशील हैं। वर्तमान कानून जिसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक- 68) नाम दिया गया हैं इसका मुख्य उदेश्य उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करना है।

इस कानून में उपभोक्ता कौन है परिभाषित है। उपभोक्ता में वस्तुओं तथा सेवाओं, दोनों के उपभोक्ता सम्मिलित हैं। वस्तुओं के संबंध में उपभोक्ता से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो प्रतिफल का भुगतान करके या उसको भुगतान का वचन देकर माल कब करता है। यह अधिनियम सेवाओं के उपभोक्ताओं को भी संरक्षण प्रदान करता है। सेवाओं के मामले में उपभोक्ता से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो प्रतिफल का भुगतान करके या उसके भुगतान का वचन देकर या उसका आंशिक भुगतान करके अथवा आंशिक भुगतान का वचन देकर किसी सेवा को किराये से लेता है। इस प्रकार इस अधिनियम की सीमा में वे सभी वस्तु और सेवाएं आती है जिनसे उपभोक्ता सीधे तौर पर जुड़ा हुआ हैं। अधिनियम का विस्तार अत्यंत व्यापक है। मूलतः यह कानून, जब तक केन्द्रीय शासन किन्ही वस्तुओं अथवा सेवाओं को विशेष छूट नहीं देता है, अपनो परिसीमा में सभी वस्तुओं तथा सेवाओं पर लागू होता है। निजी, सार्वजनिक तथा सहकारी सभी क्षेत्र में इसके क्षेत्राधिकार में आते हैं। यह कानून उपभोक्ता को संरक्षण का अधिकार, ऐसी वस्तुओं के विपणन के विरुद्ध जो जीवन तथा संपत्ति के लिये हानिकारक हो, प्रदान करता है। आज के हमारे बाजार व्यापक तथा व्यवहार तीनों अधिकांशतः मध्वाचारों, कपट तथा छलावे से भरे हैं। यह कानून वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता तथा मूल्य के बारे में उपभोक्ता को जानने का अधिकार प्रदान करता है। प्रतिस्पर्धा मूल्यों पर माल की विभिन्न किस्मों को सुलभ देता है। कराने का अधिकार भी यह कानून। इस कानून में पहली बार वह व्यवस्था की गई है कि, उपभोक्ता की शिकायत की विधिवत् सुनवाई के पश्चात उसके हितों को समुचित रूप से सुरक्षा प्रदान की जायेगी। अब उपभोक्ता को अनुचित व्यवहार, अनुचित शोषण के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का अधिकार प्राप्त है। उपभोक्ताओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता लाने के लिये इस कानून के प्रावधानों को सरल भाषा में प्रचार-प्रसार के माध्यमों से आम आदमी को जानकारी देना आवश्यक है। इस अधिनियम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब किसी शोषित, पीड़ित, ठगे गये उपभोक्ता को शासन तंत्र के किसी विभाग से शिकायत करने की आवश्यकता नहीं है। अब यदि उपभोक्ता को किसी माल की या सेवा की प्रमाणिकता, विशुद्धता, परिमाण अथवा मूल्य संबंधी कोई शिकायत है तो वह क्षतिपूर्ति के लिये तत्संबंधी अधिकारिता रखने वाले जिला फोरम, राज्य आयोग अथवा राष्ट्रीय आयोग में अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकता है। इस कानून की विशेषता यह है कि इसमें उपभोक्ताओं की शिकायतों को शीघ्र सरल, तरीकों से, कम से कम खर्चे तथा समय में दूर करने की व्यवस्था है। शिकायतकर्ता को कोई न्याय शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। शिकायत संबंधित अर्धन्यायिक मंडल के समक्ष उसके कानूनी क्षेत्राधिकार के अनुसार प्रस्तुत की जा सकती है। शिकायत करने वाला कोई भी उपभोक्ता हो सकता है। उपभोक्ता का संगठन केन्द्रीय शासन, राज्य शासन, अथवा संघ, राज्य प्रशासन भी हो सकता है। शिकायत किसी व्यापारी के अनुचित व्यवहार, क्रय किये गये माल की कीमत से अधिक वसूली गई हो, के संबंध में भी हो सकता है। इस कानून में जो त्रिस्तरीय तंत्र की व्यवस्था है, उसकी अधिकारिता के आधार पर माल अथवा सेवा का मूल्य तथा क्षतिपूर्ति की राशि यदि एक लाख से कम है, तो शिकायत जिला फोरम में दायर की जा सकती है जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित है। शिकायत उसी जिला फोरम के समक्ष दायर जा सकती है। जहां शिकायत का कारण पैदा हुआ अथवा विरोधी पक्षकार निवास करता है। यदि माल अथवा सेवाओं का मूल्य तथा क्षतिपूर्ति के लिये मांगी गई राशि एक लाख से अधिक है

दखल

# स्वरोजगार की ओर बढ़ा रुझान




आदमी अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष नौकरी करने और दूसरों का हुकुम बजाने में निकाल देता है। इसलिए नौकरी कम से कम और खुद का काम करने की कोशिश करनी चाहिए। इस तरह का एक अभियान इन दिनों अमेरिका में चल रहा है, जहां के युवा नौकरी छोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार भी युवाओं को रोजगार देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

**काम** कराने वालों को काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य, उनकी निजी जिंदगी से कोई मतलब नहीं, क्योंकि एक कर्मचारी हटता है, तो उसकी जगह लेने के लिए सौ मिल जाते हैं। इसका कारण है काम करने वाले अधिक और नौकरियां कम। लेकिन नौकरी की अमानवीय शर्तों से नौकरी करने वालों का मोहभंग हो रहा है। वे दूसरों की बनाई शर्तों पर जीना नहीं चाहते। एक तरफ तो कहा जा रहा है कि पिछले सालों में कोरोना के कारण पूरे विश्व में बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ गई है, लेकिन दूसरी तरफ अमेरिका में 'एंटी वर्क मूवमेंट' भी शुरू हो गया है। यह लोगों को नौकरी छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। एंटी वर्क का मतलब यह नहीं कि काम नहीं करना है, बल्कि अपने मन का काम करना है। वैसे भी कहा जाता है कि जिस काम में मन लगता है, उसे ही लोग मेहनत से करते हैं। अमेरिका की डोरीन फोर्ड ने दस साल नौकरी की। मगर उसका नौकरी में मन नहीं लगता था। उसकी समझ में नहीं आता था कि क्या करे। नौकरी छोड़े भी कैसे। जीवन यापन के लिए पैसे कहां से आएंगे।

डोरीन ने यह बात अपनी दादी को बताई तो दादी ने कहा कि बेहतर है कि वह नौकरी छोड़ कर वह करे जिसके बारे में हमेशा सोचती रही है और अब तक नहीं कर पाई है। शायद डोरीन ऐसे ही किसी समय का इंतजार कर रही थी। उसने अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी छोड़ दी और कुत्तों की देखभाल का काम शुरू कर दिया। इससे उसकी आय भी होने लगी। अब वह काम का कोई दवाब नहीं महसूस करती, न ही अधिकारी के कहे काम को पूरा करने रात-दिन दौड़ना पड़ता है। अकसर लोग अपने मन का काम इसीलिए नहीं कर पाते कि नौकरी से जो पैसे मिलते हैं वे किसी और काम से नहीं मिल सकते हैं। यही असुरक्षा उन्हें नौकरी के खूंटे से बांधे रखती है। आदमी अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष नौकरी करने और दूसरों का हुकुम बजाने में निकाल देता है। इसलिए नौकरी कम से कम और खुद का काम करने की कोशिश करनी चाहिए। एक कहावत है-नौकरी क्यों करी। या कि नौकरी नौकर से बनी है और जीवन भर की गुलामी होती है।

अब तक एंटी वर्क मूवमेंट के एक लाख साठ हजार सदस्य बन चुके हैं। अमेरिका में नवंबर तक 45 लाख लोगों ने नौकरी छोड़ी थी। कुछ काम पर ही नहीं लौटे। बहुत से कुछ नए काम पर चले गए। यह भी देखा जा रहा है कि लोग अब पारंपरिक नौकरियां नहीं करना चाहते। यह सोच बढ़ रही है कि दूसरों के लिए काम करने से बेहतर है कि अपने लिए कुछ करें। जो लोग नौकरी करते हैं, वे अकसर यह कहते पाए जाते हैं कि जीवन भर अपने मन का काम नहीं कर पाए। अपने यहां भी स्टार्टअप्स का जोर बढ़ा है। ऐसी कई साइटें हैं, जो उन लोगों की कहानियां बताती हैं, जिन्होंने लाखों रुपए महीने की नौकरी छोड़ कर अपना कोई काम शुरू किया और सफलता पाई। कई लोग तो विदेशों में अच्छी नौकरियां करते थे, मगर वहां से ऊब गए। अपना काम शुरू किया और फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा। सरकार का एक विज्ञापन भी बताता है कि बच्चा जब से आंखें खोलता है सब उससे यही कहते हैं कि अच्छी-सी नौकरी करना। अगर सब अच्छी-सी नौकरी करेंगे तो नौकरी देगा कौन। इसलिए नौकरी देने वाले बनिए। विज्ञापन का निहितार्थ भी यही है कि नौकरी मांगने के मुकाबले ऐसा कोई काम करें, जहां आप औरों को रोजगार दे सकें।

यह सच है कि नौकरी छोड़ कर कुछ नया काम करना हमेशा चुनौतीपूर्ण है। मुसीबतों से भरा है। यह संशय भी लगातार रहता है कि अगर लगी-लगाई नौकरी छोड़ दी और अपना जो भी काम शुरू किया, वह नहीं चला तो क्या होगा। इसीलिए काम शुरू करने से पहले इस बात का शोध और जानकारी जरूरी है कि बाजार में किस चीज की मांग है और कौन-सा काम ऐसा है, जो लंबे समय तक चल सकता है, क्योंकि बहुत से काम ऐसे भी हैं, जिनकी उम्र कम होती है। वे थोड़ समय तक ही चल पाते हैं। अमेरिका में चलने वाले एंटी वर्क मूवमेंट का नारा है- 'अनएंप्लायमेंट फार आल, नाट जस्ट फार रिच'। हर रोज कम से कम 15 लोग यह वाक्य साझा कर रहे हैं। इसमें बुरे अफसरों के बारे में अनुभव बताए जा रहे हैं। इनसे कैसे बचें, यह भी बताया जा रहा है। जो लोग सालों काम कर चुके हैं, वे नई शुरुआत कैसे करें, इसकी सलाह दी जा रही है। कहा जा रहा है कि किसी भी नई शुरुआत के लिए कभी देर नहीं होती। नया सूरज हमेशा इंतजार करता है। नया उजाला आपके जीवन में आने की राह देख रहा होता है।

इसलिए अगर नौकरी से मन भर गया है, ऊब गए हैं, तो स्वैच्छिक रिटायरमेंट ले लीजिए और वह काम शुरू कीजिए, जिसमें आपको असली खुशी मिलती है। जिसे करने के सपने जीवन भर देखते रहे हों। इससे आपका मन शांत रहेगा। तरह-तरह की बीमारियों से भी बचेंगे। यह सिर्फ अमेरिका की बात नहीं है। दुनिया भर के युवा, जिनसे नौकरी के दौरान यह उम्मीद की जाती है कि चाहे उन्हें 24 घंटे काम करना पड़े, लेकिन उन्हें जो काम दिए गए हैं, उन्हें पूरा करना है। रात-दिन की नौकरी में इन युवाओं के पास इतना भी समय नहीं है कि वे अपने जीवन, अपने परिवार के बारे में कुछ सोच सकें। अगर वे 'टारगेट' पूरा करते हैं तो पिछले से भी कठिन 'टारगेट' उन्हें सौंप दिए जाते हैं। काम लेने वाले, काम करने वालों से कभी संतुष्ट नहीं होते। उनका लक्ष्य एक ही है, ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना। इसके लिए कितनी भी कठोर शर्तें लादनी पड़ें, वे पीछे नहीं हटते। उनकी ऐसी अमानवीयता के कारण ही कर्मचारी परेशान होते हैं। चौबीस गुणे सात की नौकरी के कारण वे तरह-तरह के रोगों का शिकार हो रहे हैं। काम कराने वालों को काम करने वाले लोगों के स्वास्थ्य, उनकी निजी जिंदगी से कोई मतलब नहीं। क्योंकि एक कर्मचारी हटता है, तो उसकी जगह लेने के लिए सौ मिल जाते हैं।

इसका कारण है काम करने वाले अधिक और नौकरियां कम। लेकिन नौकरी की अमानवीय शर्तों से नौकरी करने वालों का मोह भंग हो रहा है। वे दूसरों की बनाई शर्तों पर जीना नहीं चाहते। चीन में भी 'टेंग पिंग मूवमेंट' चला है। इसमें भाग लेने वाले कर्मचारियों का कहना है कि वे भी जरूरत से ज्यादा काम नहीं करना चाहते। वे जीवन को जीना चाहते हैं। सिर्फ नौकरी और उसकी कठोर शर्तों के कारण जीवन बर्बाद नहीं करना चाहते। लोगों का कहना है कि आजकल तो किसी नौकरी के लिए अपना सीवी भेजना ऐसा हो गया जैसे समुद्र में सुई ढूंढ़ रहे हों। चीन में लोगों को दफ्तर में बहुत समय बिताना पड़ता है। उनके काम के घंटे अधिक हैं। वे लंबे काम के घंटों से मुक्ति और राहत भरी जिंदगी चाहते हैं।

युवा कहते हैं कि वे नौकरी के अलावा कुछ आराम भी करना चाहते हैं। वे सीधे लेटना चाहते हैं। कुछ अपने लिए समय निकालना चाहते हैं। हालांकि अब इस आंदोलन पर रोक लगा दी गई है। इसकी वेबसाइट पर प्रतिबंध है। क्योंकि सरकार और अधिकारी इसे इतना फैलने देना नहीं चाहते कि संभालना मुश्किल हो जाए। यानी अमेरिका और चीन में लोग एक ही तरह से सोच रहे हैं, सरकारें चाहे कुछ भी कहती रहें। भारत में भी भूमंडलीकरण के बाद नौकरी-पेशा लोगों पर हर हाल में लक्ष्य पूरा करने का दवाब है, उससे वे भी परेशान हैं। यह बात अलग है कि उन्होंने अमेरिका और चीन की तरह कोई आनलाइन आंदोलन नहीं चलाया है।

विचार

## एमएसपी का जल्द होगा समाधान

केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद एमएसपी पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार किसानों के हित के लिए काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। किसानों को कुछ लोगों द्वारा भ्रमित किया जा रहा है।




केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर एक समिति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा था कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। तोमर ने कहा, पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी। एमएसपी की मांग को लेकर किसानों ने एक साल लंबा आंदोलन चलाया था। मगर अब कृषि मंत्री के ऐलान के बाद एमएसपी का मुद्दा पीछे छूटेगा और किसानों की वर्षों पुरानी मांग का समाधान हो जाएगा।

देखा जाए तो किसानों की यह मांग कम जटिल मुद्दा नहीं है। अगर मामला आसान होता तो तीनों कृषि कानून वापस लेने की घोषणा के साथ ही सरकार एमएसपी पर भी कोई फैसला कर सकती थी। इससे समझा जा सकता है कि एमएसपी को लेकर सरकार कितनी दुविधा में होगी। दरअसल, एमएसपी का मसला ऐसा है जिस पर कृषि विशेषज्ञ और अर्थशास्त्रियों के बीच भी आमराय आसानी से नहीं बनती दिखती। जहां एक वर्ग का मानना है कि एमएसपी कानून बनने से ही छोटे किसानों को उपज का लाभ मिल पाएगा, वहीं ऐसा नहीं मानने वाला वर्ग कहीं ज्यादा बड़ा है। जाहिर है, एमएसपी का मुद्दा आसानी से नहीं हल नहीं होने वाला। सरकार के सामने व्यावहारिक समस्या यह है कि अगर एमएसपी कानून बन गया तो उसके लिए किसानों की उपज खरीदने की मजबूरी हो जाएगी।

यह तर्क भी दिया जा रहा है कि एमएसपी कानून बन जाने के बाद अगर सरकार ने व्यापारियों को तय दाम पर उपज खरीदने के लिए मजबूर किया तो व्यापारी कम दाम पर आयात करने जैसा कदम उठा सकते हैं। संकट यही है कि जब सरकार पूरी उपज खरीद नहीं सकती, व्यापारी निर्धारित एमएसपी पर उपज खरीदने से बचेंगे, तो किसान करेगा क्या? हालांकि एमएसपी की व्यवस्था छठे दशक के दौरान खाद्यान्न संकट के दौरान शुरू की गई थी, ताकि सरकार किसानों से उपज खरीदे और भंडार भरे। यह किसानों के हित के लिए ही किया गया था। आज सरकारी गोदाम गेहूं, चावल आदि से अटे पड़े होने का दावा किया जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन खाद्यान्न खरीद पर सब्सिडी का विरोध करता रहा है। ऐसे में अगर सब्सिडी बढ़ती रही तो निर्यात का संकट खड़ा हो जाएगा।

# भूमि संरक्षण का एक और संकट

**धरती** के पर्यावरण में नम या आर्द्र भूमि की अहमियत वैसे ही है जैसे शरीर में गुर्दे की। नम भूमि ही धरती के भीतर मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्र भूमि जैव विविधता से लेकर मीठे पानी के जलाशयों, कार्बन अवशोषण व आजीविका का भीबड़ा स्रोत मानी जाती है। ऐसे में यदि आर्द्र भूमि खत्म होती जाएगी तो धरती पर नए तरह का संकट खड़ा हो जाएगा। भारत में आर्द्र भूमि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 4.7 फीसद है। जाहिर है, यह काफी कम है और इसलिए इसका संरक्षण कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। वैसे दुनियाभर में आर्द्र भूमि पर संकट गहराता जा रहा है। इसलिए इसे बचाने के लिए पहली बार दो फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में वैश्विक सम्मेलन बुलाया गया था और दुनियाभर में फैली आर्द्र भूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई थी। अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की लगभग 2400 आर्द्रभूमियों में से सैंतालीस भारत में हैं और उन्हें रामसर स्थल कहा जाता है। ये विश्व स्तर पर प्रमुख संरक्षित स्थलों में से हैं।

ईस्ट कलकत्ता आर्द्र भूमि, पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के पूर्व में स्थित प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्र भूमि का एक बड़ा परिसर है जो 125 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां कृषि क्षेत्र, सीवेज फार्म और कई तालाब हैं। इस आर्द्र भूमि का उपयोग कोलकाता के सीवेज शोधन के लिए भी किया जाता है, और अपशिष्ट जल में निहित पोषक तत्व मछलियों की आबादी और कृषि को बनाए रखता है। इसी तरह नौ रामसर स्थलों के साथ उत्तर प्रदेश देश में ऐसी आर्द्र भूमि वाला दूसरा बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश में गंगा नदी क्षेत्र का एक अद्वितीय और विशाल पारिस्थितिक तंत्र है जो पौधों और जानवरों की समृद्ध विविधता को बरकरार रखता है। इसमें तालाबों, झीलों और आर्द्र भूमि का एक बड़ा क्षेत्र है। मछलियों की जैव विविधता में उत्तर प्रदेश का योगदान 14.11 फीसद का का है, और इनमें से बहुत से इन आर्द्र भूमि से आते हैं। उत्तर प्रदेश में गंगा के बाढ़ के मैदान का लगभग पांच फीसद हिस्सा आर्द्र भूमि से ढका है।

बृजघाट से नरोरा तक ऊपरी गंगा नदी भी एक रामसर स्थल है। हैदरपुर आर्द्र भूमि क्षेत्र भारत में सबसे नया रामसर स्थल है जिसे दिसंबर 2021 में ही इस श्रृखंला में जोड़ा गया था। यह भूमि क्षेत्र मध्य गंगा बैराज के साथ गंगा नदी के बाढ़ के मैदानों पर बिजनौर जिले में 6908 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इस वर्ष विश्व आर्द्र भूमि दिवस की विषयवस्तु 'लोगों और प्रकृति के लिए आर्द्र भूमि' है। यह वैश्विक आह्वान दुनिया भर में आर्द्र भूमि को बचाने के लिए किया गया है। इसरो ने उपग्रह से प्राप्त चित्रों से इसका एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी किया है। इसके अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग 27181 आर्द्र भूमि क्षेत्र हैं जो लगभग 63,525 हेक्टेयर क्षेत्र बनाते हैं। इनमें से लगभग चालीस फीसद आर्द्र भूमि क्षेत्र सौ हेक्टेयर से अधिक आकार के हैं। अकेले हरदोई जिले में दो हजार से अधिक आर्द्र भूमि क्षेत्र हैं। तटीय इलाकों में नमी क्षेत्र और बैकवाटर मैंग्रोव के जंगलों का महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां लोग भोजन, ईंधन, चारा और आवास के लिए इन पर निर्भर हैं।



भारत रामसर सम्मेलन और जैविक विविधता के सम्मेलन, दोनों का हस्ताक्षरकर्ता है, लेकिन हैरानी की बात यह कि आर्द्र भूमि के संरक्षण के लिए कोई स्पष्ट नियामक ढांचा नहीं है। कुछ राज्यों में आर्द्र भूमि विकास प्राधिकरण बनाए तो गए हैं, लेकिन ये भी अन्य परंपरागत कानूनों के अधीन ही हैं। पर्यावरण विज्ञानियों के सामने इस वक्त एक बड़ी चिंता आर्द्र भूमि (वेटलैंड) के संरक्षण को लेकर उभरी है।

पारंपरिक मछुआरे आज भी स्थायी आजीविका के लिए पूरी तरह से मछली और शंख जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। शहरीकरण, प्रदूषण, अतिक्रमण और गहन कृषि के कारण भू-उपयोग में बदलाव के कारण भारत में आर्द्र जमीन का अस्तित्व खतरे में है। ऐसे कई भू क्षेत्र अपनी पुरानी पहचान खो चुके हैं और उन्हें बदलते परिवेश के अनुसार विकास का दंश झेलना पड़ा है। लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र के कार्य में उनकी मुख्य भूमिका को बदला नहीं जा सकता है। इसलिए मौजूदा जल निकायों की रक्षा करने और आर्द्र भूमि क्षेत्रों को बचाने उचित संरक्षण रणनीति और सशक्त प्रबंधन योजना बनाने की जरूरत है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और भूमि उपयोग में बदलाव के कारण आर्द्र भूमि का क्षरण हो रहा है। सिर्फ पिछले एक दशक में हम लगभग तीस फीसद भूमि खो चुके है। उत्तर प्रदेश में ही रायबरेली, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर और बहराइच जिलों में हजारों एकड़ आर्द्र भूमि है। अकेले रायबरेली ने 1972 से लगभग नवासी फीसद आर्द्र भूमि खो दी है। लखनऊ ने पिछले पांच दशकों में लगभग सत्तर फीसद आर्द्र भूमि खो दी है।

गहन सिंचाई के लिए भूजल का अत्यधिक दोहन आर्द्र भूमि के खत्म होने का कारण बन रहा है। इसके अलावा गन्ना, धान व गेहूं जैसी जल-गहन फसलों के साथ आर्द्र भूमि को कृषि क्षेत्रों में परिवर्तित करना भी है। नहरों और सड़कों के अवैज्ञानिक निर्माण के कारण कई आर्द्र भूमि खंड मानचित्र से गायब हो चुके हैं। आर्द्र भूमि के संरक्षण के लिए भारत में कोई मजबूत नियामक ढांचा नहीं है। इस समस्या को अभी भी अलग-थलग करके देखा जा रहा है। जल संसाधन प्रबंधन, विकास योजनाओं में शायद ही इसका उल्लेख किया जाता है। ऐसे संवेदनशील पारिस्थितिकीय तंत्रों के प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी पर्यावरण और वन मंत्रालय के हाथों में है। हालांकि भारत रामसर सम्मेलन और जैविक विविधता के सम्मेलन का हस्ताक्षरकर्ता है, लेकिन हैरानी की बात यह कि आर्द्र भूमि के संरक्षण के लिए कोई स्पष्ट नियामक ढांचा नहीं है।

हालांकि कुछ राज्यों में आर्द्र भूमि विकास प्राधिकरण बनाए तो गए हैं, लेकिन ये अन्य परंपरागत कानूनों के अधीन ही हैं। इस वक्त आर्द्र भूमि को आर्द्र भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत संरक्षित किया जाता है। आर्द्र भूमि को बचाने की दिशा में पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण कदम इसके भूमि दस्तावेज को सुरक्षित करना है। उपग्रह चित्रों और ड्रोन कैमरों का उपयोग करके इनका दस्तावेज बनाया जाना चाहिए। आर्द्र भूमि का जल-प्रसार क्षेत्र मौसम के अनुसार बदलता रहता है। मानसून के समय जल-प्रसार का मापन कर उसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर देना चाहिए। मानसून के बाद से ग्रीष्मकाल तक आर्द्रभूमि के जल प्रसार क्षेत्र में उल्लेखनीय कमी पाई जाती है जिसका फायदा उठा कर लोग अतिक्रमण करते हैं। मानसून के बाद फैले जल का परिसीमन कर भू-राजस्व अभिलेखों को ठीक से बनाए रखा जाना चाहिए।

तालाबों, झीलों और आर्द्र भूमि के पुनरुद्धार के लिए कार्य योजना का निर्माण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए, न कि तदर्थ उपायों पर। सिंचाई की बेहतर तकनीकों को अपना कर भूजल पर दबाव कम किया जा सकता है। इसके अलावा किसानों को मोटा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसमें बहुत अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है। पर्यावरण संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक समग्र वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। इसमें जनभागीदारी और सहयोग जरूरी है। कई मामलों में स्थानीय समुदायों की उपेक्षा भी ऐसे संकट को बढ़ाती है। आर्द्र भूमि के तट पर रहने वाले समुदाय स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हैं क्योंकि अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए वे पारिस्थितिक तंत्रों पर ही निर्भर हैं।

### ट्विटर



पिछले कुछ समय से किसानों को भ्रमित किया गया। कृषि कानूनों के नाम पर उन्हें झूठ परोसा गया। मगर फिर भी सरकार ने उनके हित के लिए उसे वापस लिया।

**नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री**



एमएसपी की घोषणा को लेकर कृषि मंत्री का बयान स्वागत योग्य है। हम भी एमएसपी चाहते हैं, अगर सरकार इस दिशा में अच्छी पहल करेगी तो हम साथ खड़े रहेंगे।

**राकेश टिकैत, किसान नेता**



सत्यार्थ

## गलत काम का विरोध जरूरी



रामायण का किस्सा है। हनुमान जी देवी सीता की खोज में लंका के बाहर पहुंच गए थे। वे विचार कर रहे थे कि लंका के अंदर किस तरह प्रवेश करूं? अंदर जाकर सीता जी के बारे में सूचना लेना है और श्रीराम तक वह सूचना पहुंचाना है। लंका की सुरक्षा व्यवस्था बहुत पुख्ता थी। चारों ओर राक्षस पहरा दे रहे थे। हनुमान जी एक कला जानते थे छोटा होने की। हनुमान जी ने अपना आकार मच्छर की तरह कर लिया। वे लंका में प्रवेश करने ही वाले थे, तभी उन्हें लंकिनी नाम की एक राक्षसी ने पकड़ लिया। हनुमान को बड़ा आश्चर्य हुआ कि इतने छोटे रूप में भी मैं पकड़ा गया। बहुत पुख्ता व्यवस्था है रावण की। लंकिनी ने हनुमान जी से कहा, मैं यहां की सुरक्षा अधिकारी हूं और चोरों को पकड़ना मेरा काम है। हनुमान जी ने कहा, सबसे बड़ा चोर तो तेरा मालिक रावण है। वह हमारी मां सीता को चुरा लाया है। हनुमान जी ने सोचा कि जो सुरक्षा व्यवस्था चोरों की रक्षा करने लग जाती है, उस पर प्रहार करना जरूरी है। हनुमान जी ने उस राक्षसी को एक मुक्का मार दिया। मुक्का लगते ही लंकिनी नीचे गिर गई और हनुमान जी लंका में प्रवेश कर गए। इस किस्से से हमें दो संदेश मिल रहे हैं। पहला, हमें कब बड़ा होना है और कब छोटा, ये बात हमेशा ध्यान रखें। अधिकतर लोग अपने घर-परिवार और समाज में अहंकार की वजह से सही जगह पर भी झुकते नहीं हैं, इस कारण नुकसान होता है। दूसरी बात, अगर कोई व्यक्ति बहुत ताकतवर है और कोई गलत काम कर रहा है तो उसे रोकना चाहिए। अगर हम गलत काम करने वाले को रोकेंगे नहीं, तो उसकी हिम्मत बढ़ती जाएगी और एक दिन वह पूरे देश और समाज के लिए घातक हो जाएगा।

ख़ास ख़बर

## समाजसेवी सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुधा मूर्ति ने बृहस्पतिवार को अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को पिछले शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। कन्नड़ और अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिए प्रख्यात सुधा मूर्ति को साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, पद्म श्री (2006) और पद्म भूषण (2023) जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सुधा मूर्ति व्यावसायिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा इंजिनीयरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी लिमिटेड (टेल्को) के साथ काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर थीं। इन्फोसिस शुरू करने के लिए उन्होंने अपने पति को अपनी आपातकालीन निधि से 10,000 रुपये दिए थे, जिसका अब बाजार पूंजीकरण 80 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक है। उनकी बेटी अक्षता की शादी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुई है।

## पंजाब में आप ने जारी की अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में आठ उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की। पार्टी ने पांच कैबिनेट मंत्रियों को मैदान में उतारा है। इसमें 8 उम्मीदवारों के नाम है जिनमें बीजेपी वाले फार्मूले की तरह विधायक और मंत्रियों को भी मैदान में उतारा गया है । पंजाब के जिन मंत्रियों को आप ने लोकसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है, उसमें अमृतसर से मौजूदा मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, बठिंडा से गुरमीत सिंह खुड़िया, संगरूर से गुरमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से डॉ बलबीर सिंह हैं। जालंधर से सांसद सुशील रिंकू एक बार फिर इसी सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं। पार्टी ने गुरप्रीत सिंह जीपी को फतेहगढ़ साहिब लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। बस्सी पथाना सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक सिंह हाल में आप में शामिल हुए थे। आप ने पंजाबी अभिनेता करमजीत अनमोल को फरीदकोट लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है।

# भाजपा ने हरियाणा में कर दिया खेला, ओबीसी से निकलेगी जाट वोट की काट..!

### 48 घंटे में भाजपा के तीन नये प्रयोग, नायब सैनी मुख्यमंत्री, चौधरी पुत्र को बाहर का रास्ता और दुष्यंत से गठबंधन तोड़ा



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज डेस्क/-** हरियाणा में जाट वोटों के विभाजन को लेकर भाजपा ने खेला कर दिया है। बीते 48 घंटे में भाजपा आलाकमान के तीन बड़े फैसलों ने सभी को चौंका दिया है। दरअसल भाजपा आलाकमान ओबीसी से जाट वोट की काट निकालने के जुगाड़ में लगी है जिसे लेकर भाजपा ने खट्टर की जगह नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया है। साथ ही चौधरी बिरेन्द्र सिंह के बेटे बृजेन्द्र सिंह को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं दुष्यंत चौटाला से गठबंधन तोड़कर भाजपा ने ओबीसी कार्ड का बड़ा खेला कर दिया है। हरियाणा में भाजपा अपनी एक सधी हुई रणनीति के तहत चल रही है। भाजपा ने इस बार लोकसभा में 400 पार सीट प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। जिसे लेकर भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है और नये प्रयोग भी कर सकती है। दरअसल भाजपा की रणनीति है कि अगर कांग्रेस, इनेलो और जजपा अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो जाटों के वोट तीन जगहों पर बंट जाएंगे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा गैर जाट वोटर को पूरी तरह से अपने पाले में लाने के लिए सारे प्रयोग कर रही है। इसी को लेकर भाजपा ने पिछले 48 घंटे में तीन बड़े फैसले लिये है। हालांकि अभी तक भाजपा गैर जाट वोटरों को अपना मानकर चल रही है और जाट वोटर की काट के लिए उसका पूरा इस्तेमाल भी करना चाहती है ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसे फायदा मिल सके। हरियाणा की राजनीति में प्रधानमंत्री मोदी ने वही प्रयोग किया है, जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में किया गया था। इन तीनों राज्यों में भाजपा ने मुख्यमंत्री पद पर नए चेहरों को मौका दिया था।



अब महज 48 घंटे के अंदर, हरियाणा में मोदी की प्रयोगशाला का नतीजा सामने आया है। दो दिन में तीन बड़े घटनाक्रम हो गए। पहला, 10 मार्च को हुआ, जब पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह के बेटे और हिसार लोकसभा सीट से भाजपा नाराज सांसद ब्रजेंद्र सिंह को मनाने की बजाए बाहर का रास्ता दिखा दिया जिसके बाद वो कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। दूसरा और तीसरा घटनाक्रम 12 मार्च को हुआ। भाजपा ने सुबह जजपा के साथ गठबंधन तोड़ दिया, तो दोपहर बाद नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का एलान कर दिया। नायब सैनी, पिछड़े वर्ग से आते हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इन तीनों घटनाक्रमों को अपनी पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत अंजाम दिया है। भाजपा ने हरियाणा में अचानक नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर कई निशाने साध दिए हैं। अब मनोहर लाल खट्टर को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। हालांकि खट्टर को सीएम बनाकर भाजपा ने गैर जाट वोटों को साधने का प्रयास किया था। इसमें भाजपा को काफी हद तक कामयाबी भी मिली थी। खट्टर, पंजाबी समुदाय से आते हैं। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में पंजाबी समुदाय की अच्छी खासी तादाद है। अब भाजपा ने सैनी को सीएम बनाकर पिछड़े समुदाय को साधने का प्रयास किया है। भले ही हरियाणा में सैनी समुदाय की संख्या ज्यादा नहीं है, लेकिन वे गैर जाट वोटों का हिस्सा हैं। प्रदेश में भाजपा का फोकस, गैर जाट वोटों पर ही रहा है। पार्टी के नेताओं की सोच है कि नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा को पंजाबी, दलित, पिछड़े, ब्राह्मण, बनिया व राजपूत समुदाय का सियासी फायदा मिलेगा।

## कोविंद समिति ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की व्यवहार्यता पर बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। एक बयान में कहा गया है कि समिति ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 18,626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में 2029 के चुनावों को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के तहत कराने की सिफारिश की है। बता दें कि दो सितंबर 2023 को समिति गठन के बाद से हितधारकों, विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध कार्य के बाद तैयार की गई है। समिति ने कहा है कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, जिसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं।

## अजय कपूर BJP में हुए शामिल



**मानसी शर्मा / -** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है. कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और राहुल गांधी के करीबी नेता अजय कपूर ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने दिल्ली में भाजपा का दामन थाम लिया है. अजय राय का कांग्रेस के साथ 35 साल का सफर अब खत्म हो गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर अब भाजपा शामिल हो गए हैं. बीजेपी में शामिल होने के बाद अजय कपूर ने कहा कि आज का दिन पुनर्जन्म की तरह, देश के प्रधानमंत्री मोदी के परिवार में शामिल होकर अभिभूत हूं. बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े ने बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर को शामिल करवाया.

भाजपा में शामिल होने से पहले अजय कपूर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा. उन्होंने लिखा- निवेदन है कि मैं लगातार 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा करता आ रहा हूं. अब मैं अपने पद एवं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं. आप से अनुरोध है कि आप मेरे इस्तीफे को स्वीकार करने की कृपा करें.

# एक बार फिर कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को मिली जान से मारने की धमकी

**मानसी शर्मा / -** कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के मामले में पक्षकार आशुतोष पांडेय को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें ये धमकी वृंदावन से हाईकोर्ट जाते वक्त आई। जो कॉल आई वो पाकिस्तान से आई जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। कहा जा रहा पाकिस्तानी शख्स ने आशुतोष पांडेय को व्हाट्सएप पर कॉल करके केस वापस लेने के लिए कहा और वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। दरअसल, कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के मामले में फिलहाल हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। आज हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है। इसी बीच उनके मोबाइल पर व्हाटसएप कॉल आई।



**पुलिस कर रही मामले की जांच**

कॉल करने वाले ने शख्स ने उनसे केस वापस लेने को कहा इसके साथ ही हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अपशब्द भी कहे और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। धमकी देने वाले शख्स का व्हाटसएप पर नाम राना फारूक दिखाई दे रहा है। जिससे पुलिस महकमा सतर्क हो गया और धमकी देने वाले का पता लगाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

**इससे पहले भी मिली धमकी**

वहीं इससे पहले फरवरी के आखिरी हफ्ते में भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। अब एक बार फिर से उन्हें धमकी मिली है।

**पोषणीयता को लेकर सुनवाई आज**

आज श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के मामले की पोषणीयता को लेकर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

जिसमें दावा किया गया कि शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर किया गया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से इस मामले में हाईकोर्ट में दलील दी गई कि वादी हिंदू पक्ष उस भूमि के मालिकाना अधिकार की मांग कर रहा है, जो 1968 में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह के प्रबंधन के बीच हुए समझौते का विषय था।

## कांग्रेस ने महिलाओं से किए 5 बड़े वादे, गरीब परिवार की हर महिला को मिलेगा 1 लाख रुपए

**मानसी शर्मा।** लोकसभा चुनाव को बस चंद महीने ही रह गए हैं. सियासी दल लुभावनी घोषणांए के वोटर्स को रिझाने की तमाम कोशिशों में जुट गए हैं. इस बीच अब कांग्रेस ने महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा कर दी है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि 'नारी न्याय गारंटी' के जरिए कांग्रेस 5 घोषणाएं कर रही है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया, 'नारी न्याय गारंटी योजना के तहत पहली घोषणा महालक्ष्मी गारंटी है. इसके तहत हर गरीब परिवार की एक-एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की मदद दी जाएगी. दूसरी घोषणा 'आधी आबादी पूरा हक' है. इसके तहत केंद्र सरकार के स्तर पर होने वाली नई भर्तियों में आधे से ज्यादा पर महिलाओं का अधिकार होगा मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया, 'तीसरी घोषणा 'शक्ति का सम्मान' है. इसके तहत आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा. चौथी घोषणा 'अधिकार मैत्री' है.



## पीएम मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का किया शिलान्यास



**मानसी शर्मा।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज का ये दिन ऐतिहासिक है आज हम इतिहास रच रहे हैं और उज्जवल भविष्य की तरफ बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। आज सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़े करीब सवा लाख करोड़ रुपए के तीन परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ये भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादन का एक ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगा।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज के कार्यक्रम में ताइवान के हमारे साथी भी वर्चुअली हमसे जुड़े हैं। मैं भारत द्वारा किए गए प्रयासों से बहुत उत्साहित हूं। 60 हजार से अधिक कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान आज के कार्यक्रम से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी, टेक्नोलॉजी ड्रिवेन है और इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। मेड इन इंडिया चिप, भारत में डिज़ाइन किया गया चिप, भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की तरफ ले जाएगी। चिप मैन्युफेक्क्ररिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि चिप मैन्युफेक्क्ररिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है, ये विकास का वो द्वार खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा हुआ है। इस सेक्टर से न सिर्फ भारत में रोजगार के नए अवसर बनने वाले हैं, बल्कि तकनीकी उन्नतिके क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होने वाली है।

**हम एक तरफ देश में तेजी से गरीबी कम कर रहे हैं- पीएम मोदी**

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हम एक तरफ देश में तेजी से गरीबी कम कर रहे हैं और दूसरी तरफ भारत में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्कर का भी निर्माण कर रहे हैं, देश को आत्मनिर्भर भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ 2024 में ही अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की योजना का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है।

## एसबीआई ने खोला चुनावी चंदे का राज, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफ़नामा



**मानसी शर्मा / -** सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चुनावी बॉन्ड को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की तरफ से ये हलफनामा पेश किया गया है। इस हलफनामें कहा गया है कि हमने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया है। हमने चुनाव आयुक्त को चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी साझा कर दी है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर बताया कि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन करते हुए भारत के चुनाव आयोग कोप्रत्येक चुनावी बांड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बांड का मूल्य प्रस्तुत किया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड के नकदीकरण की तारीख, योगदान प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और उक्त बांड के मूल्य के बारे में विवरण भी प्रस्तुत किया है। एसबीआई का कहना है कि डेटा 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच जिनमें से 22,217 बॉन्ड खरीदे और 22,030 भुनाए गए है। बांड के संबंध में प्रस्तुत किया गया है।

**मामला** | 37 लोक अदालत बेंचों के माध्यम से सुलझाये गये 203,948,345 करोड़ रूपये जुर्माने के 19,108 मामले

# डीएलएसए दक्षिण-पश्चिम ने द्वारका कोर्ट में किया लोक अदालत का आयोजन

**द्वारका/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** एनएएलएसए और डीएसएलएसए के तत्वावधान में डीएलएसए दक्षिण-पश्चिम ने द्वारका जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। इस अवसर पर 37 लोक अदालत बेंचों के माध्यम से 19,108 मामलों को आपसी सहमति के आधार पर सुलझाया गया। लोक अदालत में करीब 203,948,345/- करोड़ रूपये के जुर्माने का निपटान किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दक्षिण पश्चिम डीएलएसए प्रवीण कुमार, एलडी. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष, दक्षिण पश्चिम डीएलएसए के मार्गदर्शन में किया गया। बता दें कि गरीबों और वंचित लोगों को न्याय दिलाने के लिए और अदालतों में या पूर्व-मुकदमेबाजी चरण में लंबित मामलों को सौहार्दपूर्ण समझौते के माध्यम से निपटाने के लिए, एनएएलएसए और डीएसएलएसए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करते रहे है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. ओमपाल शौकीन, एलडी. दक्षिण पश्चिम डीएलएसए के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों/मामलों को अंतिम रूप देने और विवादित पक्षों की संतुष्टि के



साथ निर्णय लेने का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। हाल के दिनों में, राष्ट्रीय लोक अदालत ने ऐसे सभी मामलों को सिस्टम से हटाने के लिए न्यायपालिका के पास एक शक्तिशाली हथियार के रूप में काम किया है, जिन पर वास्तव में न्यायालय के ध्यान और समय की आवश्यकता नहीं है। उन्होने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन.आई. के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में अधिनियम, आपराधिक समझौता योग्य मामले, सिविल मामले, बैंक वसूली मामले, श्रम विवाद के तहत मामले और समझौता योग्य यातायात चालान के मामले उठाए गए। डॉ शौकीन ने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत से उन वादियों को अत्यधिक लाभ हुआ जो अपने मामलों को सस्ते और तेजी से सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने में रुचि रखते थे और उन वादियों को भी जो अपने शमनीय ट्रैफिक चालान के निपटान का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो वर्चुअल और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस पोर्टल पर लंबित थे। इस अदालत में 30 नवंबर, 2023 तक की अवधि के मामलों को शामिल किया गया। ट्रैफिक अदालतों में भीड़भाड़ से बचने के लिए, वादियों को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस पोर्टल की वेबसाइट पर दिए गए समर्पित वेबलिंक से अपनी चालान पर्चियों को डाउनलोड करने और प्रिंटआउट लेने की आवश्यकता थी और वादियों को अपना कोर्ट परिसर, कोर्ट नंबर चुनने की सुविधा प्रदान की गई थी। साथ ही उनकी चालान पर्चियां बनाने के दौरान टाइम स्लॉट भी उपलब्ध कराया गया। डॉ. ओमपाल शौकीन, एलडी. दक्षिण पश्चिम डीएलएसए के सचिव ने व्यक्तिगत रूप से वादियों से बातचीत करके उन्हें लोक अदालत के फायदे बताए और मामलों और ट्रैफिक चालान के निपटान के दौरान सुचारू और निर्बाध प्रक्रिया सुनिश्चित की।

उन्होने बताया कि द्वारका कोर्ट परिसर में, 37 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया, जिसमें कुल 19,108 मामले, जिनमें प्री-लिटिगेटिव और लंबित मामले शामिल थे, का निपटारा किया गया और समझौता/जुर्माना राशि लगभग रु.203,948,345/- थी।

खास ख़बर

## चिराग दिल्ली में कुख्यात बदमाश व उसके बेटे की चाकू मारकर हत्या



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** राष्ट्रीय राजधानी में हत्याओं की वारदातें थमने का नाम नही ले रही हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस हमेशा सख्त सुरक्षा व्यवस्था होने का दावा करती है लेकिन हर रोज बढ़ते अपराध पुलिस के दावों को पोल खोल रहे हैं। ताजा मामला रविवार रात चिराग दिल्ली इलाके का है। यहां केबल कर्मचारी एवं कुख्यात बदमाश व उसके बेटे की कुछ लोगों ने चाकू के ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान जय भगवान (55) और उसके 22 वर्षीय बेटे शुभम के रूप में की गई है। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचती है, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया जाता है। इस वारदात को पड़ोसियों के साथ झगड़े के बाद अंजाम दिया गया बताया जा रहा है। इस संबंध में डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने कहा कि हमें रात 8 बजे एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने कहा कि किसी ने उसके पिता को चाकू मार दिया है। पहुंचने पर पता चला कि जय भगवान और उसके बेटे को 4-5 लोगों ने चाकू मार दिया है। पुलिस ने कहा कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**पुराना अपराधी था एक मृतक**

पुलिस ने बताया कि मृतक पिता थाने द्वारा घोषित पुराना अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, स्नैचिंग आर्म्स एक्ट आदि के कई मामले दर्ज हैं। हालांकि यह झगड़ा किस बात को लेकर हुआ था, यह अभी साफ़ नहीं हुआ है और ना ही हत्यारों की अभी पहचान हो सकी है। मामले की जांच जारी है और हत्यारों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।दोनों केबल कर्मचारी थे। घटना रविवार रात करीब 8 बजे चिराग दिल्ली के कुम्हार चौक के पास की बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, मृतक के परिवार ने दावा किया कि हत्या में शामिल लोगों ने पहले कई शिकायतों के बावजूद पुलिस निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए उनके घर पर पथराव किया था।

## दीन दुखियों की सेवा के लिए भिलाई की पूजा शर्मा सम्मानित

**भिलाई/शिव कुमार यादव/-** महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था ने प्रदेश की 36 सक्रिय समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर शक्ति सिद्ध सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा समाज सेवी पूजा शर्मा को भी इस गौरवपूर्ण अवार्ड से सम्मानित किया गया। दुर्ग सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल ने राजधानी रायपुर के महाराष्ट्र मंडल भवन में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान किया। पूजा पिछले दस वर्षों से छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। गरीब, पिछडी और कुष्ठ बस्तियों में उन्होंने काफी सेवाएं दी है। इसी के फलस्वरूप पूजा शर्मा को यह सम्मान हासिल हुआ है।

# मानेसर, दिल्ली व जालंधर में छाए बीआरजी के धावक

### ● होंडा मानेसर हाफ मैराथन में बीआरजी की प्रिती ने पहला व हर्ष मलिक ने दूसरा स्थान किया हासिल



**गुरूग्राम/नई दिल्ली/जालंधर/शिव कुमार यादव/-** रविवार को मानेसर होंडा हॉफ मैराथन, न्यू दिल्ली स्टेडियम रन व जालंधर 21 किमी रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक छाए रहे। तीने प्रतियोगिताओं में बीआरजी के धावकों ने पहला स्थान हासिल कर बहादुरगढ़ का नाम रोशन कर दिया। मानेसर होंडा हॉफ मैराथन में प्रिती ने 10 किलोमीटर मे पहला स्थान, हर्ष मलिक ने 10 किलोमीटर मे दूसरा स्थान व न्यू दिल्ली स्टेडियम 6 घंटे रन में गुलाब सिंह ने पहला स्थान तथा 21 किलोमीटर दौड जालंधर पंजाब में सोनू कुशवाहा ने पहला स्थान हासिल किया है।

**बीते रविवार को दूसरी बार होंडा मानेसर हाफ मैराथन**

मानेसर (हरियाणा) में एचएमएसआई की वैश्विक संसाधन फैक्ट्री से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। मैराथन को होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण- '2050 तक वैश्विक स्तर पर होंडा मोटरसाइकिल और ऑटोमोबाइल से जुड़ी शून्य यातायात टक्कर मृत्यु दर के लिए प्रयास' की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। सड़क सुरक्षा के नेक काम को आगे बढ़ाते हुए, एचएमएसआई ने एनजीओ डीवीनिटी सर्विसेज के साथ साझेदारी की और उनकी सड़क सुरक्षा पहल का समर्थन करने के लिए मैराथन की पूरी आय दान कर दी। इस कार्यक्रम की शोभा एक्टर जिमी शेरगिल ने बढ़ाई, जिन्होंने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और पूरी दौड़ के दौरान उनके उत्साह को ऊंचा रखा। होंडा मानेसर हाफ मैराथन दूसरे साल सभी आयु वर्ग के लोगों को खुश करने के लिए, मैराथन को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया था। पहली श्रेणी 21.1 किमी, दूसरी 10 किमी व तीसरी 5 किलोमीटर की दौड कराई गई। हाफ मैराथन (21.1 किमी) में 2600 से अधिक धावकों ने भाग लिया, जबकि 10 किमी दौड़ में लगभग 1700 धावको ने तथा 5 किमी में 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन दौड़ों में दीपक छिल्लर, डा किरण छिल्लर को रनिंग कैटालिस्ट के रुप मे आमंत्रित किया गया। दीपक छिल्लर ने बताया कि बहादुरगढ रर्नस ग्रुप के 150 धावक भी इस दौड़ में शामिल थे। जिन्होने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर बहादुरगढ शहर को दर्शाया।

प्रिती ने 10 किलोमीटर मे पहला स्थान, हर्ष मलिक ने दूसरा स्थान हासिल किया और इनाम राशी जीती। इस मैराथन में बीरआजी के परवीन कुमार सांगवान, सौरभ शौकीन, विनीत कुमार सिंह, शाश्वत आनंद वर्मा, राजेश रघुवंशी, राजेश कुमार, मुन्नी देवी, सुनील कुमार, धर्मवीर, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, बलजीत सिंह, बह्म प्रकाश, इमरोज़ खान, पन्नेलाल यादव, अभय श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, निरंजन महालिक, संदीप, वेद प्रकाश, अनुराग सचान, सुनील कश्यप, कौशल शर्मा, नरेंदर, रणबीर सांगवान, सुमित, नवनीत सिंह, सुषमा सहरावत, रंजन अग्रवाल, धर्मवीर, अनुष्का शर्मा, अनिल शर्मा, प्रमोद, अजय कुमार, अनिल कुशवाह, वीरू कुशवाह, जसवीर सिंह जून, संदीप, अवनेश पंवार, हरदेव सिंह ढिल्लों, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, जगदीश राठी, देस राज ओहलान, संदीप ग्रेवाल, पवन जैलदार, विकास अहलावत, राकेश कुमार, वासु गौड़, प्रदीप कुमार, अभय टेटे, राज पाल, राकेश कुमार, सुनील सीकरी, मनोज, अंगद सिंह, राकेश कुमार, भोज राज, नीरज छिल्लर, सुमित राणा, सन्नी राणा, अमनदीप, गुलाब सिंह, नवीन राणा, धर्मवीर, मुकेश कुमारी, कुलवंत सिंह, सोनू कुशवाह, नीरज दलाल, सुरेंद्र गुलिया, धर्मवीर, कृष्ण मूर्ति, मोहित मेंदीरत्ता, नरेश कौशिक, जी के यादव, निश्चल, परमजीत कुमार, ईशवंती देवी, विहान छिल्लर, संजू सैनी, निकुंज, सुमन, नीरज, मनीष सहरावत, मोक्ष, साक्षी व लछमन ने सफलतापूर्वक दौड पूरी कर जन-जन तक रोड सेफ्टी का संदेश पहुंचाने का प्रण लिया।

## अमितशाह ने दिया सेवानिवृत अर्धसैनिकों व उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का तोहफा

नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/- पिछले 9 सालों से बीस लाख पैरामिलिट्री परिवारों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सेवानिवृत अर्धसैनिकों व उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का तोहफा दिया है। अर्धसैनिकों की आवाज को उठाने वाले कॉनफैडरेसन आफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेज मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह के इस ऐलान पर उनका आभार जताया है। महासचिव रणबीर सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा गया कि नई दिल्ली में सीएपीएफ एम्स और एम्स के बीच एक एमओयू साइन करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान (सीएपीएफआईएमस) में पहले चरण में 970 बैड की सुविधा होगी, बाद में बैड की संख्या को बढ़ाया जाएगा। इन 970 बैड में 500 जनरल चिकित्सा, 300 सुपर स्पेशियलिटी तथा 170 आईसीयू/क्रिटिकल केयर के लिए होंगे। पूर्व एडीजी श्री एचआर सिंह ने पैरामिलिट्री सेनापति व देश के लोकप्रिय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा केंद्रीय सशस्त्र बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान को 2207.50 करोड़ बजट अलॉट करने के लिए उनको धन्यवाद दिया। सीएपीएफआईएमस जिसका संचालन एम्स नई दिल्ली द्वारा किया जाएगा जिससे केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सेवारत जवानों , उनके आश्रितों, सेवानिवृत्त पैंशन भोगियों व सामान्य लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। इसके अलावा सीएपीएफ एम्स मैदान गढ़ी, दक्षिणी दिल्ली में एक सीएपीएफ मैडिकल कॉलेज भी होगा जिसमें 100 सीटें मैडिकल,60 सीटें नर्सिंग कोर्स के लिए और 300 सीटें पैरामेडिकल कोर्स के लिए होंगी। साथ ही 10 सीटें पोस्ट डाक्टरल डिग्री के लिए भी होंगी।



## सीएए को सीएम ममता बैनर्जी ने बताया अधिकार छीनने का खेला



**कोलकाता/शिव कुमार यादव/-** केंद्र सरकार ने सोमवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भाजपा समर्थक जहां सरकार के इस फैसले पर खुशी जता रहे हैं, वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ मुखर हो गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले सीएए लागू करने को बंटवारे की राजनीति करार दिया। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे अधिकार छीनने का खेला बता दिया। साथ ही उन्होने इसकी वैधता पर भी संदेह जताया।

**कई लोगों ने आत्महत्या की थी**

ममता बनर्जी ने कहा, 'केंद्र सरकार ने कल सीएए लागू किया। मुझे संदेह है कि इनके द्वारा लाया गया कानून वैध भी है या नहीं। इसे लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टता नहीं है। साल 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदूओं को सूची से हटा दिया गया था। इसकी वजह से कई लोगों ने आत्महत्या कर ली थी।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं पूछती हूं, अगर वे लोग दर्खास्त करेंगे तो क्या उन्हें नागरिकता मिलेगी? उनके बच्चे का भविष्य क्या होगा? उनकी संपत्ति का क्या होगा? इससे आपके सभी अधिकार छीन लिए जाएंगे, आपको अवैध घोषित कर दिया जाएगा। आपके पास कोई अधिकार नहीं बचेगा। यह अधिकार छीनने का खेला है। आपको डिटेंशन कैंप में ले जाया जाएगा।

## नफे सिंह राठी के शूटरों का सीसीटीवी आया सामने, गोवा के होटल में दिखे चारों एक साथ




**बहादुरगढ़/शिव कुमार यादव/-** हरियाणा के बहादुगढ़ में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी हत्याकांड का एक और सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें चारों शूटर गोवा के एक होटल में ठहरे दिखाई दे रहे है। हालांकि पुलिस ने 4 मार्च को होटल में छापा मारकर दो शूटर को गिरफ्तार लिया था लेकिन होटल से दो शूटर कैसे फरार हो गये पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में लगी है। यह वीडियो 1 मार्च का बताया जा रहा है। वीडियो गोवा के किसी होटल का है, जहां वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी छिपे हुए थे। 4 मार्च की अल सुबह पुलिस ने होटल में छापा मार कर दो शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली थी। वहीं, दो शूटर पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकले थे। यह सभी शूटर कपिल सांगवान उर्फ नन्दू गैंग से जुड़े हुए बताये जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चारों आरोपी होटल में आराम से बैठे हुए हैं और उनके चेहरे पर किसी तरह का पछतावा दिखाई नहीं दे रहा है। फिलहाल, झज्जर पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है, लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। पकड़े गए आरोपियों से भी पूछताछ चल रही है,

लेकिन इस हत्याकांड की मुख्य वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस ने फरार आरोपियों पर 1-1 लाख रुपये का इनाम भी रखा है। नफे सिंह राठी के परिवार के सदस्य आज झज्जर में पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन से मुलाकात करेंगे। हरियाणा के बहादुरगढ़ में 26 फरवरी 2024 को इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या कर दी गई थी. नफे सिंह राठी अपने काफिले के साथ जब जा रहे थे तो आरोपी चारों शूटर्स ने रेलवे फाटक पर घेरकर नफे सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां मारी थी।

## कल तक पूरी डिटेल्स के साथ रिपोर्ट जमा कराये एसबीआई- एससी



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट से सोमवार (11 मार्च, 2024) को उस समय तगड़ा झटका लगा जब एससी ने चुनावी बॉड मामले में एसबीआई की याचिका को खारिज करते हुए राजनीतिक पार्टियों के चुनावी बॉड की पूरी जानकारी कल तक जमा कराने के निर्देश दिये। हालांकि एसबीआई ने कोर्ट से राजनीतिक दलों की ओर से भुनाए गए चुनावी बॉन्ड के डिटेल की जानकारी देने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाए जाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान एसबीआई को आदेश दिया कि वह कल यानि कि 12 मार्च, 2024 तक सर्वोच्च अदालत को पूरे आंकड़े उपलब्ध कराए।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डी.वाई.चंद्रचूड़ ने आदेश देते हुए कहा कि एसबीआई ने कहा कि कैश कराने वाले की जानकारी भी अलग से रखी है। दोनों को मिलाना कठिन काम है। 22 हजार से अधिक चुनावी बॉन्ड साल 2019 से 2024 के बीच खरीदे गए।

2 सेट्स में आंकड़े होने के चलते कुल आंकड़ा 44 हजार से अधिक है। ऐसे में उसके मिलान में समय लगेगा। हम एसबीआई का आवेदन खारिज कर रहे हैं। एसबीआई कल यानी 12 मार्च तक उपलब्ध आंकड़ा दें। चुनाव आयोग 15 मार्च तक उसे प्रकाशित करे। हम अभी एसबीआई पर अवमानना की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं पर अब पालन नहीं किया तो अवमानना का मुकदमा चलाएंगे।

**कोर्ट ने पूछा दिक्कत कहां है?**

वहीं, सुनवाई के दौरान एसबीआई ने जब सुप्रीम कोर्ट से वक्त देने की मांग की तो कोर्ट ने कहा कि कहां दिक्कत आ रही है? आपके पास तो सील बंद लिफाफा है, उसे खोलो और सुप्रीम कोर्ट को आंकड़ा उपलब्ध कराओ। एसबीआई के वकील हरीश शाल्वे ने कहा, ÷हमने एक्स्ट्रा टाइम की रिक्वेस्ट की है। आदेश के मुताबिक, हमने चुनावी बॉन्ड देना बंद कर दिया है। आंकड़े देने में भी कोई समस्या नहीं है लेकिन उन्हें व्यवस्थित करने में कुछ समय लगेगा। इसके पीछे कारण बताते हुए उन्होंने आगे कहा, इसका कारण ये है कि हमें पहले बताया गया था कि ये गुप्त रहेगा, इसलिए बहुत कम लोगों के पास इसकी जानकारी थी। ये बैंक में सभी के पास उपलब्ध नहीं था।

## सीएए लागू होने पर दिल्ली के मजनू का टीला पर जश्न



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम कानून लागू कर दिया है। इस कानून का कई लोग समर्थन कर रहे हैं तो विपक्षी पार्टियां इसका पुरजोर विरोध भी कर रही हैं। हालांकि सीएए लागू होने पर दिल्ली के मजनू का टीला पर पाक शरणार्थियों में जश्न का माहौल दिखा। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर इसका समर्थन किया। इसके साथ ही भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी मजनू का टीला पर पाकिस्तानी शरणार्थियों के बीच पंहुचे और उनसे मुलाकात भी की। नागरिकता संशोधन एक्ट लागू होने के बाद मजनू का टीला पर पाकिस्तानी शरणार्थी जश्न मना रहे हैं। यहां महिलाएं सीएए लागू होने के बाद एक दूसरे को रंग लगा रही हैं। होली से पहले महिलाएं एक दूसरे के साथ होली का पर्व मनाती हुई नजर आ रही हैं। जबकि दूसरी तरफ सीएए लागू होने के बाद भाजपा सांसद मनोज तिवारी मजनू का टीला पहुंचे। सीएए की अधिसूचना जारी होने के बाद दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रह रहे पाकिस्तानी शरणार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें मकान देने का आश्वासन भी दिया। मुलाकात के दौरान पीड़ितों ने कहा कि हम मोदी को भगवान राम का अवतार मानते हैं।

**क्या है सीएए कानून**

गौरतलब है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-दस्तावेज गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की राष्ट्रीयता देने के लिए लाया गया है। गैर मुस्लिम प्रवासियों में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई हैं। नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो: (प) पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या (पप) वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।

## भारत की यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ 16 साल बाद पक्की हुई बड़ी डील



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** भारत के साथ पिछले 16 साल से महत्वपूर्ण व्यापार समझौते पर अटकी यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ की डील पर आखिर 10 मार्च हस्ताक्षर हो गये। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि 4 ईएफटीए देशों ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है। इस डील से 10 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। ईएफटीए देशों द्वारा किए गए निवेश में हरित और पवन उर्जा, फार्मा, स्वास्थ्य मशीनरी और खाद्य क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों और नौकरियों के लिए बड़े अवसर होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि ईएफटीए देश इन सेक्टरों में सबसे ज्यादा निवेश करेंगे। यह सौदा 15 साल की अवधि में 100 अरब डॉलर के निवेश के लिए किया गया है। भारत ने समझौते के बाद 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर के निवेश की मांग की थी, और अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्यों से अतिरिक्त 50 अरब डॉलर की मांग की थी। इस समझौते से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

भारत इन देशों के लिए विभिन्न वस्तुओं पर आयात शुल्क भी कम करेगा। हालाँकि, इस समझौते में कृषि, सोया, डेयरी और कोयला शामिल नहीं हैं। इसलिए भारतीय बाजार पीएलआई से संबंधित क्षेत्रों के लिए खुला नहीं है। समझौता पूरा होने के बाद अब इन देशों की संसद की मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी के बाद भारत के साथ मुक्त व्यापार होगा। मुक्त व्यापार के बाद इन देशों से भारत आने वाली वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी, क्योंकि ये देश इस समझौते के तहत अपने आयात शुल्क कम कर देंगे। भारत से होकर गुजरने वाली वस्तुओं पर आयात शुल्क में भी कमी आएगी।

## कौन है नायब सिंह सैनी? जो मनोहर लाल के बाद संभालेंगे हरियाणा की सत्ता



**मानसी शर्मा / -** कुरूक्षेत्र के सांसद नायब सैनी हरियाणा के नये मुख्यमंत्री होंगे। विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग गई है। नायब सैनी आज शाम 5 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही हरियाणा में और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूट गया है। कहा जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के कारण यह गठबंधन टूटा है। आइए अब इसी के साथ जानते हैं कि नायब सिंह सैनी कौन हैं? नायब सिंह सैनी का जन्म 25 जनवरी 1970 को अंबाला के एक छोटे से गांव मिज़ापुर माजरा में एक सैनी परिवार में हुआ था। उन्होंने मुजफ्फरपुर में बी.आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय और चौ। बीए और एलएलबी की डिग्री हासिल की है। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े जिसके माध्यम से उनकी मुलाकात मनोहर लाल खट्टर से हुई और वह उनसे प्रभावित हुए। कुछ समय बाद वह भाजपा में शामिल हो गए और उसके बाद अंबाला छावनी में इसके अध्यक्ष सहित कई स्थानीय पार्टी कार्यालयों में कार्य किया।

### दिल्ली के अंबेडकर कॉलेज के पीछे पुलिस व बदमाशों बीच हुई मुठभेड़

## गोलियों की तड़तड़ाहट से गुंजी दिल्ली, पुलिस ने मुठभेड़ में तीन बदमाश दबोचे



**नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** वैसे तो दिल्ली में गोलियां चलना कोई नई बात नही है लेकिन बदमाशों द्वारा तड़ातड़ पुलिस पर गोलियां चलाना एक सोचनीय विषय है। जो पुलिस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था पर सवालियां निशान उठाता है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में अंबेडकर कॉलेज के पास बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने तीन बदमाशों को काबू किया है। 26 गोलियां दोनों ओर से चली। तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। ये बदमाश हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, जैसे मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबेडकर कॉलेज के पीछे ज्योति नगर में रात डेढ़ बजे के करीब बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने वांछित अपराधियों को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना पर इंस्पेक्टर राहुल अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन हुआ। अंबेडकर कॉलेज के पीछे नाला रोड पर पुलिस ने जाल बिछाया और तीन अपराधियों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्कूटी पर सवार थे। पुलिस पार्टी ने उन्हें चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया। रुकने के बजाय उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दीं और भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में तीनों अपराधियों के पैर में गोली लगी। जिसके वह सभी घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान कुल 26 राउंड फायरिंग हुई। 13 गोलियां तीन आरोपियों ने चलाईं और जबकि 13 गोलियां पुलिस टीम ने चलाईं। अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही।

## सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद कहा



**गुवाहटी/शिव कुमार यादव/-** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना एनआरसी के आवेदन पर नागरिकता मिलती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। उनका यह बयान सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को लागू करने पर असम में विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद आई है। असम के सीएम ने कहा, मैं असम का बेटा हूं और अगर एक भी व्यक्ति जिसने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है और उसे नागरिकता मिलती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद लाखों की संख्या में लोग राज्य में प्रवेश किए थे। उन्होंने कहा, अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएए को लेकर कुछ भी नया नहीं है अब पोर्टल पर आवेदन का समय आ गया है।

**ख़ास ख़बर**

## पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी ने भरी हुंकार, कहा- इंडी गठबंधन के सारे नेता बौखला गए है



मानसी शर्मा / - पश्चिम बंगाल के बारासात जिले के उत्तर 24 परगना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी का अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में की वापसी पक्की देखकर, INDI alliance के सारे नेता बौखला गए हैं। इस इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, केंद्र में एनडीए की सरकार की वापसी देख अब इंडी गठबंधन के सारे नेता बौखला गए है इसलिए अब वे मोदी को गालियां देना शुरू कर दिया है। वे आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। वे कह रहे हैं कि मेरा खुद का परिवार नहीं है इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात कर रहा हूं। ये लोग मेरे परिवार के बारे में जानना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि ये परिवारवादी हमारी सभा के साक्षी बनें और समझें कि यहां मौजूद सभी लोग मेरा परिवार है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि मेरे देश की बहनें, यही तो मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण इसी परिवार के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि जब मोदी को कोई कष्ट होता है - तो यही माताएं-बहनें-बेटियां कवच बनकर खड़ी हो जाती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे काम को देखकर पूरा देश, प.बंगाल और हर माता-बहन कह रही है कि अबकी बार 400 पार, अबकी बार NDA सरकार 400 पार।

# प्रधानमंत्री मोदी -द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन



**मानसी शर्मा /** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज द्वारका एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा राष्ट्र को समर्पित करेंगे. पहले चरण में पश्चिमी दिल्ली की सीमा से शुरू होकर हरियाणा में दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित खेड़की दौला टोल प्लाजा तक यातायात खोला जाएगा. इसको लेकर गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने 11 मार्च के लिए एक यातायात एडवाइजरी जारी की है इस हिस्से की कुल लंबाई 19 किलोमीटर है. इस दौरान प्रधानमंत्री दिल्ली की सीमा के अंदर एक्सप्रेसवे के निर्माणाधीन करीब 10 किलोमीटर लंबे हिस्से का निरीक्षण भी करेंगे.

ट्रैफिक पुलिस ने इस रास्तों की बजाय वैकल्पिक रास्तों को अपनाने की सलाह दी है. ओल्ड सिटी में राजीव चौक, हीरो होंडा चौक से आगे नरसिंहपुर तक हेवी ट्रैफिक रहेगा. यहीं से द्वारका एक्सप्रेसवे के एंट्री- एग्जिट पॉइंट हैं. यहीं से सेक्टर 84 जनसभा स्थल का रास्ता है. इससे आगे ह्#48 से ही रामपुरा चौक से नए सेक्टरों की ओर रास्ता है. यहां पर भी दिन भर हेवी ट्रैफिक रहेगा. इसके आगे केएमपी से ही हेवी ट्रैफिक को टर्न करवाया जाएगा, ताकि वाहन एक्सप्रेसवे और नए सेक्टरों की ओर न आ सकें. इससे बचने के लिए पटौदी रोड का विकल्प है. केएमपी से भी बिलासपुर जाया जा सकता है. डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री कुछ समय के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे का पैदल अवलोकन भी करेंगे। एनएचएआई द्वारा द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण किए जाने से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर यातायात कम होगा और वाहन चालकों को भी सुविधा होगी। एनएच-48 से बजघेड़ा बॉर्डर तक यह एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार हो चुका है, जिसकी लंबाई करीब 18 किलोमीटर की है। जल्दी ही इस मार्ग का दिल्ली की तरफ का हिस्सा बनकर तैयार हो जाएगा। एडवायजरी के मुताबिक, इसके अलावा परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के निकट, सेक्टर -21 मेट्रो स्टेशन से पैसिफिक मॉल कट, गोल्फ कोर्स रोड से धूलसिरस चौक व बामनोली और भरथल चौक से धूलसिरस चौक और छावला रोड तक यातायात नियंत्रित किया जाएगा. इसमें कहा गया है कि रेलवे स्टेशन, अस्पताल और आईएसबीटी की ओर जाने वाले वाहन चालकों को यात्रा शुरू करने से पहले योजना बनाने की सलाह दी जाती है. इसी हिस्से को उद्घाटन के बाद खोल दिया जाएगा. इसके खुलने पर पश्चिमी दिल्ली से जयपुर जाने वाले लोगों को गुरुग्राम के अंदर जाने की जरूरत नहीं होगी. हालांकि, एक्सप्रेसवे का असल लाभ दिल्ली की सीमा में पैकेज-1 और 2 का काम पूरा होने के बाद मिलेगा. जब एक्सप्रेसवे दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित शिव मूर्ति चौक से लेकर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पूरी तरह से जुड़ जाएगा.

## सीएम मनोहर लाल ने महिलाओं से किया बड़ा वादा



**मानसी शर्मा /** - हरियाणा के करनाल में लखपति दीदी सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अंदर एक विशेष गुण है, उनकी बहादुरी और उनकी संपन्नता लेकिन इसके साथ ही उन्हें कष्ट भी अधिक होते हैं। अगर महिला परिवार में संस्कारित है तो वे तीन पीढ़ियों को सुधार देती हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इतने बड़े महत्वपूर्ण हिस्से के लिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं के हित में यह योजना लाए, जिसमें सेल्फ हेल्प, कौशल विकास सहित अन्य शामिल हैं। हरियाणा में लगभग 55,000 सेल्फ हेल्प ग्रुप बने हुए हैं। सीएम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में करीब पांच हजार बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी, इन्हें ड्रोन दीदी बनाएंगे। इस संदर्भ में 200 बहनों को ड्रोन उपलब्ध करा कर काम भी दिला दिया गया है। लिक्विड यूरिया छिड़काव के लिए ड्रोन सीख कर महिलाएं कारगर साबित होंगी। जो बहनें रसोई तक सीमित थी वो अब वैज्ञानिक तौरपर ड्रोन चला रहा है, सीख रही हैं। करनला में सीएम मनोहर लाल ने कहा कि लखपति बनने के बाद वो पूरे परिवार को सपोर्ट करती हैं। एक महिला तीन पीढ़ियों को संभालती है। उन्होंने कहा, ÷जन संवाद में मैने देखा बहनें अच्छा काम कर रही है, उन्हें सांझा बाजार देने का काम किया है। फतेहाबाद में सांझा बाजार तैयार है, जल्द ही उद्धघाटन होगा। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि लखपति दीदी सम्मेलन के दौरान ड्रोन उड़ाते हुए दिखे। उन्होंने कहा, हमने वादा किया है कि हम महिलाओं को 5000 ड्रोन मुहैया कराएंगे ताकि उन्हें कृषि में हर तरह से मदद मिल सके।

## आरजेडी-कांग्रेस अपने परिवार का भला करने वाली पार्टी, वो आपका भला नहीं कर सकते- अमित शाह



**मानसी शर्मा /** - बिहार के पटना में पिछड़ा अति पिछड़ा सम्मेलन में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर कई तीखे वार किए। इस दौरान उन्होंने परिवारवाद से लेकर घोटालों तक पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। वहीं उन्होंने कश्मीर में धारा 370 हटाने की बात कह कर और अयोध्या में राम मंदिर को लेकर कांग्रेस और आरजेडी पर करारा प्रहार किया।

पटना पहुंचे अमित शाह ने भारत माता की जय के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते हुई बीजेपी की चुनावी मंशा भी क्लीयर कर दी। बोले.. कि पाटिलीपुत्र वालों की आवाज को क्या हो गया। उन्होंने जनता से पूछा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है कि नहीं। एनडीए को चार सौ पार पहुंचाने का संकल्प करवाते हुए अमित शाह ने कहा ये जो भूमि है ये चंद्रगुप्त मौर्य, चाणक्य और सहजानंद जी की भूमि है। वह बोले, यह भूमि हमारे नेताओं की भूमि है। बाबू कुंवर सिंह जी, जय प्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम जी, राजेंद्र बाबू और भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को प्रणाम करते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं यहां भाजपा के पहले जिलाध्यक्ष कन्हाई बाबू को भी याद करता हूं। जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां कि जनता ने हमारी झोली कमल से भरी हैं। 2014 में आए तो 31 सीटें दीं। 2019 में आए तो 39 सीटें दीं अब 2024 में 40 की 40 सीटें बीजेपी की झोली में डालनी है।

**'कांग्रेस और आरजेडी ने किया सिर्फ अपने परिवार का सम्मान'**

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता की ओर से मोदी जी को धन्यवाद करना चाहता हूं कि लंबे अर्से तक सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस और आरजेडी ने कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न नहीं दिया। उन्हें भारत रत्न देने का काम पीएम मोदी ने किया। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी भी पिछड़ों के नाम पर परिवार के लिए जिए। कांग्रेस की सोनिया जी का एक मात्र लक्ष्य राहुल को पीएम बनाना है। वहीं लालू जी का एक मात्र लक्ष्य अपने बेटे को सीएम बनना है।

## दिनदहाड़े कर्तव्य पथ पर हुई चाकूबाजी



**मानसी शर्मा /** - देश की राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सनसनीखेज वारदात घटी है जहां दिनदहाड़े एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लेकिन पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, फोटोग्राफर और एक युवक में झगड़ा हो गया जिसके बाद सबसे सेंसिटिव इलाकों में से एक कर्तव्य पथ पर चाकूबाजी हो गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर में फोटोग्राफर और युवक के बीच में झड़प हो गई जिसके बाद से युवक ने फोटोग्राफर पर चाकू से हमला कर दिया। युवक ने पीड़ित के हाथ और गले में चाकू से वार किए। जानकारी के अनुसार, पीड़ित शख्स जो है वो इंडिया गेट पर फोटोग्राफी का काम करता है।

पुलिस के अनुसार,आरोपी का नाम योहान है और वो मानसिक रूप से भी ठीक नहीं लग रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी शख्स तेलंगाना का रहने वाला है। वो आरोपी तेलंगाना से भी घर से भागा हुआ है और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बता दें, कर्तव्य पथ दिल्ली के सबसे सेंसिटिव इलाकों में से एक माना जाता है। ये रोड राष्ट्रपति भवन को इंडिया गेट से जोड़ती है। ये वहीं रोड है जहां महीने भर पहले ही 26 जनवरी की परेड हुई थी और यहां पर देश दुनिया के नामचीन शख्स इकट्ठा हुए। इस इलाके में कई मंत्रालय और प्रशासनिक भवन भी मौजूद हैं। यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। इन इंतजामों के बावजूद चाकूबाजी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। लेकिन पुलिस ने समय रहते ही आरोपी शख्स को पकड़ लिया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## हरियाणा में बीजेपी को बड़ा झटका, बृजेंद्र सिंह भाजपा छोड़ थाम सकते हैं कांग्रेस का 'हाथ'



**मानसी शर्मा /** - लोकसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों में दल-बदल जारी है। कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ बीजेपी का दामन थाम चुके हैं। लेकिन आज यही झटका कांग्रेस को लगता नजर आया है। दरअसल, हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट से सांसद बृजेंद्र सिंह चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। बृजेंद्र सिंह ने ट्वीट कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी है। इस्तीफा देने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह चौधरी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पहुंचे। दोनों ने मुलाकात की है। ख़बरें सामने आ रही हैं थोड़े ही समय में वे कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं। हालांकि, दूसरी तरफ चौधरी बीरेंद्र सिंह के बीजेपी छोड़ने की कोई चर्चा नहीं हो रही है।

**ट्वीट कर दी जानकारी**

सांसद बृजेंद्र चौधरी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर के अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'मैं राजनीतिक कारणों की वजह से बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मैं पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह का हिसार के संसद सदस्य के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' बता दें कि काफी दिनों से उनके बीजेपी से इस्तीफा देने की ख़बरें सामने आ रही थीं। और रविवार (10 मार्च) को आखिरकार उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

**क्या है पार्टी छोड़ने की वजह?**

दरअसल, हरियाणा के हिसार से 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले सांसद बृजेंद्र सिंह को बीजेपी से इस बार लोकसभा टिकट मिलना मुश्किल था। 2019 में उन्होंने जेजेपी के दुष्यंत चौटाला को हराया था और कांग्रेस से भव्य विश्नोई तीसरे नंबर पर थे। जेजेपी अब बीजेपी के साथ गठबंधन में है और कुलदीप बिश्नोई बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। जाहिर है बृजेंद्र सिंह का टिकट कटना तय था। इसलिए अब वह कांग्रेस में घर वापसी कर सकते हैं।

## गोकशी को लेकर मेव समाज का बड़ा फैसला, गोमांस बेचने व खरीदने पर लगेगा जुर्माना



**अलवर/रेवाड़ी/शिवकुमार यादव/-** मेव पंचायत अलवर की ओर से गोकशी व गोतस्करी पर रोक लगाने को लेकर शनिवार को किशनगढ़बास थाना क्षेत्र के ब्रिसिंगपुर गांव के इंदगाह परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान व हरियाणा के मेवात के लोगों ने हिस्सा लिया। ब्रिसिंगपुर के संघ गिदावड़ा में गोकशी की घटना उजागर होने के बाद यह मेव समाज की सबसे बड़ी पंचायत थी। मेव पंचायत के सदर शेर मोहम्मद ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि गोकशी व गो तस्करी करने वालों की वजह से पूरे समाज की बदनामी होती है। उन्होंने कहा कि गोकशी की घटना की जानकारी देने वालो को मेव समाज की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## बिहार में जल्द हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार !



मानसी शर्मा / - बिहार में बीते लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार पर लगा विराम अब हट सकता है। सूत्रों से मिली ख़बर के अनुसार जल्द ही नीतीश कुमार की अगुवाई में मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। वहीं बता दें, कि अभी बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कुल 9 मंत्री हैं। जिनमें 2 सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा डिप्टी सीएम हैं। इनके अलावा बीजेपी के डॉ.प्रेम कुमार, जदयू के विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, हम के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह शपथ ले चुके हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 15 मार्च की तारीख को हो सकता है। गौरतलब है कि इस विस्तार में सदन के सदस्यों की संख्या के अनुसार सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल 36 मंत्री बन सकते हैं। वहीं ख़बर है कि बिहार विधान परिषद के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने 3 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। साथ ही विधायकों की संख्या के आधार पर देखें तो बिहार विधान परिषद में बीजेपी के हिस्से चार सीटें आती हैं लेकिन पार्टी ने हम पार्टी के संतोष मांझी को अपने हिस्से की एक सीट दे दी थी। बीजेपी ने स्ष्ट की बाकी तीन सीटों के लिए मंगल पांडेय, प्रो. लाल मोहन गुप्ता और अनामिका सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

## गुरुग्राम से PM ने 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन



**मानसी शर्मा /** - विकास का जो मॉडल हमें लखनऊ में देखने को मिल रहा है वह अटल जी का ही सपना है, जो धरातल पर उतर रहा है। आज किसान पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समधान होने जा रहा है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है. यह गोमती नदी के कट को लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। ये बातें सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ?3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

वहीं दूसरी तरफ गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में विस्तारित एक लाख करोड़ रुपये की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें उत्तर प्रदेश में ?5,500 करोड़ की लागत से 8 लेन की 104 किमी लखनऊ आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के तीन पैकेज का उद्घाटन शामिल है। आउटर रिंग रोड यानी किसान पथ के लोकार्पण से इसका लाभ बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, सीतापुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्य जिलों के लोग उठा सकेंगे। इस रिंग रोड के बन जाने से इन शहरों में जाने के लिए लखनऊ में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। वे बिना शहर में प्रवेश किए सीधे गंतव्य को जा सकेंगे। इससे लखनऊ वालों को भी जाम से छुटकारा मिल जाएगा। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि ग्रीन कॉरीडोर के फर्स्ट फेज का कार्य आज पूरा होन जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां डीआरडीओ की मदद से रक्षा मत्रालय ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के सेंटर का भी उद्घाटन किया जा रहा है। ये हमारे युवाओं को स्टार्टअप और रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। आज लखनऊ मं फॉरेंसिक रिसर्च इंस्ट्रीट्यूट का उद्घाटन और अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के लोकार्पण का कार्य होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में विकास कार्यों का श्रेय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को देते हुए कहा कि लखनऊ ने जो यशस्वी नेतृत्व प्राप्त किया है, वह देश की रक्षा के साथ ही लखनऊ के विकास के लिए समर्पित हैं। इस अवसर पर लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जितिन प्रसाद, एके शर्मा, सांसद सत्यदेव पचौरी, देवेन्द्र सिंह 'भोले', डॉ दिनेश शर्मा, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, डॉ राजेश्वर सिंह, जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद् सदस्य डॉ महेन्द्र सिंह, मुकेश शर्मा, राम चंद्र सिंह प्रधान, डॉ लालजी प्रसाद 'निर्मल', मोहसिन रजा, उमेश द्विवेदी, बुक्कल नवाब, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## ममता सरकार का बड़ा ऐलान, पहली बार रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में होगी छुट्टी



**मानसी शर्मा /** - आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। बता दें, कि बंगाल की ममता सरकार ने रामनवमी पर छुट्टी की घोषणा की है। यह घोषणा TMC की एक बड़ी रैली से ठीक एक दिन पहले की गई है। रविवार यानि आज 10 मार्च को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनावी प्रचार का बिगुल फूकेंगी।

वहीं पिछले कुछ वर्षों में बंगाल में रामनवमी के दौरान हिंसा देखने को मिलती रही है। बता दें, कि पिछले साल भी राज्य के कुछ इलाकों में रामनवमी पर हिंसा भड़क गई थी। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी आरोप लगाती रही है कि राज्य सरकार इकट्ठा होने और धार्मिक जुलूस निकालने के लोगों अधिकारों पर अंकुश लगाने की कोशिश करती है। हालांकि इस बार रामनवमी की छुट्टी की घोषणा को इस रूप में भी देखा जा रहा है कि चुनावी सीजन में TMC ने हिंदुओं के प्रति उसके नरम रुख को दिखाने की कोशिश की है। अब बीजेपी नेता अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी की छुट्टी की घोषणा पर ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में लिखा, ÷ममता बनर्जी हर बार 'जय श्री राम' सुनते ही गुस्सा हो जाती थीं, उन्होंने पश्चिम बंगाल में राम नवमी (17 अप्रैल) को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। और ऐसा उन्होंने अपनी हिंदू विरोधी छवि के चलते किया है। हालांकि बहुत देर हो चुकी हैज्इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि रामनवमी के जुलूस पर कोई पथराव न हो. क्या वह ऐसा करेंगी?

**मामला** जिससे वे आंशिक तौर पर घायल हुए है

## महाकाल के दर्शन कर लौट रहे भाजपा नेता की मौत



**मानसी शर्मा /** - मध्यप्रदेश के गुना इलाके से भीषण सड़क हादसे का मामला सामने आया है। जहा, गुना में नेशनल हाइवे-46पर सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के बीजेपी नेता संजीव भारद्वाज की जान चले गई। संजीव भारद्वाज अपने साथियों के साथ उज्जैन से महाकाल दर्शन के बाद आगरा लौट रहे थे। इस दौरान, कुंभराज थाना इलाके के खटकिया पर उनकी कार का टायर फट गया जिसकी वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बता दें, भारद्वाज उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी और एबीवीपी के पूर्व विभाग संगठन मंत्री क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री थे। कार में संजीव भारद्वाज के साथ श्रवण कश्यप, पुष्पेंद्र यादव, मुकुल फौजदार मौजूद थे जिन्हें चोटें आई हैं। इसके अलावा, कार के आगे सीट पर बैठे ड्राइवर और विजय वर्मा ने सीट बेल्ट लगा रखा था जिससे वे आंशिक तौर पर घायल हुए है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुबह करीब 5 बजे कार पार्वती पुल के पास से गुजर रही थी, उसी वक्त यह सड़क हादसा हुआ। पिछला टायर फटने की वजह से कार बेकाबू हो गई और दूसरी लेन में जाकर पलट गई।

बता दें, मृतक संजीव भारद्वाज उत्तर प्रदेश बीजेपी के बड़े नेताओं में से एक थे। भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी संजीव भारद्वाज की मौत पर आगरा में यूपी के बीजेपी नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे की जानकारी ली है।

इसके अलावा यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी एवं एबीवीपी के पूर्व विभाग संगठन मंत्री श्री संजीव भारद्वाज जी के आकस्मिक निधन की सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतृप्त परिजनों व समर्थकों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## लालू यादव के करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार

लोकसभा चुनाव करीब है। लोकसभा चुनाव से पहले आरजेडी के नेता और लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, लालू यादव के करीबी कहे जाने वाले सुभाष यादव को ईडी ने अवैध बालू कारोबार को लेकर गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को ईडी की टीम ने पटना के अलग-अलग आठ ठिकानों पर सुभाष यादव से जुड़े कारोबार को लेकर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को दो करोड़ रुपए कैश सहित निवेश और जमीन से जुड़े कई अहम दस्तावेज और कागजात भी मिले थे। जानकारी के अनुसार, इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सुभाष यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उनको कोर्ट में पेश किया गया। अब कोर्ट में पेशी के बाद सोमवार को उनको पटना के बेउर जेल में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है।

खास खबर

## समोसे से लेकर हेलीकॉप्टर की उड़ान तक रहेगी चुनाव आयोग की नजर



**नई दिल्ली/शिवकुमार यादव/** - लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है, जो अगले हफ्ते में कभी भी हो सकती है। फिलहाल, चुनाव की घोषणा से पहले चुनाव आयोग ने चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च पर पैनी नजर रखने से जुड़ी तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सभी चीजों की कीमतों की - सूची तैयार करने को कहा है। जिसमें समोसे से लेकर भोजन की थाली और हेलीकाप्टर से लेकर डीजे, टेंपो जैसे वाहनों का किराया शामिल है। खास बात यह है कि चुनाव आयोग के निर्देश के बाद कुछ जिलों ने चुनाव प्रचार में इस्तेमाल होने चीजों की दरें निर्धारित भी कर दी हैं। आयोग के अनुसार, चुनाव प्रचार में इस्तेमाल होने वाली सभी चीज़ों की दरों का निर्धारण राजनीतिक दलों के साथ परामर्श के बाद ही किया जाए। साथ ही चुनाव मैदान में खड़े प्रत्येक प्रत्याशी के खर्च का आकलन भी इन्ही दरों से किया जाए। जैसे प्रचार में इस्तेमाल गाड़ियों का किराया सभी प्रत्याशियों के खर्च में एक सामान दरों से ही जोड़ा जाए। इससे चुनाव खर्च में पारदर्शिता बनी रहेगी। इस दौरान आयोग ने सभी जिलों को स्थानीय स्तर पर चुनावों में इस्तेमाल होने वाली चीजों को भी इस सूची में शामिल करने का सुझाव दिया। आयोग ने इसके साथ ही जिलों में तैनात होने वाले पर्यवेक्षकों को भी इस सूची को मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद दिल्ली से सटे गौतमबुद्धनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली करीब 280 चीजों की एक सूची जारी की है। जिसमें किसी प्रत्याशी द्वारा हेलीकाप्टर का इस्तेमाल करने पर उसके खर्च में 2.30 लाख रुपये जोडा जाएगा। वहीं, एक ड्रोन के इस्तेमाल पर 16 हजार रुपये चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा। खाने की एक थाली की कीमत सौ रुपये रुपये, एक समोसे की कीमत दस रुपये रखी गई है।

## दुष्यंत चौटाला को भाजपा से गठबंधन धर्म निभाने की आस



**चंडीगढ़/नई दिल्ली/शिवकुमार यादव/-** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नाम पर दिल्ली में रविवार को चर्चा होगी। हालांकि हालांकि हरियाणा में जेपी भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में है जिसे लेकर दुष्यंत चौटाला भाजपा से दो लोकसभा सीटों की आस लगाए हुए हैं इसी सिलसिले में दुष्यंत चौटाला भाजपा हाई कमान से मिलने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं हालांकि भाजपा हाई कमान ने दुष्यंत चौटाला की बात सुनी है लेकिन अभी तक भाजपा ने जेजीपी के साथ गठबंधन या किसी तरह के ताल मेल का कोई संकेत नहीं दिया है। वहीं हरियाणा कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी भी बैठक में नो लोकसभा सीटों पर मजबूत दावेदारों के नाम का पैनल बनाएगी।

हरियाणा को सभी 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा व कांग्रेस हाईकमान रविवार को दिल्ली में मंथन करने वाले हैं। कांग्रेस को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 11-12 मार्च को संभव है.. जिसमें हरियाणा के नामों पर चर्चा की जा सकती है। भाजपा ने राज्य को सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए संभावित प्रत्याशियों के पैनल तैयार कर लिए है, जिन्हें केंद्रीय चुनाव समिति के पास पहुंचा दिया गया है। हरियाणा सरकार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जेजेपी भी एनडीए का हिस्सा होने के साथ कम से कम दो लोकसभा सीटों पर दावेदारी कर रही है। बताया जाता है कि जेजेपी को पांच सदस्य दुष्यंत चौटाला कार्डिनेशन कमेटी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से शुक्रवार को नई दिल्ली में मुलाकात कर चुकी है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में इस कार्डिनेशनल कमेटी ने भाजपा हाईकमान से दो लोकसभा सीटें मांगी हैं। इन लोकसभा सीटों में हिसार और भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सोटें शामिल हैं।

भाजपा ने अभी तय नहीं किया है कि जेजेपी को हरियाणा में कोई लोकसभा सीट दी जाएगी अथवा नहीं, लेकिन दुष्यंत चौटाला कम से कम एक लोकसभा सीट दिए जाने को लेकर काफी आशान्वित नजर आ रहे हैं। हालांकि भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं ने जब राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर पैनल मांगे थे तब जेजेपी को कोई सीट देने अथवा नहीं देने के विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई।

भाजपा के प्रांतीय नेताओं ने अपनी तरफ से सभी 10 सीटों के पैनल हाईकमान को सौंपे हैं। अब जेजेपी नेता भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर चुके हैं तो ऐसे में उसे एनडीए का हिस्सा होने का कोई फायदा मिलेगा अथवा नहीं, यह भाजपा हाईकमान के फैसले पर निर्भर रहने वाला है। भाजपा सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि राज्य में कोई सीट जेजेपी को दी जाएगी।

## लंदन से वॉशिंगटन तक चीन के खिलाफ जन आक्रोश रैली




**अनीशा चौहान/** - दुनिया के अलग-अलग देशों में आज चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी है। इस लिस्ट में लंदन, न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन समेत दुनिया के कई शहर शामिल हैं, जहां विरोध प्रदर्शन होंगे। लाखों तिब्बती और उनके समर्थक कई देशों के प्रमुख शहरों में विरोध प्रदर्शन करेंगे। भारत में मौजूद तिब्बती भी चीन का विरोध करेंगे। लेकिन सवाल यह है कि तिब्बती किस बात का विरोध करने जा रहे हैं? और वह चीन के ख़िलाफ़ आवाज़ क्यों उठाएंगे? दरअसल, तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस एक वार्षिक विरोध प्रदर्शन है जो तिब्बत में चीन की उपस्थिति के खिलाफ 1959 के तिब्बती विद्रोह की याद दिलाता है। तिब्बती इतिहास में यह दिन बेहद खास और महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल, घटना की शुरुआत 10 मार्च 1959 को हुई, जब हजारों तिब्बती चीन के कब्जे के विरोध में सड़कों पर उतर आए।

तिब्बत की राजधानी ल्हासा की सड़कों पर हजारों तिब्बती अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने दलाई लामा की जान बचाने के लिए पोटाला पैलेस को घेर लिया और उन्हें बाहर निकाल लिया। तब से हर साल 10 मार्च को हजारों तिब्बती चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए दुनिया भर में सड़कों पर उतरते हैं।

इस तिथि को 1959 के विद्रोह के दौरान तिब्बती लोगों द्वारा किए गए प्रयासों और बलिदानों का सम्मान करने के लिए चुना गया है। इस तिथि पर दुनिया भर के व्यक्ति और समुदाय तिब्बती लोगों और स्वतंत्रता, न्याय और स्वतंत्रता के लिए उनकी चल रही खोज के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं।

तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस और दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो का संबंध 1959 की ऐतिहासिक घटनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन दलाई लामा के संबंध में विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन दलाई लामा को ल्हासा से भागकर निर्वासन में जाना पड़ा था। भारत उसकी जान बचाए। तिब्बती लोग दलाई लामा और अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए उठ खड़े हुए और उन्होंने अपने आध्यात्मिक नेता के लिए अपार साहस, लचीलापन और अटूट समर्थन का प्रदर्शन किया।

## भारत में होगा अगली 'मिस वर्ल्ड' का चुनाव



**मानसी शर्मा / -** दुनियाभर को जिस पल का बेसब्री से इंतजार था वो पल आ गया है। शनिवार को मिस वर्ल्ड 2024को आयोजित किया जाएगा। बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और प्रियंका चोपड़ाने भी मिस वर्ल्ड का खिताब जीता है। बता दें, इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत में किया जाएगा। चलिए जानते हैं, 71ह्वह्ल ब्यूटी पीजेंट को आप कब और कहां देख सकते हैं। 28 साल बाद मिस वर्ल्ड 2024 का आयोजन भारत में हो रहा है। साल 1996 में भारत को ऐसा अवसर हाथ लगा था। मिस वर्ल्ड 2024 का आयोजन भारत के मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने वाला है। बता दें, पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली पिछले कॉन्टेस्ट की विनर कैरोलिना बिलावस्का इस साल की विजेता के सिर ताज सजाएंगी। 9 मार्च 2024, शनिवार को मिस वर्ल्ड 2024 का आयोजन शाम को 7ः30 पर शुरू होगा। अगर आप घर बैठे इस इवेंट को लाइव देखना चाहते हैं तो आप मिस वर्ल्ड की ऑफिशियल वेबसाइट www.missworld.com पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस इवेंट को शाम 7ः30 बजे से सोनी लिव पर भी देख सकते हैं। मिस वर्ल्ड 2024को होस्ट करण जौहर करने वाले हैं। इसके साथ कई इंडियन स्टार्स परफॉर्म करते हुए नजर आएंगे। इसमें टोनी कक्कड़, नेहा कक्कड़ और शान जैसे पॉपुलर स्टार्स के नाम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के जज पैनल में देश के अलग-अलग दिग्गज पर्सनालिटीज शामिल हैं। इसमें क्रिकेटर हरभजन सिंह, फिल्म प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला, सोशल वर्कर अमृता फणनवीस, मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन की सीईओ जुलिया मोर्ले, एक्ट्रेस पूजा हेगड़े और कृति सेनन का नाम शामिल है।

## किसान करेंगे 'रेल रोको' आंदोलन, 4 घंटे तक रोकेंगे ट्रेन



**अनीशा चौहान/-** किसान मजदूर मोर्चाऔर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी के चलते आज किसानों ने 'रेल रोको' आंदोलन का आह्वान किया है। इसके अंतर्गत वो 4 घंटे तक ट्रेन रोकेंगे। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंढेर ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदर्शनकारी किसान फिरोजपुर, अमृतसर, रूपनगर, गुरदासपुर जिलों समेत पंजाब में कई स्थानों पर रेलवे पटरियों पर बैठेंगे। सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि 13 फरवरी को पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुरू हुए आंदोलन के तहत हमने आज देशभर में 'रेल रोको' का आह्वान किया है। हम देश के सभी किसानों, मजदूरों और आम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे बड़ी संख्या में आज 'रेल रोको' में हमारा समर्थन करें। हम उन लोगों से भी आग्रह करते हैं, जो आज दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच ट्रेन यात्रा करना चाहते हैं, वे आज 4 घंटे तक ऐसा न करें। आज लोगों को थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। यह आंशिक 'रेल रोको' है। वहीं जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि किसान अपना आंदोलन तब तक तेज करेंगे जब तक केंद्र उनकी मांगें पूरी नहीं कर लेता। शनिवार को डल्लेवाल ने केंद्र से सभी फसलों पर एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी देने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागने का आग्रह किया है। डल्लेवाल ने कहा कि देश के किसानों को बचाने के लिए एमएसपी पर कानून बनाना चाहिए।

## 21 दिन पहले भाजपा में शामिल हुए इन पार्षदों का हई AAP में घर वापसी



**अनीशा चौहान/** - चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए तीन पार्षदों में से दो की घर वापसी हो गई है। दोनों पार्षद दोबारा आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। 18फरवरी को पूनम देवी गुरुचरण काला और नेहा मुसावत बीजेपी में शामिल हो गई, जिनमें से पूनम और नेहा फिर से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई हैं। ये तीनों पार्षद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद के साथ उनका पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पार्षदों को पूरा सम्मान और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। तीन पार्षदों के दलबदल के बाद नगर निगम में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्षदों की संख्या 20से घटकर 17रह गई है। हालांकि, बीजेपी को उस समय बड़ा झटका लगा जब सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव का फैसला इंडिया ब्लॉक के पक्ष में सुनाया। इसके बाद वह पहली बार भारत ब्लॉक के मेयर पद पर काबिज हुए। हालांकि, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनाव में पार्षदों के पाला बदलने का फायदा बीजेपी को मिला। चंडीगढ़ के मेयर पद के लिए गत 30जनवरी को चुनाव हुआ था। कथित धांधली को लेकर कांग्रेस और आप की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी और मतपत्रों को सील करने का निर्देश दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मेयर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था, सीसीटीवी फुटेज से साफ है कि उन्होंने (पीठासीन अधिकारी) मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ की है। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। यह लोकतंत्र का मजाक है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। 30जनवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सांसद किरण खेर द्वारा वोट डालने के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई। बीजेपी को 16 वोट मिले, जबकि कांग्रेस और आप गठबंधन को 20वोट मिले, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने उनके 8वोट रद्द कर दिए और 16पार्षदों ने बीजेपी की जीत घोषित कर दी।

## जिनके नाम पर प्रधानमंत्री मोदी करेंगे स्टैच्यू ऑफ वेलोर का अनावरण



**मानसी शर्मा / -** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम असम की राजधानी तेजपुर पहुंचे। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। असम में प्रधानमंत्री करीब 18 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। तवांग में वह 825 करोड़ रुपये से बनी सेला टनल का उद्घाटन करेंगे। यह सुरंग अरुणाचल के तवांग को असम के तेजपुर से जोड़ेगी। पीएम जोरहाट के होलोंगा पथार में प्रसिद्ध अहोम योद्धा लाचित बोरफुकन की 84 फीट ऊंची प्रतिमा का भी उद्घाटन करेंगे। इस संरचना को स्टैच्यू ऑफ वेलोर के नाम से जाना जाएगा। आपको बता दें कि लाचित अपने साहस के लिए जाने जाते थे, जिन्होंने कई बार मुगलों को युद्ध में हराया था। आपको बता दें कि लाचित बोरफुकन को उत्तर-पूर्व का शिवाजी भी कहा जाता है, उन्हें ऐसा क्यों कहा जाता है, यह खबर पढ़कर आप जान पाएंगे। लाचित ने मुगलों को कई बार हराया और हमेशा उन्हें युद्ध में परास्त किया। लाचित ने गुवाहाटी को मुगलों से मुक्त कराकर उस पर दोबारा कब्ज़ा कर लिया और मुगलों को गुवाहाटी से बाहर धकेल दिया। इस गुवाहाटी को पुनः प्राप्त करने के लिए, मुगलों ने अहोम साम्राज्य के खिलाफ सरायघाट की लड़ाई लड़ी। इस युद्ध में मुगल सेना ने 1,000 से अधिक तोपों के अलावा बड़े पैमाने पर नावों का इस्तेमाल किया।

## 'तेरे मां-बाप को जिंदा जला दूंगा', एल्विश यादव ने मैक्सटर्न पर लगाए गंभीर



**मानसी शर्मा / -** एल्विश यादव को मैक्सटर्न उर्फ सागर ठाकुर को मारपीट करने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। गुरुग्राम पुलिस थाने में मैक्सटर्न ने उनके खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज करवा दी है। वहीं, सागर ठाकुर ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने ने कहा था कि,'अगर भविष्य में मेरे साथ कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण होता है, तो एल्विश यादव को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। अब इस मामले को लेकर एल्विश यादव अपना पक्ष रखने सामने आए हैं।

एल्विश यादव ने इंस्टग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें इस मामले को लेकर एल्विश ने पक्ष रखा है। वीडियो में एल्विश कहते हैं, मुझे लेकर बहुत सारी वीडियो वायरल हो रही हैं। एक वीडियो आपने देखी होगी जिसमें मैं हाथ उठा रहा हूं मैक्सटर्न के ऊपर। एक वीडियो में मैक्सटर्न मुझे लेकर कह रहा है कि ये गुंडा है, मुझे मारने की कोशिश की और उसी के बेसिस पर आपने मुझे मुजरिम करार कर दिया है कि एल्विश तो गुंडा है, बदमाश है। ये तो ऐसा है वैसा है। पॉलिटिकल इसको सपोर्ट है। सारी बातें मैं एक-एक करके क्लियर करूंगा। एल्विश यादव आगे कहते हैं कि, मैं चाहता हूं कि एक साइड की स्टोरी आपने सुनी। दूसरी साइड की स्टोरी भी जानने का आपको हक है और मुझे सुनाने का हक है। जो लोग हरकतें करके विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। जो ये लोग मेरे खिलाफ इकट्ठे होकर आवाज उठा रहे हैं, बहुत पुरानी आदत है मुझे 2020 से झेल रहा हूं मैं। जो ये लेफ्ट लॉबी इकट्ठी हो जाती है। चलो ठीक है। मेरे साइड की भी स्टोरी सुन हो भाई। आप उसका ट्विटर हैंडल खोलना, जब मैं बिग बॉस में गया था।

## कांग्रेस और आप पर दुष्यंत चौटाला ने साधा निशाना, बीरेंद्र सिंह की धमकियों का डिप्टी सीएम ने दिया जवाब



**मानसी शर्मा / -** हरियाणा के उचाना में डिप्टी सीएम ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन गई ऐसे में तीन सीटों से बढ़कर पांच पर पांच से 10 पर जाना चाहिए था। ऐसी क्या मजबूरी हुई जिसमें कांग्रेस के साथ एक पर ही रुक गए। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि अनुराग चुनाव लड़ेंगे उन्होंने तो सुशील गुप्ता को फंसा दिया। कांग्रेस जिस प्रकार से बैसाखियों का सहारा ले रही है। कांग्रेस की नैया तो डुबेगी ही डुबेगी साथ केजरीवाल ने दिल्ली में जो सिम उनको दी है केजरीवाल को भी ले डूबेंगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह और उनके परिवार आज के दिन अपनी भड़ास निकाल रहा है। बीरेंद्र सिंह पिछले 1 साल से निरंतर धमकियां दे रहे हैं।

## झज्जर में दर्दनाक सड़क हादसा, दो परिवारों के बुझे चिराग, 2 की मौत

**मानसी शर्मा / -** हरियाणा के झज्जर के गांव खातीवास के पास ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई है। हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई और सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए झज्जर के नागरिक अस्पताल में भिजवाया जानकारी अनुसार 27 वर्षीय मोहित पुत्र दयाकिशन और 26 वर्षीय पवन पुत्र राजपाल दोनों झज्जर के गांव एमपी माजरा के रहने वाले थे।

दोनों मृतक झज्जर के गांव याकूपुर के पास फ्लिपकार्ट कंपनी में करीब एक साल से काम कर रहे थे और दोनों मृतक अपने माता-पिता के इकलौते थे और मृतक मोहित शादीशुदा था जिसका एक बेटा है और मृतक पवन अविवाहित था और मोहित और पवन दोनों अच्छे दोस्त थे और कंपनी में रात की ड्यूटी खत्म करने के बाद सुबह घर लौटते समय हुए सड़क हादसे का शिकार। दुजाना थाना से एएसआई जांच अधिकारी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि खातीवास गांव के पास मोटरसाइकिल और ट्रक की टक्कर हुई है। जिसमें मोटरसाइकिल सवार मोहित और पवन की मौत हुई है

यात्री | ट्रेनों की मदद से यात्री सुविधाजनक तरीके से अपने मंजीस तक पहुंच सकेंगे।

## होली पर घर जाना हुआ आसान




**मानसी शर्मा / -** होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों की मदद से यात्री सुविधाजनक तरीके से अपने मंजीस तक पहुंच सकेंगे। रेलवे ने राजधानी दिल्ली से पटना के लिए कुल 04 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। होली के अवसर पर ये ट्रेनें संचालित की जायेगी। फिलहाल पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा इन ट्रेनों की विस्तार समय सारणी तैयार की जा रही है जिसकी घोषणा जल्द की जायेगी। 17 मार्च से 31 मार्च तक गाड़ी संख्या-03255 पटना-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल ट्रेन हर रविवार और गुरुवार को परिचालित की जायेगी। वापसी में 18 मार्च से 01 अप्रैल तक गाड़ी संख्या-03256 आनंद विहार टर्मिनल पटना होली स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को परिचालित की जायेगी। 16 से 30 मार्च के बीच प्रत्येक शनिवार को गाड़ी संख्या-02391 पटना-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल ट्रेन परिचालित की जायेगी। वापसी में, 17 मार्च से 31 मार्च 2024 के बीच प्रत्येक रविवार को गाड़ी संख्या-02392 आनंद विहार टर्मिनल-पटना होली स्पेशल ट्रेन संचालित की जायेगी। 20 मार्च से 31 मार्च के बीच सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को गाड़ी संख्या-02351 पटना-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल ट्रेन संचालित की जायेगी। 21 मार्च से 01 अप्रैल के बीच सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को गाड़ी संख्या-02352 आनंद विहार टर्मिनल-पटना होली स्पेशल ट्रेन परिचालित की जायेगी। 24 मार्च से 31 मार्च 2024 के बीच सप्ताह के प्रत्येक रविवार को गाड़ी संख्या-03257 दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल ट्रेन संचालित की जायेगी। वापसी में, 25 मार्च से 01 अप्रैल 2024 के बीच सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को गाड़ी संख्या-03258 आनंद विहार टर्मिनल-दानापुर होली स्पेशल ट्रेन परिचालित की जायेगी।

## धर्मशाला टेस्ट में भारत की शानदार जीत, सीरीज में इंग्लैंड को 4-1 से हराया

**मानसी शर्मा / -** धर्मशाला टेस्ट में भारत की शानदार जीत हुई है। सीरीज में भारत ने इंग्लैंड को 4-1 से हरा दिया है।रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों के बाद रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को हरा दिया। भारत ने तीसरे दिन के खेल में इंग्लैंड को पारी और 64 रनों से हरा दिया। इससे पहले सभी चारों मैच चौथे दिन तक गए थे। टीम इंडिया की ये जीत काफी ऐतिहासिक है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में 112 साल बाद कोई टीम पहला टेस्ट मैच हारने के बाद पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 की स्कोरलाइन से जीती है। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को हरा दिया था। तब ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम भारत को परेशानी में डाल सकती है।

## चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा के सिर सजा मिस वर्ल्ड का ताज




**अनीशा चौहान/** - 71वें मिस वर्ल्ड 2024 के फाइनल का आयोजन 28 साल बाद भारत में हुआ। इसे मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में रखा गया था। इस कार्यक्रम में तमाम बॉलीवुड सेलेब्स ने परफार्म किया। मिसवर्ल्ड 2024 प्रतियोगिता में 115 अलग-अलग देशों के सुदंरियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन सबको पीछे छोड़ते हुए खिताब को चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिजकोवा ने अपने नाम किया। लेबानन की यासमीना जायतुन फर्स्ट्ट रनर अप रहीं। पिछले साल की विनर कैरोलिना बिलावस्का ने विनर और फर्स्ट्ट रनर अप के सिर ताज पहनाया। वहीं करण जौहर ने इस बार के मिस वर्ल्ड 2024 होस्ट किया। उन्होंने ही टॉप 8 पार्टीसिपेंट्स से सवाल किए थे। बता दें, टॉप 4 की रेस से इंडिया बाहर हो गया था। इंडिया की सिनी शेट्टी देश को रीप्रिजेंट करने के लिए पहुंची थीं। क्रिस्टीना के लिए ये एक एतिहासिक मोमेंट रहा। वो काफी खुश हैं। बता दें, क्रिस्टीना, लॉ और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही हैं। इसी के साथ वो मॉडलिंग भी करती हैं। क्रिस्टीना का खुद का फाउंडेशन है, जिसका नाम Krystyna Pyszko Foundation है। तंजानिया में क्रिस्टीना ने अंडरप्रिव्लिज्ड बच्चों के लिए एक इंग्लिश स्कूल खोला हुआ है, जिसके लिए उन्हें खुद पर गर्व है। मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, क्रिस्टीना यहां वॉलेंटियर करती हैं। वहीं भारत की सिनी शेट्टी ने भी काफी अच्छा परफॉर्म किया। उन्हें भारतीय फैंस का पूरा सपोर्ट मिला। 115 देशों से हिस्सा लेने वाली मॉडल्स के बीच सिनी ने अच्छा कॉम्पिटीट किया और वो टॉप 8 में शामिल हो गईं।

पुरस्कार

## ऑस्कर पुरस्कार समारोह में आरआरआर फिल्म का एक्शन आधारित दृश्य और नाटू-नाटू गाना प्रदर्शित किया गया

अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में स्टंट समुदाय के योगदान का जश्न मनाने के लिए 96वें एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2024 में एसएस राजामौली की आरआरआर फिल्म का एक एक्शन आधारित दृश्य दिखाया गया। लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में रविवार की रात आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में ऑस्कर में नामित हुए रयान गोसलिंग और एमिली ब्लंट ने स्टंट समुदाय के योगदान को दिखाने के लिए 1.15 मिनट की एक लघु वीडियो भी प्रस्तुत की। गोस्लिंग ने कहा, सिनेमा की शुरुआत से ही वे हमारे उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं... फिल्मों के जादू बनाने में मदद करने के लिए हम स्टंट कलाकारों और स्टंट समन्वयकों को सलाम करते हैं।



ब्लंट ने कहा, वे वास्तव में गुमनाम नायक हैं जो सिनेमा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। एकेडमी अवॉर्ड्स में अभी तक स्टंट के लिए नई श्रेणी शुरू नही की गई थी, लेकिन इस साल की शुरुआत में इसकी घोषणा की गई। आरआरआर के सोशल मीडिया मंच एक्स पर आधिकारिक पेज ने सोमवार को इस साल के पुरस्कारों में फिल्म को शामिल करने के लिए एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के प्रति आभार व्यक्त किया। पोस्ट में लिखा है कि हमें खुशी है कि सिनेमा में दुनिया के सबसे महान स्टंट दृश्यों के योगदान को दिखाने के लिए आरआरआर फिल्म के एक्शन दृश्यों को प्रदर्शित किया गया। 96वें अकादमी पुरस्कार में जब विकेड की सह-कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो नए विजेता की घोषणा करने के लिए मंच पर आईं तो उस दौरान आरआरआर फिल्म के नाटू-नाटू गाने को भी प्रदर्शित किया गया।

## द केरल स्टोरी ने बदल दिया जीवन अदा शर्मा

अभिनेत्री अदा शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बस्तर-द नक्सल स्टोरी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से कलाकारों का पोस्टर और फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया था। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने द केरल स्टोरी की अपार सफलताओं पर अपनी खुशी जाहिर की है और बताया है कि फिल्म की कामयाबी के बाद उनका जीवन कैसे बदल गया है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री से पूछा गया कि द केरल स्टोरी की सफलताओं के बाद आपका जीवन कैसे बदला। इस पर अभिनेत्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो काफी बहुत बदल गया है। यह समय बहुत अच्छा लग रहा है, जब लोग अब मेरे बारे में बात करते हैं तो मैं खुद को लगभग एक अलग व्यक्ति जैसा महसूस करती हूं। इस महीने मेरी तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं इसलिए यह मेरे लिए बहुत अच्छा समय है। इंटरव्यू में आगे अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या अब उनकी फैन फॉलोइंग में कोई इजाफा हुआ है। इस पर अदा ने जवाब देते हुए कहा, यह काफी अच्छा लगता है, लेकिन मैं इन चीजों को ज्यादा गंभीरता से भी नहीं लेती हूं। मैं इस तरह की भूमिकाएं करने के लिए भाग्यशाली रही हूं। हालांकि, अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला का टैग मेरे खाते में आना अच्छा लगता है। मुझे पसंद है कि लोग मेरे काम से अपेक्षाएं रखें। अदा से पूछा गया कि क्या बॉक्स ऑफिस का दबाव उन्हें किसी तरह परेशान करता है? इस उन्होंने कहा, यदि कोई मुझे याद न दिलाए तो मैं इसके बारे में बिल्कुल भी नहीं सोचती हूं। मैं एक बाहरी व्यक्ति हूं और मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं एक ऐसी कलाकार बन गई हूं, जो सफलता का स्वाद चख रही है। मैं आभारी हूं कि मुझे ऐसे किरदार निभाने को मिले जिनमें मैं अपना दिल और आत्मा लगा सकती हूं।



समारोह

रानी मुखर्जी ने कियारा आडवाणी को पुरस्कार प्रदान किया।



## कियारा आडवाणी को मिला बेस्टअभिनेत्री पुरस्कार

हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री व्यूअर्स चॉइस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी पसंदीदा अभिनेत्री से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए इंस्टाग्राम पर रानी मुखर्जी के साथ एक तस्वीर साझा की। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की। रानी मुखर्जी ने कियारा आडवाणी को पुरस्कार प्रदान किया। सत्यप्रेम की कथा अभिनेत्री ने उसी की एक तस्वीर साझा की और कैप्शन दिया, मेरी पसंदीदा अभिनेत्री के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतना। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री दर्शकों की पसंद के साथ मुझे सम्मानित करने के लिए @zeecineawards को धन्यवाद। दर्शकों के प्यार से बड़ी कोई जीत नहीं। मैं धन्यवाद देती हूं आप में से प्रत्येक ने मुझे वोट दिया और कथा को अपने दिल में जगह दी। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कियारा आडवाणी की जमकर तारीफ की। उन्होंने टिप्पणी अनुभाग में पोस्ट किया, बहुत गर्व है, बधाई हो बेब। इस बीच शाहरुख खान की जवान ने कई अवॉर्ड जीते। बेस्ट फिल्म, बेस्ट म्यूजिक और बेस्ट वीएफएक्स से लेकर बेस्ट एक्शन तक, जवान अवॉर्ड शो में छाए रहे। पठान ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की। अरिजीत सिंह को उनके गीत झूमे जो पठाँ के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (पुरुष) का पुरस्कार दिया गया, जबकि शिल्पा राव ने बेशरम रंग के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) का खिताब जीता।



पत्रकार
मानसी शर्मा

## मुंबई मेट्रो के अंदर डांस करने को लेकर ट्रोल हुई नोरा फतेही

अभिनेत्री नोरा फतेही अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं। कभी डांस को लेकर तो कभी अपने लुक्स को लेकर। नोरा फतेही को बॉलीवुड में डांसिंग क्वीन भी कहा जाता है। फिलहाल नोरा अपनी अपकमिंग फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं, लेकिन नोरा का नाम तब सुर्खियों में आ गया, जब वे ट्रोलर्स के निशाना पर आ गईं। दरअसल, हाल ही में नोरा मुंबई मेट्रो में सफर करती हुई नजर आईं थी। इस दौरान उन्होंने मेट्रों के अंदर बेहद ही बोल्ड डांस किया था। इसके बाद जब नोरा फतेही का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया तो वे यूजर्स के निशाने पर आ गईं। यूजर्स इस वीडियो पर कमेंट करके ट्रोल करने लगे। एक यूजर ने लिखा, कभी अच्छे कपड़े क्यों नहीं पहन सकती? वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि मेट्रो माई डांस क्यों कर रही हो। इस दौरान एक यूजर ने उन्हें सस्ती नौटंकी तक कह डाला। गौरतलब है कि इससे पहले भी नोरा ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। टीवी की लोकप्रिय डांस शो डांस प्लस प्रो में नोरा का एक परफॉर्मेंस खूब चर्चा में था, अपने इस डांस वीडियो को लेकर भी नोरा कॉफी ट्रोल हुई थी। डांस प्लस प्रो में रेमो डिसूजा, शक्ति मोहन, पुनीत पाठक और राघव भी नोरा का यह परफॉर्मेंस देख हैरान रह गए थे। उस दौरान नोरा ने नाच मेरी रानी पर स्टेज पर परफॉर्मेंस दी थी, जिसमें वे बेहद ही हॉट नजर आ रही थीं। परफॉर्मेंस के दौरान नोरा ने लोगों को तब चौंका दिया था।





ऑस्कर अवॉर्ड

## शादी के अफवाहों से परेशान हुईं 'हसीन दिलरुबा'

तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। साथ ही साथ उनकी निजी जिंदगी भी इन दिनों चर्चा का सबब बनी हुई है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि जल्द ही तापसी शादी करने जा रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन के दौरान फिल्म के अलावा अपनी शादी के अफवाहों पर बातें करती दिखीं। तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी गोपनीयता बरतती हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि क्या वे शादी करने जा रही हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, देखिए फिलहाल मेरा सारा ध्यान मेरी फिल्मों पर है। जब मैं शादी करूंगी तब सबको बता दूंगी। मैं सच में इस सवाल से परेशान हो गई हूं। तापसी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे समझ में नहीं आता है लोगों को मेरी निजी जिंदगी में इतनी दिलचस्पी क्यों है। मैं सही समय आने पर शादी करुंगी। मुझे इस पर बेवजह बातें करना पसंद नहीं है और एक चीज अभी इन अफवाहों का कोई मतलब नहीं है। अगर आपको यही करना था तो दस साल पहले आप मैथियास और मेरे रिश्तों के बारे में बात करते क्योंकि मैं दस साल से उन्हीं के साथ हूं। तापसी पन्नू मैथियास को पिछले दस वर्षों से जानती हैं।



## बिहार में रोल-नबंरों के झोलझाल की पोल खोलने आ रहीं रवीना टंडन

रटना शुक्ला का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। रवीना टंडन आगामी फिल्म में वकील तन्वी शुक्ला के रूप में अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अरबाज खान प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित, कोर्टरूम ड्रामा 29 मार्च, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग शुरू होगी। आगामी फिल्म आपको तन्वी शुक्ला की एक असामान्य यात्रा पर ले जाती है, जो एक आम महिला है जो एक छात्र को रोल नंबर घोटाले में फंसते हुए देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है। पटना शुक्ला भारत में हजारों ईमानदार छात्रों के जीवन को प्रभावित करने वाले रोल नंबरों के शिक्षा घोटाले में उतरती है। फिल्म पटना शुक्ला एक बेहतरीन मनोरंजक फिल्म है, जिसे दो महिलाओं की दिल छू लेने वाली कहानी के साथ-साथ जीवन के एक हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जो दबाव और मातृत्व की जिम्मेदारियों से निपटते हुए न्याय के लिए लड़ने के लिए आगे बढ़ती हैं। रवीना टंडन, एक वकील तन्वी शुक्ला के रूप में, अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत सतीश कौशिक सहित अन्य स्टार कलाकारों के साथ न्याय की तलाश में हैं।



## गिप्पी ग्रेवाल के गाने और संगीत पर झूमे दर्शक

दिल्ली के द्वारका स्थित वेगस मॉल में पंजाबी मूवी जट्ट नू चुडैल टेकरी की स्टार कास्ट के साथ पंजाबी गीतों पर लोग जमकर झूमे। अभिनेता और सिंगर गिप्पी ग्रेवाल, सरगुन मेहता और रूपी गिल ने लोगों के साथ जमकर ठुमके लगाए। कलाकारों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान सिंगर सुखविंदर सुखी ने तेरी फोटो लेंगे और बनजा तू मेरी रानी गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



ऑस्कर

# ऑस्कर में ओपेनहाइमर की धूम

गंभीर बायोपिक ओपेनहाइमर को 96वें एकेडमी अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब मिला और क्रिस्टोफर नोलान ने इसके लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीता। भारत में झारखंड के एक गांव की घटना पर आधारित टू किल ए टाइगर सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में ऑस्कर के करीब पहुंचने के बाद पुरस्कार की दौड़ से बाहर हो गई। इस श्रेणी में 20 डेज इन मारियुपोल ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, नोलान की ब्लॉकबास्टर बायोपिक ओपेनहाइमर में परमाणु बम बनाने वाले व्यक्ति का किरदार निभाने के लिए सिलियन मर्फी को अपना पहला पुरस्कार मिला। मर्फी ने जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर के रूप में अपने शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। फिल्म की कहानी बताती है कि कैसे लॉस अलामोस में ओपेनहाइमर और उसके साथियों ने 16 जुलाई 1945 को परमाणु बम का परीक्षण किया, बिना यह जाने कि क्या होना वाला है और इसका आगामी परिणाम क्या होगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर पुरस्कार एमा स्टोन (35) ने अपने नाम किया। उन्होंने पूअर थिंग्स में बेला बाक्स्टर के किरदार के लिए यह पुरस्कार जीता। यह उनका सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दूसरा ऑस्कर पुरस्कार है। उन्हें 2019 में ला ला लैंड के लिए भी ऑस्कर मिल चुका है। एकेडमी अवॉर्ड्स को रविवार को विरोध प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ा, जहां लॉस एंजिलिस के डोल्बी थिएटर के बाहर गाजा को लेकर प्रदर्शन किए गए। पुरस्कार समारोह की मेजबानी जिम्मी किमेल ने की। रविवार को आयोजित पुरस्कार समारोह में बार्बी फिल्म ने सिनेमेटोग्राफी और संपादन का पुरस्कार जीता। कनाडा की प्रोडक्शन टू किल ए टाइगर का निर्देशन दिल्ली में जन्मी निशा पाहूजा ने किया है। इसका टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2022 में वर्ल्ड प्रीमियर किया गया था जहां इसने सर्वश्रेष्ठ कनाडाई फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता था। यह फिल्म 13 साल की अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए रंजीत नामक महिला द्वारा लड़ी गई लड़ाई पर आधारित है। उनकी बेटी का तीन लोग अपहरण कर लेते हैं तथा बाद में उससे दुष्कर्म करते हैं। यूक्रेनी फिल्म निर्माता और युद्ध संवाददाता मिस्तीस्लाव चेर्नोव की 20 डेज इन मारियुपोल 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के शुरुआती दिनों में एक परेशान व्यक्ति की आंखो देखी पर आधारित है। 53 वर्षीय ब्रिटिश फिल्म निर्देशक नोलान को अपने करियर में आलोचकों की प्रशंसा मिलती रही लेकिन उन्होंने अभी तक ऑस्कर पुरस्कार नहीं जीता था। उन्हें 2017 में डनकिर्क और 2010 में इन्सेप्शन तथा 2001 में मेमेंटो के लिए नामित किया गया लेकिन वह पुरस्कार नहीं जीत पाए थे। मंच पर नोलान ने कहा कि सिनेमा 100 साल से थोड़ा अधिक समय पुराना है और उन्होंने इस सम्मान के लिए एकेडमी का आभार जताया। ओपेनहाइमर ने सात श्रेणियों में पुरस्कार जीता, जिसमें रॉबर्ट डाउनी जूनियर को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए मिला पुरस्कार भी शामिल है। इस फिल्म को 13 श्रेणियों में नामांकित किया गया था। पहला एकेडमी अवॉर्ड जीतने के तीन दशक बाद रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने पहला ऑस्कर पुरस्कार जीता है। उन्होंने ओपेनहाइमर में रियर एडमिरल लुइस स्ट्रॉस का किरदार निभाने के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता। इसे डाउनी के उत्कृष्ट अभिनय में से एक बताया जा रहा है। पोलैंड के ओशविट्ज मृत्य शिविर से सटे अपने घर में एक नाजी परिवार के सांसारिक जीवन का चित्रण करने वाली द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म का ऑस्कर पुरस्कार जीता है। लेखक-निर्देशक जोनाथ ग्लेजर की यह फिल्म भयानक नरसंहार पर आधारित है। यह फिल्म ब्रिटेन की ओर से ऑस्कर के लिए भेजी गई थी। इसके अलावा, दा वाइन जॉय रैंडोल्फ ने द होल्डोवर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री, द लास्ट रिपेयर शॉप ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर, वॉर इज ओवर ने सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड लघु फिल्म, द ब्वॉय एंड द हीरोन ने सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म और बिली एलिश व फिनीस ओ कॉनेल ने बार्बी के व्हॉट वॉज आई मेड फॉर के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑरिजिनल गीत का पुरस्कार जीता।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक शिव कुमार ने नाहरगढ़ प्रिंटिंग प्रेस आर जेड, 32, कश्मीरी कॉलोनी, खैरा विलेज, नजफगढ़, नई दिल्ली 110043 से मुद्रित कर कार्यालय सी 1677, टोडरमल कॉलोनी, मेन थाना रोड, नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित
RNI NO. DELHIN/2009/28409, संपर्क- 9871096636, Email:Nazafgarhmetronews@gmail.com / समाचार पत्र सामग्री या विज्ञापन से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे ।